✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना में नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 33 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 29 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवचयनित 21,391 सिपाहियों को दिया नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजधानी पटना के बापू सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 21,391 नवचयनित सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि पुलिस में खाली पड़े सभी पदों को भरा जायेगा। अब बिहार पुलिस में 2 लाख 29 हजार लोग होंगे। जरूरत पड़ी तो और ज्यादा लोगों को बहाल किया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भरे मंच से डीजीपी को खड़ा करा कर कहा कि बताइए..खाली पड़े पदों पर जल्दी बहाली करेंगे न? उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इस काम को पूरा करिए। मंच पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी और मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा सहित तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान लालू-राबड़ी राज पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले क्या स्थिति थी? कुछ भी था पहले, हमलोग तो यहां 24 नबंवर 2005 में आए थे। उसके पहले तो यहां दूसरों का राज था। जब हम लोग आए तो जो भी काम था किए। उस समय तय था कि पुलिस बल में पुलिसकर्मियों की संख्या 51 हजार होगी, लेकिन तब बिहार पुलिस में केवल 42 हजार पुलिसकर्मी थे। लेकिन जब हम आए तो बोले कि इतने कम पुलिसकर्मी क्यों हैं? हमलोगों ने कहा कि इसकी संख्या बढ़ानी होगी। पुलिस की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने 2006 से पुलिसबल की संख्या बढ़ा दी। 2013 में महिलाओं के लिए भी आरक्षण बढ़ाए। बिहार पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस में जितनी महिलाएं हैं उतनी महिलाएं देश के किसी राज्य में नहीं हैं। हमलोग के आने के बाद पुलिस की संख्या 1 लाख 10 हजार हो गई तो हमने एक बैठक में कहा कि ये ठीक है। पहले 42, 481 था अब हो गई है 1 लाख 10 हजार तो इसको और बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हमने 2 साल पहले ही कहा था कि अब पुलिस में संख्या होनी चाहिए 2 लाख 29 हजार। ये लोग अब काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 21 हजार सिपाहियों की बहाली पूरी हो गई है। इसके अलावे जो हैं उनका भी हो जाएगा।

# नीतीश कुमार ही होंगे बिहार के अगले मुख्यमंत्री : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के सीएम फ़ेस पर जारी चर्चा के बीच डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जब साल 2000 में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के 34 विधायक तब भी वो ही मुख्यमंत्री थे और फिर 2020 में जब 43 विधायक हैं, तब भी नीतीश ही सीएम हैं। इसलिए आगे भी नीतीश कुमार ही हमारे मुख्यमंत्री होंगे। ये बात उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बिहार में बीजेपी के पास कोई सीएम फ़ेस होने के सवाल के जवाब में कही। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लोकतंत्र में हर पार्टी का योगदान रहा है। नीतीश कुमार बिहार की धरोहर हैं। जब मैं विरोधी दल का नेता था, तब भी नीतीश कुमार को असेट मानता था, और आज भी मानता हूं। उन्होंने बिहार के लिए काम किया है। बिहार में आज की तारीख में जो सड़कें हैं, बापू टावर, और बापू सभागार है, ये सब नीतीश मॉडल है। बिहार में सुशासन लाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। वहीं तेजस्वी यादव के नीतीश कुमार को बोझा बताने वाले बयान पर डिप्टी सीएम ने कहा कि जो भी विपक्ष में होता है, उसे सीएम और पीएम बोझा ही लगते हैं। राहुल गांधी को मोदी जी बोझा लग रहे हैं, तेजस्वी यादव को नीतीश कुमार बोझा लग रहे हैं। क्योंकि ये लोग सत्ता में नहीं बैठ पा रहे हैं। इन्हें सत्ता की हिस्सेदारी चाहिए। ये लोकतंत्र हैं, जनता जिसे जिताएगी वो मुख्यमंत्री होगा। इस दौरान लालू यादव पर हमला बोलते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू का सामाजिक न्याय का मॉडल असल में परिवारवाद को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही गांव के बगल में स्थित बहियार में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रचियाही के रहने वाले विमल पासवान के पुत्र रूपेश कुमार उर्फ टिप्पू के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंघौल थाना की पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### रिटायर्ड सैनिक की पीट-पीटकर हत्या

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नैनी उत्तर टोला गांव में शुक्रवार देर रात एक रिटायर्ड सैनिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान महेश प्रसाद राय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद गांव में खेती-बाड़ी कर जीवन यापन कर रहे थे। हत्या का कारण बीते 20 वर्षों से चला आ रहा जमीनी विवाद बताया जा रहा है।

### पेड़ से लटका मिला कारोबारी का शव

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** उजियारपुर थाना क्षेत्र में ट्रंक कारोबारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। एनएच-28 के किनारे गमछे के सहारे पेड़ से लटका हुआ शव मिला है। पत्नी ने जेठ और देवर पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सैदपुर जाहिद गांव निवासी उपेंद्र शाह के तौर पर हुई है। मृतक की पत्नी सीमा देवी ने बताया कि उसके पति की हत्या जेठ और देवर ने मिलकर की है। हत्या का खुद्कुशी बताने के लिए पेड़ से शव लटका दिया है।

### मिट्टी के ढेर में दबा बच्चा, मौत

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत हथिया गांव में शनिवार दोपहर मिट्टी के ढेर में दबने से 14 साल के बालक की मौत हो गई। हादसे में 12 साल का दूसरा बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ, जब बारिश के पानी की निकासी के लिए खोदे गए नाले के पास मिट्टी का बड़ा ढेर अचानक ढह गया। मृतक की पहचान हथिया गांव निवासी राधेश्याम कुमार उर्फ कल्लू के रूप में हुई है।

### शिक्षक की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** नेमदारगंज थाना क्षेत्र के जसौली गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बीपीएससी शिक्षक की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे दूसरे शिक्षक के घायल होने की सूचना है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के छतियर गांव निवासी मथुरा पांडेय का बेटा गणेश पांडेय (26) के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार, 2 महीने पहले टीआरइ-3 में गणेश पांडेय की बहाली शिक्षक के रूप में हुई थी। उसकी पहली पोस्टिंग रजौली के उच्च विद्यालय चितरकोली में हुई।

## वज्रपात से दो लोगों की मौत, मंदिर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच वज्रपात की कई घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी बीच गुरारू प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, आमस प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से मंदिर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही मंदिर के पास रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरारू प्रखंड के भदुकी गांव के पास हुए वज्रपात की चपेट में आने से दौलता गांव के रहने वाले दिनेश यादव की मौत हो गई है। दिनेश यादव औरंगाबाद के रफीगंज से लौट रहे थे। इसी बीच वे वज्रपात की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, गुरारू प्रखंड के पांडे पोखर गांव में बधार में मवेशी चरा रहा 14 वर्षीय नाबालिग भी वज्रपात की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान रमेश मांझी के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा आमस प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से मंदिर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही मंदिर के आसपास रही एक बच्ची और एक महिला घायल हो गई है। घायल बच्ची की पहचान सुहाना परवीन और जयमाला देवी के रूप में हुई है।

# रेल मंत्री ने पुरुलिया से हावड़ा के लिए मेमू ट्रेन को दिखायी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता।** भारतीय रेलवे द्वारा क्षेत्रीय रेल संपर्क और स्टेशन आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांता मजूमदार, बिष्णुपुर के सांसद सौमित्र खान, हावड़ा के सांसद प्रसून बनर्जी, रेलवे के अधिकारीगण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। अपनी यात्रा के दौरान रेल मंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सांतरागाछी स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य स्टेशन को एक आधुनिक और विश्वस्तरीय ट्रांजिट हब में परिवर्तित करना है। निरीक्षण के उपरांत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन संख्या 08121 पुरुलिया से हावड़ा तक मेमू सेवा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। यह सेवा क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करती है। इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि यह मेमू सेवा न केवल एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क को पुनर्जीवित करती है बल्कि ऐतिहासिक बांकुड़ा-दामोदर रेलवे की भावना को भी पुनर्जीवित करती है। पुरुलिया, बांकुड़ा और हावड़ा के लोगों को अब अधिक स्वच्छ, तेज़ और सुलभ रेल सेवा का लाभ मिलेगा जो हम सबके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता ने नए भारतीय रेलवे की नींव रखी है। इस सपने को साकार करने के लिए रेलवे परिवार के 12 लाख सदस्य पूरे समर्पण से कार्य कर रहे हैं। जहां कभी अधूरे कामों की लम्बी सूची थी, आज वहां तेज़ी से प्रगति दिखाई दे रही है। केवल पश्चिम बंगाल में ही 101 स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीव्र गति से कार्य जारी है। यह केवल विकास नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे का एक नया प्रारूप तैयार हो रहा है। एक ऐसा युग जिसमें 50-60 साल पुराने स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। आज का यात्री गुणवत्ता चाहता है, बेहतर अनुभव चाहता है, और यही हम प्रदान कर रहे हैं।

## छत गिरने से मासूम की मौत, पति-पत्नी घायल

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के चांद थाना अंतर्गत पवरा गांव में शनिवार सुबह एक पक्का मकान का छत अचानक गिर गया। इस हादसे में पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। वहीं इस घटना में पारस बिंद और उनकी पत्नी उषा देवी भी घायल हो गए। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि परिवार रात में खाना खाकर सो रहा था तभी अचानक छत गिरने से सभी मलबे में दब गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने सभी को चांद अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पति-पत्नी को बेहतर इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उषा देवी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया है। मृतक के दादा मोहन बिंद और पिता पारस बिंद ने बताया कि आज सुबह अचानक छत के गिर जाने से यह हादसा हुआ। चांद थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पवरा गांव में आज सुबह 4:00 बजे मकान का छज्जा गिरा है जिससे उसके नीचे दब कर पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# 26 जिलों की 42 नगरपालिकाओं में निकाय चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नगरपालिका आम उप निर्वाचन 2025 का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने बताया कि मतदान सुबह 7:00 बजे से शुरू हुआ जो शाम के 05:00 बजे तक हुआ। कुल 26 जिलों में वार्ड पार्षद एवं मुख्य पार्षद पदों के लिए हुए इन चुनावों में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। हालांकि इस चुनाव में महिलाओं की भागीदारी कम रही। इन चुनाव के लिए कुल 489 मतदान केंद्र बनाये गए थे, जहां कुल 3,74,803 मतदाता पंजीकृत थे। उनमें 1,94,522 पुरुष, 1,80,269 महिला और 12 अन्य लिंग के मतदाता शामिल हुए थे। शाम तक चले मतदान में 62.41 फीसदी मतदान हुआ, जिसमें पुरुषों का मतदान 63.86 फीसदी और महिलाओं का 60.80 फीसदी मतदान हुआ। पटना उच्च न्यायालय के आदेश के कारण 06 नगरपालिकाओं में 148 रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराया जाना था लेकिन 36 नगरपालिकाओं के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने बताया कि इस बार चुनाव प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस बार ई-वोटिंग का शुभारंभ किया गया। बिहार में 51,000 से अधिक मतदाताओं ने ई-वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया। इसका फायदा यह हुआ है कि जो मतदाता दूसरे शहरों या विदेशों में रह रहे हैं वे लोग भी इस चुनाव में शामिल हो सके। इसके लिए चुनाव आयोग ने नियंत्रण कक्ष एवं निगरानी की व्यवस्था की गई चुनाव संबंधी जानकारी देने और शिकायतों का निवारण करने के लिए एक केंद्रीय चुनाव नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। एक टोल फ्री नंबर 1800-3457-243 भी जारी किया गया था ताकि नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सके। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. दीपक प्रसाद ने बताया कि मतगणना 30 जून को सुबह 8:00 बजे से प्रत्येक नगरपालिका में निर्धारित मतगणना केंद्रों पर शुरू होगी। ईवीएम के सुरक्षित भंडारण और मतगणना प्रक्रिया के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है।

## पहली बार सहरसा के रास्ते चलेगी भारत गौरव पर्यटन ट्रेन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रेलवे की आईआरसीटीसी पहली बार समस्तीपुर रेलवे मंडल के सहरसा, निर्मली झंझारपुर के रास्ते भारत गौरव पर्यटन ट्रेन चलाने जा रही है। ट्रेन 14 अगस्त को रेलवे मंडल के सहरसा स्टेशन से खुलेगी। इस ट्रेन से यात्री हैदराबाद के मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग समेत कई प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे। ये ट्रेन भारत सरकार की 'देखो अपना देश, एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी राष्ट्रीय योजनाओं के अंतर्गत चलाई जा रही है। ट्रेन चलाने के उद्देश्य भारत के विभिन्न भागों में पर्यटन को प्रोत्साहित करना एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूती देना है। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने समस्तीपुर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस ट्रेन से यात्री 12 रात और 13 दिनों की यात्रा कर सकेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 14 अगस्त को यह ट्रेन सहरसा से खुलेगी और निर्मली, झंझारपुर दरभंगा होते हुए समस्तीपुर पहुंचेगी।






# पारंपरिक बागवानी को संरक्षित व प्रोत्साहित करने की जरूरत : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित आम महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा और मंत्री विजय चौधरी सहित कई मंत्री मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मौके पर बिहार की पारंपरिक बागवानी को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की जरूरत पर जोर दिया। यह आयोजन 29 जून तक चलेगा। इस साल महोत्सव का थीम पुराने बागों का जीर्णोद्धार, भावी पीढ़ियों का उपहार रखा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महोत्सव में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और आम की किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों और अधिकारियों से बातचीत कर आम उत्पादन को लेकर भी रुचि दिखाई। वहीं जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम से बाहर निकले तो उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत कर उनसे भी आम महोत्सव का भ्रमण करने के लिए कहा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य की पारंपरिक आम की किस्मों और बागवानी को बढ़ावा देना है। सभी उम्र के आमप्रेमियों के लिए यह महोत्सव सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक निःशुल्क खुला रहेगा। आयोजन स्थल पर बिहार की विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी, बागवानी तकनीक, आम से बने उत्पाद और सांस्कृतिक गतिविधियां देखने को मिलेंगी। वहीं, बच्चों के मनोरंजन और भागीदारी के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं। 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए 'आम खाओ और इनाम पाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें सबसे तेज दो आम खाने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। साथ ही, 4 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। बिहार के आम उत्पादक किसानों के लिए भी यह आयोजन एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। उन्हें सात अलग-अलग श्रेणियों में अपनी उपज को प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। इसमें शुरुआती, मध्यकालीन और देर से पकने वाली किस्में, हाइब्रिड, बीजू आम, संरक्षित उत्पाद (जैसे अचार, प्यूरी) और ग्राफ्टिंग तकनीक के नमूने शामिल हैं। हर श्रेणी के विजेताओं को नकद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह महोत्सव न केवल आम के स्वाद का उत्सव है, बल्कि यह एक ऐसी पहल है जो पारंपरिक खेती को बचाने, किसानों को नई तकनीक से जोड़ने और नई पीढ़ी को जैव विविधता की महत्ता से परिचित कराने का माध्यम बनेगा। महोत्सव में बिहार के विभिन्न जिलों से लाए गए देशी और विशिष्ट किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां आम की कई किस्में जैसे लंगड़ा, बम्बइया, जर्दालू, मालदह समेत अन्य प्रजातियों को स्टालों पर प्रदर्शित किया गया है।

# राघोपुर के विकास के लिए सरकार ने कमिटी का किया गठन : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह के एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर को पुल की सौगात देने के बाद राघोपुर के विकास के लिए एक और बड़ी घोषणा कर बड़ा दांव खेल दिया है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि राघोपुर के विकास के लिए सरकार ने एक कमिटी गठित की है जो इस इलाके का अध्ययन कर विकास की संभावनाओं की सभी पहलुओं पर कार्य योजना तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि न्याय के साथ विकास का जो वादा उन्होंने बिहार की जनता से किया है उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि आप जानते हैं कि 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस पुल के लोकार्पण होने से सुगम आवागमन के साथ-साथ राघोपुर दियारा इलाके में सामाजिक, आर्थिक और पर्यटकीय गतिविधियां सुदृढ़ होंगी। निवेश के नए रास्ते बनेंगे जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे राघोपुर दियारा तथा उसके पूर्वी एवं पश्चिमी इलाके में विकास की असीम संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। इस परिप्रेक्ष्य में इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए सड़कों के और अधिक निर्माण के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी निर्माण करना होगा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है कि इसे ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा एक कमिटी गठित की गई है जो क्षेत्र का स्थल अध्ययन कर सुनियोजित विकास की संभावनाओं के सभी पहलुओं का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार करेगी। हमारा प्रयास है कि न्याय के साथ विकास का लाभ प्रदेश के हर क्षेत्र और तबके को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से मिले क्योंकि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है।

## अचानक मतदाता सूची में पुनरीक्षण की क्या जरूरत पड़ गई : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनावी वर्ष में वोटर लिस्ट के नए सिरे से पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए गरीबों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है।

## पटना में बंद पड़ी नल-जल योजनाएं की गई चिन्हित, जल्द होंगी कार्यरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के विभिन्न पंचायतों में 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना की प्रगति की जिलाधिकारी की तरफ से की गई समीक्षा के पश्चात लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी की समीक्षा कर दौरान 581 योजनाओं को बंद पायी गयी थी। विभाग ने बंद पड़ी योजनाओं की शुक्रवार को जब जांच कराई, तो पाया कि वास्तविक तौर पर 581 में 231 योजनाएं फिलहाल अकार्यरत हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने अपने प्रमंडलीय पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी योजनाओं को चालू करा कर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से सभी बंद पड़े योजनाओं का क्रियाशीलता प्रतिवेदन अगले दो से तीन दिनों में उपलब्ध कराये। विभाग के कनीय अभियंताओं से शुक्रवार को इन योजनाओं की कराई गई आरंभिक जांच में पाया गया कि पटना जिले में कुल 53 योजनाएं ऐसी हैं जो पहले से छूटे हुए टोलों में शामिल हैं। इसे शुरू करने के लिए विभाग के स्तर से टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पटना पूर्वी और पटना पश्चिम के कार्यपालक अभियंताओं ने बताया कि जांच में यह भी पाया गया है कि बन्द पड़ी योजनाओं में कुल 79 योजनाएं ऐसी हैं जिन्हें शुरू करने में वृहद पैमाने पर कार्य कराने की आवश्यकता है। ऐसी योजनाओं को अगले दो सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा जबकि मोटर जलने, बिजली कनेक्शन के अभाव जैसी छोटी समस्याओं वाली कुल 100 योजनाओं को अगले 48 घंटे में दुरुस्त कर उन्हें शुरू किया जाएगा।

# बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू

- 77,000 से अधिक बीएलओ मैदान में, 1.5 लाख बीएलए कर रहे सहयोग
- 5.74 करोड़ मोबाइल धारकों को भेजा जा रहा एसएमएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया संविधान सम्मत प्रावधानों और व्यापक जनभागीदारी के साथ जोर-शोर से शुरू हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग की निगरानी में राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में यह कार्य एक व्यक्ति, एक मत की भावना के अनुरूप पारदर्शिता और समावेशिता के साथ किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल वही व्यक्ति मतदाता बनने का अधिकारी है जो भारतीय नागरिक हो, जिसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो और जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी हो। इसी आधार पर बिहार में प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि हेतु घर-घर सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

**बीएलओ और बीएलए की सक्रिय भागीदारी**



निर्वाचन आयोग के पास पहले से ही 77,895 बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) कार्यरत हैं और नए मतदान केंद्रों की आवश्यकता को देखते हुए लगभग 20,603 नए बीएलओ की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इनकी सहायता के लिए 1 लाख से अधिक स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है जो विशेष रूप से वृद्ध, बीमार, दिव्यांगजन, निर्धन और अन्य कमजोर वर्गों के मतदाताओं की सहायता करेंगे। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और प्रांतीय राजनीतिक दलों ने अब तक 1,54,977 बूथ स्तर अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त किए हैं जो बीएलओ के साथ मिलकर सत्यापन कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

**गणना प्रपत्रों का वितरण और मोबाइल पर एसएमएस**

राज्य के मौजूदा 7,89,69,844 मतदाताओं के लिए नए गणना प्रपत्र की छपाई और घर-घर वितरण प्रारंभ हो चुका है। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी यह फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इनमें से 4.96 करोड़ मतदाता जो वर्ष 2003 के अंतिम गहन पुनरीक्षण में सूचीबद्ध थे उन्हें केवल अपनी जानकारी की पुष्टि करनी है और फॉर्म भरकर जमा करना है। जनजागरूकता और सूचना के प्रसार के लिए 5.74 करोड़ पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं जिनमें नागरिकों से मतदाता सूची अद्यतन में सक्रिय भागीदारी की अपील की जा रही है।

**प्रशासनिक सतर्कता और निगरानी**

बिहार के सभी संभागीय आयुक्त और जिलाधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ को पूर्णकालिक तैनाती दे रहे हैं। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि यह पुनरीक्षण केवल नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की आधारशिला है। राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और आम मतदाताओं की सहभागिता से यह प्रक्रिया और भी मजबूत बन रही है।

# पश्चिम बंगाल में निर्ममता से चल रही है ममता दीदी की सरकार : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल अगस्त में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टर बेटी से हैवानियत के बाद अब साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म से यह स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी की सरकार 'निर्ममता' से चल रही है। 'भद्रो जन' के इस प्रदेश में सरकार की तुष्टिकरण नीति के



कारण गुंडों, मवालियों और लंपटों की जमात बेलगाम हो गई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेप मामले में पकड़े गए मुख्य आरोपी व उसके अन्य दोनों सहयोगियों का सीधा जुड़ाव सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस से है। इससे यह भी साफ है कि पश्चिम बंगाल के बलात्कारियों व अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। शादी से इनकार करने पर जिस लड़की के साथ दु:साहसपूर्ण दरिंदगी लॉ कॉलेज के गार्ड रूम में की गई उससे पश्चिम बंगाल की बेशर्म सरकार के लॉ एंड आर्डर की खस्ताहाली की कलई भी खुलती है। पश्चिम बंगाल में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, मगर वहां की सरकार आंख मुंदी हुई है। इस तरह की हर शर्मनाक घटना के बाद केवल कार्रवाई का दिखावा कर असली अपराधियों को बचाने में सरकार लगी रहती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ममता सरकार का अंत अब निकट है। प्रदेश की बदहाली अपनी चरम पर है। कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमराई हुई है। 2026 में पश्चिम बंगाल की जनता ने इस निर्मम सरकार की विदाई का मन बना लिया है।

## गांधी मैदान में हो रही रैली का शरीयत से कोई लेना-देना नहीं : मौलाना अरशद मोहसिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के गांधी मैदान में 29 जून को होने वाले वक्फ कांफ्रेंस के ठीक एक दिन पहले शनिवार को पटना में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मरकज ए खुद्दाम ए शरीयत संगठन का सेवक बताते हुए मौलाना अरशद मोहसिन ने कहा कि वक्फ बिल के खिलाफ कांफ्रेस या रैली करना किसी भी मायने में सही नहीं है। उन्होंने अपने साथ लाए कुरान शरीफ का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा ईमान इसी कुरान पर है, हम कुरान पर यकीन करते हैं। हम शरीयत पर यकीन करते हैं। इसमें कहीं भी यह नहीं लिखा है कि हम किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरें या रैली करें। उन्होंने आगे कहा कि हमारे नबी (सल्ल) ने कभी किसी कानून का विरोध नहीं किया। न ही हमारे साथियों ने किसी कानून के खिलाफ कोई रैली की।

# बिहार में सरकारी नौकरियों की बहार, युवाओं के रोजगार के सपने लगातार हो रहे साकार

## सिर्फ 5 साल में 50 लाख युवाओं को नौकरी, रोजगार देने का बनेगा रिकॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में युवाओं को लगातार सरकारी नौकरी और रोजगार दिया जा रहा है। यूं कहें कि नौकरी और रोजगार देने के मामले में बिहार लगातार इतिहास रच रहा है। वर्ष 2020 से लेकर अब तक 9 लाख 60 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। इसमें से 10 से ज्यादा बार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन कर खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने हाथों से विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस कड़ी में शानिवार को 21,391 युवक-युवतियों को पुलिस की नौकरी मिली है। इसके अलावा अलग-अलग विभागों में करीब 2 लाख पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही बिहार में 24 लाख लोगों को अलग-अलग सेक्टर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। इसमें से सबसे ज्यादा रोजगार उद्योग के क्षेत्र में युवाओं को मिला है। बिहार के अलग-अलग जिलों में कई औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं जहां छोटी-बड़ी कंपनियां अपनी इकाई स्थापित कर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दे रही हैं। इसमें से सबसे ज्यादा रोजगार मुजफ्फरपुर के बेला इंडस्ट्रियल एरिया, भोजपुर के गीधा और बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध हुए हैं। इसके अलावे मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 40 हजार से ज्यादा उद्यमियों ने अपना खुद का कारोबार शुरू किया है। साथ ही इन इकाइयों में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर बड़ी संख्या में महिलाएं भी स्वरोजगार से जुड़ी हैं और आस-पास के लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी और रोजगार देकर नीतीश सरकार ने पूरे देश में नजीर पेश किया है। बिहार में सिर्फ 5 साल में 50 लाख युवाओं को नौकरी/रोजगार देने का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

**मुख्यमंत्री ने 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का किया था वादा**

वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 7 निश्चय 2 के तहत 10 लाख युवाओं को नौकरी और 10 लाख को रोजगार देने का वादा किया था। इस बढ़ाकर अब 12 लाख नौकरी एवं 38 लाख रोजगार कर दिया गया है। नीतीश सरकार लोगों को नौकरी एवं रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर मिशन मोड में लगातार काम कर ही है। इसका परिणाम है कि अब तक विभिन्न विभागों में 9 लाख 60 हजार से अधिक बहाली हो चुकी है, शेष की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही 10 लाख की जगह अब तक 24 लाख लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जा चुकी है। इस वर्ष चुनाव से पहले तक 38 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा।

# मछली पालकों को सरकार दे रही है आर्थिक सहायता, तुरंत करें आवेदन

## विगत तीन वर्षों में मछली पालकों को 298.46 करोड़ रूपये का मिला अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए मछली पालकों को सहायता दे रही है जिसकी बदौलत राज्य को मछली के उत्पादन में आत्मनिर्भरता मिली है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अन्तर्गत मत्स्य निदेशालय ने मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसका लाभ उठाने के लिए मछली पालकों के पास 31 अगस्त तक का समय है। इस तिथि तक आवेदन करने वाले आवेदक योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना के तहत मछली पालकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में पांच प्रमुख श्रेणियां शामिल है। सभी श्रेणी में इकाई लागत का 50 से 70 फीसदी तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है जहां सामान्य वर्ग के मछली पालकों को 50 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है।

इस योजनान्तर्गत राज्य को मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ मत्स्य बीज उत्पादन में भी आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के सभी जिलों में की जा रही है। इस योजना के जरिए विगत तीन वर्षों में मछली पालकों को 298.46 करोड़ रूपये का अनुदान दिया जा चुका है जिसका लाभ उठाकर राज्य के मछली पालक आत्मनिर्भर हुए हैं। मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यिकी विकास योजना के तहत जिन पांच श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है उसमें पहली श्रेणी उन्नत मत्स्य उत्पादन की है जिसका लाभ लेने के लिए 0.5 एकड़ वाली प्रति इकाई लागत एक लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वहीं दूसरी श्रेणी ट्यूबवेल तथा पम्प सेट अधिष्ठापन की है, इसके लिए 1.2 लाख रूपये की इकाई लागत पर 50-60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी तालाब मत्स्यिकी के लिए यांत्रिक एरेटर लगाने पर प्रति इकाई लागत 50 हजार रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय होगा। चौथी श्रेणी कार्प हैचरी इनपुट सहायता की है, इसमें इकाई की लागत 8.00 लाख रूपये का 50-70 प्रतिशत अनुदान देय है। वही पांचवीं श्रेणी मत्स्य बीज हैचरी का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन की है जिसमें इकाई लागत 5.00 लाख रूपये होने पर 50-70 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो चुकी है, और सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक पर आवेदन कर सकते हैं।

# महिलाओं में बढ़ते एंडोमेट्रियल कैंसर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के तत्वावधान में महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे एंडोमेट्रियल कैंसर को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समय पर जांच, लक्षणों की पहचान और आधुनिक इलाज के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. श्वेता राय ने बताया कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समय रहते सतर्कता बरतने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जयप्रभा मेदांता के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शंकर सिंह



ने भी इस तरह के शैक्षणिक एवं सामाजिक प्रयासों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बिहार और झारखंड की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें डॉ. शांति राय, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. मीना सावंत, डॉ. जे. के. सिंह एवं डॉ. मंजु गीता मिश्रा जैसे वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। वक्ता दल ने एंडोमेट्रियल कैंसर के शुरुआती लक्षण जैसे मासिक धर्म के बाद रक्तस्राव, पेट के निचले हिस्से में लगातार दर्द, थकावट आदि के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि शुरुआती चरण में पहचान होने पर आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, कीमोथेरेपी एवं रेडिएशन से इसका प्रभावी इलाज संभव है।

# बिहार की जनता लालू-राबड़ी शासनकाल को दोबारा नहीं देखना चाहती : चिराग पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोजपा (रा) प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की जनता से बीस महीने के लिए सत्ता की बागडोर सौंपने की राजद नेता तेजस्वी यादव की मांग पर पलटवार किया है। दिल्ली से पटना पहुंचे चिराग पासवान ने शनिवार को कहा कि बिहार की जनता ने उनके माता- पिता के 15 साल के शासन को देखा है। इसलिए वह कभी वैसा दिन दोबारा देखना नहीं चाहती है। वहीं, मतदाता सूची पुनरीक्षण का विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध पर उन्होंने कहा कि वह लोग हार से डरे हुए हैं। चिराग पासवान ने कहा कि वह जान गए हैं कि फिर से हार मिलने जा रही है। ऐसे में बार-बार इवीएम का विरोध नहीं कर सकते हैं। ऐसे में अब दूसरा बहाना होना चाहिए। उन्हें यह पता नहीं है कि कितने फॉर्म हैं क्योंकि इस पार्टी को पढ़ाई लिखाई से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जो सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया है और चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को पूरा कर रहा है। यह जानना जरूरी है वोटर लिस्ट में किसका कहां नाम है, अगर कोई व्यक्ति नहीं है तो उसका नाम हटाना चाहिए जो व्यक्ति है, उसका नाम जुड़ना चाहिए।

# हेलीकॉप्टर बाबा ने बनाई 'विकास वंचित इंसान पार्टी'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व आज पटना में नयी राजनितिक पार्टी की घोषणा की गयी जिसका नाम-विकास वंचित इंसान पार्टी है। पटना के होटल मौर्या में आयोजित प्रेस वार्ता में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद उर्फ हेलीकॉप्टर बाबा ने पार्टी के गठन की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पार्टी शोषितों, पीड़ितों, दलितों, महादलितों, अत्यंत पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उत्थान के लिए समर्पित रहेगी। श्री निषाद ने कहा कि पार्टी में सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खासकर निषाद समाज




की सभी उपजातियों को एक सूत्र में बांधकर उनके वाजिब हक और अधिकार दिलाने की दिशा में पार्टी काम करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं को नेतृत्व में अहम भूमिका दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास वंचित इंसान पार्टी का गठन किसी व्यक्ति विशेष या सत्ता की लालसा के लिए नहीं, बल्कि समाज के उन तबकों की आवाज बनने के लिए किया गया है जिन्हें अब तक सिर्फ वोट बैंक समझा गया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज समेत दलित, अत्यंत पिछड़ा, अल्पसंख्यक और वंचित समुदायों के लोगों को उनका हक दिलाना ही पार्टी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी बिहार से शुरू होकर पूरे देश में समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को जोड़ने का काम करेगी। यह सिर्फ एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की मुहिम है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और सभी वर्गों से इस आंदोलन से जुड़ने की अपील की।

# पटना में स्पिनगो ने शुरू की सेल्फ-ड्राइव कार रेंटल सेवा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के लोगों के लिए स्मार्ट ट्रैवल का नया विकल्प सामने आया है। देश की उभरती हुई ट्रांसपोर्ट स्टार्टअप कंपनी स्पिनगो ने पटना में अपनी सेल्फ-ड्राइव कार रेंटल सेवा की शुरुआत कर दी। अब शहरवासी अपनी पसंद की कार को कुछ घंटों, दिनों या हफ्तों के लिए किराए पर लेकर खुद चला सकते हैं वह भी पूरी तरह ड्राइवर-फ्री और झंझट मुक्त तरीके से। स्पिनगो की यह सेवा उन लोगों के लिए खास है जो वीकेंड ट्रिप, पारिवारिक कार्यक्रम, ऑफिस मीटिंग या फिर निजी कामों के लिए एक सुविधाजनक, किफायती और आधुनिक परिवहन विकल्प की तलाश में हैं। कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कार बुक की जा सकती है। संपूर्ण बुकिंग प्रक्रिया ऑनलाइन है। ग्राहक को केवल ड्राइविंग लाइसेंस और एक वैध सरकारी पहचान पत्र अपलोड करना होता है जिसके बाद वेरिफिकेशन कर तुरंत कार उपलब्ध करा दी जाती है।

# अपर समाहर्ता कार्यालयों की रैंकिंग जारी, बांका प्रथम स्थान पर

## राजस्व न्यायालयों में नियमित सुनवाई से आमजनों के कार्यों को मिल रही गति : मंत्री संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी अपर समाहर्ता (एडीएम) राजस्व कार्यालयों की मई महीने की रैंकिंग जारी कर दी है। इस महीने बांका एडीएम कार्यालय ने प्रथम स्थान बरकरार रखा है। वहीं, शेखपुरा दूसरे, मधुबनी तीसरे और जहानाबाद चौथे स्थान पर कायम है।

औरंगाबाद एक पायदान उछलकर छठे से पांचवें तो नालंदा एक पायदान खिसककर पांचवें से छठे स्थान पर पहुंच गया है। कैमूर सातवें और सीतामढ़ी आठवें स्थान पर बरकरार है। दरभंगा इस माह 10वें से नौवें स्थान पर आ गया है। अरवल ने 13वें स्थान से छलांग लगाकर टॉप 10 में जगह बना ली है और 10वें स्थान पर है। वहीं, किशनगंज इस बार नौवें स्थान से खिसककर 20वें स्थान पर चला गया है। राजस्व संबंधित कार्यों के निपटारे में पूर्णिया अपर समाहर्ता (राजस्व) कार्यालय 11वें और मधेपुरा 12वें स्थान पर स्थिर है। नवादा 15वें से 13वें, पूर्वी चंपारण 14वें से 15वें स्थान पर आ गया है। खगड़िया 19वें स्थान से 16वें, मुंगेर 21वें से 17वें, बक्सर 22वें से 18वें और मुजफ्फरपुर 24वें से 19वें स्थान पर आ गया है।

**रैंकिंग का आधार**

दाखिल-खारिज के पर्यवेक्षण पर 15, परिमार्जन प्लस के पर्यवेक्षण पर 15, अंचल कार्यालयों के निरीक्षण पर 10, अभियान बसेरा 2 पर 15, दाखिल-खारिज रिविजन पर 20, आधार सीडिंग स्टेटस पर 5, जमाबंदी कैंसिलेशन पर 15 और ऑनलाइन हियरिंग पर 5 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि सभी कार्यालयों की रैंकिंग राजस्व कार्यों के आधार पर की जा रही है। इसमें एडीएम की तरफ से किये अंचल कार्यालयों के निरीक्षण को भी शामिल किया गया है। साथ ही एडीएम राजस्व न्यायालय में ऑनलाइन विवादों की सुनवाई के आधार पर भी अंक प्रदान किए जा रहे हैं। राजस्व न्यायालयों में समयबद्ध सुनवाई से इससे आमजनों के कार्यों को गति मिलने लगी है।

# आईआईटी पटना में बनेगा फायर टेस्टिंग और ट्रेनिंग सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भवन निर्माण विभाग और आईआईटी पटना के बीच शनिवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुआ। इसमें यह तय हुआ कि 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फायर टेस्टिंग, ट्रेनिंग एवं रिसर्च लैबरेट्री' की स्थापना की जाएगी। यह केंद्र अग्नि सुरक्षा से जुड़ी जांच, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए समर्पित होगा। पटना स्थित सचिवालय के विभागीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एमओयू पर विभाग के मुख्य अभियंता (निरूपण) रेजा वारिस वारसी और आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी एन सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर विभागीय सचिव कुमार रवि ने कहा कि यह सरकारी भवनों को अग्नि से सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सेंटर के संचालन, प्रशिक्षण, उपकरणों के रख-रखाव आदि की जिम्मेदारी अगले पांच वर्षों तक भवन निर्माण विभाग उठाएगा जबकि आईआईटी पटना विशेषज्ञता, फैकल्टी सहयोग और अनुसंधान गतिविधियों में तकनीकी नेतृत्व प्रदान करेगा। यह केंद्र आईआईटी पटना परिसर में स्थापित होगा और इसकी अनुमानित लागत करीब 1736 लाख रुपये होगी। इसके लिए जरूरी संरचना भवन निर्माण विभाग तैयार करेगा और आईआईटी पटना मुफ्त में जमीन उपलब्ध कराएगा।

# कुदरा में 61 व मोहनियां में 57 प्रतिशत हुआ मतदान

## मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए मतदाताओं की लगी लंबी कतार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** जिले के मोहनियां व कुदरा नगर पंचायत के दो वार्ड पार्षद के शनिवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। कुदरा के वार्ड नम्बर आठ के लिए हुए चुनाव में 61 प्रतिशत तथा मोहनियां के वार्ड 15 के लिए हुए चुनाव में 57 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नगर निकाय के उप चुनाव में भी मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें महिला मतदाता की तादाद भी काफी दिखी। मतदान के लिए निर्धारित समय से ही मतदाता अपने-अपने मत के प्रयोग के लिए कतार में लगे थे। मतदान के प्रारंभ में मतदान की रफ्तार धीमी रही, लेकिन दो घंटे बाद मतदान केंद्र पर मतदाताओं की भीड़ जुटाने लगी। चुनाव कर्मी व प्रत्याशियों के एजेंट मतदाताओं के पहचान पत्र की काफी बारीकी से जांच कर रहे थे। कुदरा में कुल 978 मतदाताओं में 601 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के आखिरी समय में एक भी मतदाता केंद्र मतदान केंद्र पर मतदान के लिए नहीं बचे। काफी समय इंतजार के बाद चुनाव समाप्ति के समय मतदान कर्मियों द्वारा मतदान केंद्र का गेट बंद कर दिया। मतदान केंद्र के आसपास लोगों के भीड़ न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन की टीम मतदान केंद्र परिसर के गेट पर तैनात दिखी। मतदान निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन कराने के लिए अधिकारियों का आनाजाना लगा रहा है। मतदान के आसपास कोई भी व्यक्ति दिखता तो पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा उसे हटा दिया जाता था। अधिकारियों ने बताया कि नगर निकाय का मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष सम्पन हो गया।

# 51 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 51 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, एससीएसटी एक्ट, अपहरण, चोरी, हत्या, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। 274 लीटर देशी व 8 लीटर अंग्रेजी शराब व एक बाइक, एक देशी कट्टा, एक कारतूस, एक गैस सिलेंडर, गुड़, ड्राम जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण विभिन्न कांडों के चार आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 12 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के पसाई पंचायत के बिछिया गांव में शनिवार को अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति, जनजाति टोले में विशेष शिविर का आज अंतिम आयोजन किया गया। बी डब्लू ओ अखिलेश कुमार ने बताया कि विशेष शिविर के माध्यम से विद्यालय में बच्चों का नामांकन 13, आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकन 10, आयुष्मान कार्ड 12, कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन 3, मनरेगा जॉब कार्ड 10, जीविका में सदस्य 10, वही एएनएम निधि ने बताया कि लगभग 157 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस शिविर में सीडीपीओ सुरेंद्रमोहन गिलानी कृषि विभाग से अमन सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रमेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक जयप्रकाश सिंह यादव, जीविका बीपीएम अनिल कुमार चौबे, सभी आवास सहायक, विकास मित्र, रोजगार सेवक, विद्युत विभाग से कनीय अभियंता परमेश्वर कुमार, स्थानीय मुखिया, प्रखंड समन्वयक स्वच्छता रवि प्रकाश आदि के माध्यम से विशेष शिविर के तहत सामाजिक सुरक्षा, वृद्धा पेंशन, विकलांगता, मनरेगा, सामाजिक नाली निर्माण योजना, महिला सशक्ति करण, महिला समृद्धि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और संबंधित लाभार्थियों से आवेदन लिए गए।

# सोन नद के जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी

## 11553 क्यूसेक पानी सोन में छोड़ा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नद का जलस्तर में शनिवार शाम भी उतार चढ़ाव जारी है। इंद्रपुरी बराज पर 21567 क्यूसेक पानी पहुंच रहा था जिसमें से लेवल मेंटेन करने के बाद छह गेट खोलकर 11553 क्यूसेक पानी सोन नद में छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार सोन नद में पानी का जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी है। सुबह आठ बजे बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 17546 क्यूसेक पानी पहुंच रहा था। वही शाम को 21567 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। उत्तरप्रदेश के रिहंद जलाशय में आज 8603 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मध्य प्रदेश के बाणसागर ने आज पानी नहीं छोड़ा है। पश्चिमी संयोजक नहर में 7013 व पूर्वी संयोजक नहर में 3001 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग सेल की कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार सोन नद में पानी का उतार चढ़ाव जारी है। बरसात में सोन के जलस्तर में उतार चढ़ाव होते रहता है। बराज पर चौबीस घंटे अधिकारी निगरानी कर रहे हैं। पूर्वी व पश्चिमी नहरों में खरीफ फसलों के लिए पानी नहरों के अंतिम छोर पर आपूर्ति जारी है।

# हत्या के चार साल पुराने मामले में उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** दोस्त की गोली मारकर हत्या करने के चार साल पुराने मामले में कोर्ट ने सकरी गांव निवासी आलोक कुमार को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 60 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला कैमूर के एडिशनल सेशन जज तीन विनय प्रकाश तिवारी की अदालत ने सुनाया। आरोपी आलोक कुमार, पिता महंगू यादव, निवासी ग्राम सकरी, थाना-कुदरा, जिला-कैमूर को आईपीसी की धारा 302 व आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोषी पाया गया है। कोर्ट ने 302 में उम्रकैद व 50,000 का जुर्माना तथा आर्म्स एक्ट में 5 साल की सश्रम सजा और 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। 19 जून 2021 को राजेश कुमार सिंह, ग्राम सरैया, थाना-चेनारी, जिला-रोहतास निवासी ने कुदरा थाना में केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि उनका पुत्र विवेक कुमार अपने दोस्तों आलोक, सुनील कुमार और प्रिंस कुमार के साथ भभुआ में एक शादी समारोह में शामिल होकर रात 11 बजे के करीब सकरी लौटे थे। आलोक अपने घर की छत पर सुनील और विवेक को ले गया और वहीं सोने के बहाने विवेक को गोली मार दी। घटना के बाद विवेक को कुदरा पीएचसी और फिर भभुआ सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गोलीकांड में आत्मसमर्पण, एक को दबोचा

- शहर में दो जगहों पर अपराधियों ने चलाई थी गोली
- आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर हुई थी जांच टीम गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** शहर में तीन दिनों पूर्व हुई गोलीकांड मामले में एक आरोपी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया जबकि दूसरे गोलीकांड के एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर जांच टीम का गठन किया गया था। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार को शिक्षा विभाग के सामने सड़क पर अपराधियों ने अभिषेक गोड को गोली मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप में घायल हो गया। मामले में पुलिस ने शहर के कृष्णा उर्फ रॉकी व राजा कुमार दोनों पिता अजय रजक व अन्य तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। उसी दिन दूसरी घटना में अपराधियों ने एक दवा दुकान को लक्ष्य लेकर गोली चलाई। मामले में गठित टीम ने सीसीटीवी व अन्य स्त्रोतों से छानबीन शुरू की। पुलिस की दबिश से घटना के एक अभियुक्त कृष्णा उर्फ रॉकी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने चादोरुइया निवासी रजनीश कुमार सिंह उर्फ अविनाश उर्फ शालू पिता मनोज कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक बाइक व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है।

# भाकपा माले ने अनुमंडल कार्यालय पर दिया धरना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भाकपा माले एरिया कमेटी बिक्रमगंज के बैनर तले जन समस्याओं के निदान करने को लेकर अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना स्थल पर अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में एक सभा की गई जिसका संचालन हीरामन राम ने की। धरना पूर्व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया जो तेंदुनी चौक से चलकर आरा रोड होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंच सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के रोहतास जिला सचिव अशोक बैठा ने कहा कि बिहार में नीतिश सरकार पूरी तरह से कमीशन खोरी और घूसखोरी की गंगोत्री में डूबी हुई है। सभी निर्माण कार्यों में विभाग के मंत्री, अधिकारी एवं क्लर्क सभी मिलकर टोटल राशि के 65% रुपया खुलेआम कमीशन के रूप में खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला मलाइदार कुर्सी पद के लिए मोटी रकम लेकर कर रही है। फिर इन अधिकारियों को छूट देकर जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून की जगह गुंडा माफियाओं, भ्रष्टाचारियों एवं कमीशनखोरों का राज कायम हो गया है। मौके पर सुरेंद्र पासवान, सुभाष पासवान, सोनू कुमार, कामरेड मंटू कुमार, कामरेड अनिल बैठा, अनिल गुप्ता, सोनू पासवान, मनोज राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मुहर्रम जुलूस के बीच करंट से युवक की मौत

## लोगों ने सड़क पर आगजनी के साथ प्रशासन पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के रोहतास थाना अंतर्गत अकबरपुर में शुक्रवार को मुहर्रम जुलूस के बीच करंट से एक युवक की मौत के बाद लोगों ने सड़क पर आगजनी के साथ घंटों देर तक प्रशासन पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस बीच विद्युत विभाग द्वारा मृतक युवक के परिजनों को दी गई 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक। अनुमंडल अधिकारी नीलेश कुमार ने बताया कि मृत युवक के माता को प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री जमा खान द्वारा विद्युत विभाग द्वारा 4 लाख रुपये की मुआवजा के रूप में सहायता राशि का चेक दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच हेतु जांच कमिटी बनाई गई है। जांच कमिटी के रिपोर्ट आने के बाद इस घटना में शामिल दोषियों पर उचित कार्रवाई होगी जहां बिल्कुल शांति बनी हुई है जहां पुलिस चौकसी बरत रही है। रोहतास में 16 घंटे के बाद मंत्री के काफी पहल पर आक्रोशित लोगों को शांत कराकर जाम को हटाया गया। दरअसल रोहतास जिले के रोहतास थाना अंतर्गत अकबरपुर में पिछले दिनों मोहर्रम के बीच चांद जुलूस के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

युवक की मौत होते ही काफी आक्रोशित लोग हो गए और प्रशासन पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। उसके बाद सड़क पर आग जलाकर शव को 16 घंटे तक सड़क पर रखकर विभिन्न मांगों को लेकर रोहतास डिहरी मुख्य पथ को अकबरपुर में जाम कर दिया जहां सूचना पर पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, पूर्व मंत्री सह विधायक चेनारी मुरारी प्रसाद गौतम तथा वरिष्ठ समाजसेवी जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान के काफी पहल पर जाम को हटाया गया। इस दौरान रोहतास के डीएम उदिता सिंह पहल पर विद्युत विभाग रोहतास ने मृतक युवक के आश्रित को चार लाख मुआवजा मंत्री की मौजूदगी में दिया गया। 4 लाख मुआवजा देने की पुष्टि विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार ने किया है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने बताया कि सरकार पूरी तरह से सभी मामलों को लेकर संवेदनशील है। इस मामले में दोषी जो भी होगा उस पर हर हाल में कार्रवाई किया जाएगा।

# अमरेंद्र तिवारी के निधन से अधिवक्ताओं में शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सिविल कोर्ट के 58 वर्षीय अधिवक्ता अमरेंद्र तिवारी का निधन शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया। उनके निधन से यहां अधिवक्ताओं में शोक की लहर है। श्री तिवारी पिता विनोद तिवारी ग्राम सीओ थाना भभुआ जिला कैमूर के रहने वाले थे। अधिवक्ता संघ के महासचिव मंटू पांडेय ने बताया कि अधिवक्ता शनिवार को न्यायालय में काम काज किए। 11 बजे दिन में कचहरी से अपने घर वन विभाग के भभुआ के बगल में जा रहे थे, तभी जयप्रकाश चौक भभुआ के बगल में जगदंबा स्वीट्स के पास मीठा खरीदे और मोटरसाइकिल पर बैठकर घर जाने के लिए गाड़ी यूं ही चलाना चालू किया तभी उनको मोटरसाइकिल पर ही हार्ट अटैक कर गया। इस समय बगल के दुकानदार लोग उनको सदर अस्पताल भभुआ कैमूर ले जा रहे थे। सदर अस्पताल में पहुंचने के दौरान उनका निधन हो गया। जब सदर अस्पताल में अधिवक्ता गण पहुंचे तो डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया था। अधिवक्ता अमरेंद्र तिवारी के निधन की खबर सुनकर महासचिव मंटू पाण्डेय, अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, चंद्रकांत तिवारी, अंशु तिवारी, बलदाऊ सिंह, जयप्रकाश चौबे, आलोक कुमार राय, वीरेंद्र सिंह, ऋषभ कुमार मौर्य, दयाशंकर तिवारी, शशि भूषण पांडे पहुंचे थे। महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि अधिवक्ता अमरेंद्र तिवारी 1996 से सिविल कोर्ट भभुआ में वकालत करते थे। अधिवक्ता गण 30 जून 2025 को न्यायालय में कामकाज नहीं करेंगे। न्यायिक कार्य से विरारत रहेंगे। जिला अधिवक्ता संघ भवन में 30 जून 2025 को 9 बजे सुबह में शोक सभा का आयोजन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा ने राज्य के विकास और खुशहाली के नये द्वार खोल दिए : अमरेश चौधरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी प्रगति यात्रा ने राज्य के लिए विकास और खुशहाली के नए द्वार खोल दिए हैं। उक्त बातें बिहार राज्य नागरिक परिषद के सदस्य अमरेश चौधरी ने जिला जदयू कमिटी द्वारा सदस्य बनने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में सम्मानित होने के उपरांत 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सहभागिता को बढ़ाना, परियोजनाओं का मूल्यांकन करना और बुनियादी ढांचे का विकास करना है। इसे विकास के क्षेत्रों की पहचान करने और जनता की आवश्यकताओं को सीधे संबोधित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। विशेष तौर पर पर्यटन क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय शुरू किया है। दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच सभी 38 जिलों में फैली इस व्यापक राज्यव्यापी यात्रा ने विकास के लिए एक रणनीतिक खाका तैयार किया है जिसमें पर्यटन को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रगति यात्रा ने राज्य में पर्यटन के लिए नई संभावनाएं पैदा की हैं। उन्होंने जिले के जदयू के कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किया। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार कुशवाहा, महिला आयोग की सदस्य रजिया कामिल, जिला संगठन प्रभारी अशोक प्रजापति, बनारसी जी, संगीता सिंह, अलख निरंजन, मनोज सिंह, शिकंजय सिंह, गंगा बिंद, मनोज कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# कुशवाहा सभा भवन के संस्थापकों का स्मृति दिवस सह प्रीतिभोज संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कुशवाहा सभा भवन सासाराम के संस्थापकों का स्मृति दिवस सह प्रीतिभोज समारोह कुशवाहा सभा भवन के अध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह के अध्यक्ष एवं कुशवाहा सभा भवन के ट्रस्टी संरक्षक सत्यनारायण स्वामी के संचालन में कुशवाहा सभा भवन में हुआ। स्वतंत्रता सेनानी संस्थापकों का स्मृति दिवस समारोह दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर अवकाश प्राप्त जज श्री सच्चितानंद और नगर निगम के उपमेयर सत्यवंती देवी ने किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समारोह के वक्ताओं में कुशवाहा सभा भवन के संस्थापकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वंशरोपण सिंह नएका गांव, रामयादी सिंह खैरा, देवशरण सिंह बेलारी, राम जग सिंह लखनू सराय, राजेंद्र नाथ सिंह गौरक्षणी, ध्रुव नारायण सिंह जगदेव चौक, शिवकुमार मेहता गोयलडीह इत्यादि संस्थापकों ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ते हुए कुशवाहा सभा भवन की स्थापना 1946 में की थी। ऐसे कुशवाहा सभा भवन के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। समारोह के वक्ताओं में कुशवाहा सभा भवन के सचिव शिवकुमार सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। वक्ताओं में निर्भय कुमार सिंह, दीनदयाल सिंह, बाबा लीलानंद स्वामी, स्वामी हरिहर नंद, इंजीनियर रामनाथ सिंह, इंजीनियर रामबेला सिंह, दीनानाथ सिंह, राम अवतार मौर्य, शिव कुमार मौर्य, रामनारायण सिंह, कपिल देव सिंह, रितेश कुमार, बाबूचंद सिंह, ललित कुमार सिंह, प्रज्ञा सिंह, राजेंद्र सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अशोक सिंह, सत्यनारायण सिंह, रामेश्वर सिंह, मेघनाथ सिंह, अनिल सिंह, कामेश्वर सिंह महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल इत्यादि लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

# बैलेट बॉक्स से 'जिन्न' निकालने के लिए चुनाव आयोग की पहल का विरोध कर रहा विपक्ष : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि किसी दौर में बैलेट बॉक्स से 'जिन्न' निकालने वाले लोग चुनाव आयोग की गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण की पहल से घबड़ा गए हैं। विपक्ष का विरोध 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर चुनावी हार के बाद 'ईवीएम' को कोसने और अगर जीते तो चुप्पी साध लेने वाले लोग हमेशा की तरह इस बार बिहार में भी चुनाव आयोग पर सवाल खड़ा कर अपनी नाकामियों को छुपाना चाह रहे हैं। विपक्ष को बताना चाहिए कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव से उन्हें परहेज क्यों है? श्री सुमन ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण, फर्जी व बोगस मतदाताओं की छंटनी और नए तथा वास्तविक मतदाताओं की नई सूची तैयार होने से क्या चुनाव की पारदर्शिता नहीं बढ़ेगी? दरअसल विपक्ष की नीयत में खोट है, इसलिए वह न केवल सरकार, बल्कि देश की हर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल व शक कर रहा है।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

गढ़वा जिले के अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार का पत्रांक D.O.No-j-01013/48/2024-Fy द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति सुधार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) प्रारंभ की गई है। इस योजना में केन्द्र प्रायोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अधीन अनुसूचित जनजाति कोटि के लाभुकों को योजना इकाई लागत का 60% सरकार का अनुदान दिया जाएगा एवं शेष राशि लाभुक अंशदान होगा। मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 987 दिनांक 16.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) हेतु चयनित गॉवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु योजनायें निम्नवत् है–

| क्र0 | PMMSY योजना क्र0 | योजना का नाम | इकाई लागत (लाख में) | संभावित लक्ष्य कोटि अ0ज0 जा0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.1 | कार्प हैचरी अधिष्टापन कार्य | 25.00 | 02 |
| 2 | 1.4 | नया ग्रो आउट तालाब | 7.00 | 15 |
| 3 | 1.12 | बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण | 14.00 | 10 |
| 4 | 5.1 | बड़े आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कमसे कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | 50.00 | 01 |
| 5 | 5.2 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना –08 टैंक। | 25.00 | 02 |
| 6 | 5.1 | 50 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 50.00 | 01 |
| 7 | 5.2 | 25 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 25.00 | 05 |
| 8 | 5.3 | 07 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 7.50 | 10 |
| 9 | 5.5 | Installation of Cage in Reservoirs | 3.00 | 400 |
| 10 | 6.1 | 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | 80.00 | 02 |
| 11 | 6.3 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | 25.00 | 02 |
| 12 | 6.5 | आईसबॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | 0.75 | 10 |
| 13 | 6.7 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | 3.00 | 05 |
| 14 | 6.8 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | 20.00 | 01 |
| 15 | 6.9.2 | फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | 100.00 | 01 |
| 16 | 1.5 | Input for fresh water aquaculture including composite fish culture Scampi, Pangasius, Tilapia etc. | 4.00 | 25 |

वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त योजना का लाभ लेने हेतु गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 26.07.2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोट** :– इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय एवं सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के लिए चयनित ग्राम/पंचायत/प्रखण्ड की सूची कार्यालय, के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**नियम व शर्तें :–**

1. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के लिए चयनित ग्राम/पंचायत/प्रखण्ड के लोग ही आवेदन करेंगे।
2. आवेदक के पास संबंधित योजना के लिए निजी प्रयाप्त जमीन होना आवश्यक है।
3. आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक अनुसूचित जनजाति कोटि के हो।
5. आवेदक आवेदन के साथ अपना आधार/पासबुक/पैन/जमीन का रसीद/अपना अंशदान लगाने संबंधी शपथ पत्र/ पासपोर्ट साईज फोटो/जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न करेंगे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.356097 Fish(25-26):D

# प्रशासन की पहल: प्रत्येक पीड़ित को मिलेगा समय पर भत्ता और न्याय : एसपी

## अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा को लेकर नवादा में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों ने अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की अद्यतन स्थिति, अनुदान भुगतान, अनुसंधान की प्रगति और पीड़ितों को दी जा रही सहायता पर चर्चा की। बैठक की शुरुआत विगत बैठक की कार्यवाही की समीक्षा से हुई। डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि अत्याचार की घटनाओं का त्वरित निराकरण और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पेंशन और अनुदान भुगतान अद्यतन रहे तथा गंभीर मामलों में प्राथमिकता के आधार पर आवंटन की मांग की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अनुसंधान में कोई लापरवाही न हो और कमजोर वर्गों के बीच कानून के प्रति भरोसा कायम रहे। उन्होंने थाना स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अब तक अधिनियम के तहत 1340 कांड दर्ज किए गए, जिनमें 851 मामलों में भुगतान किया जा चुका है। हत्या के मामलों में प्रथम किस्त के तहत 15 और द्वितीय किस्त में 8 पीड़ित परिवारों को सहायता दी गई है। आरोप गठन की सूचना प्राप्त 6 मामलों का भी संज्ञान लिया गया है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, विभागीय पोर्टल पर अब तक 1405 मामलों की प्रविष्टि की गई है, जिनमें से 1394 में प्रथम किस्त तथा 924 मामलों में द्वितीय किस्त का भुगतान हो चुका है। वहीं, 39 पीड़ितों को यात्रा एवं भरण-पोषण भत्ता सीधे उनके खातों में भेजा गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), एसडीपीओ नवादा, रजौली एवं पकरीबरावां, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिला प्रशासन की संवेदनशीलता, पारदर्शिता और पीड़ित केंद्रित न्याय व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# सामुदायिक भवन का मंत्री सह विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के हवनपुरा गांव में नवनिर्मित समुदाय भवन का उद्घाटन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया। उद्घाटन के पहले सामुदायिक भवन की निरीक्षण किया और संवेदन को समुदाय भवन में मोटर एवं शौचालय का पूर्ण निर्माण करने का निर्देश दिया। योजना एवं विकास विभाग मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 11 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया गया है। उद्घाटन के बाद मंत्री सह विधायक ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग थी। सामुदायिक भवन निर्माण हो जाने से अब स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।




सामुदायिक भवन बन जाने से ग्रामीण लोगों को शादी विवाह अन्य कार्य में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य नियंत्रण जारी रहेगा। ताकि आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के ऊपर एक मंजिल और भी बनाया जाएगा। मौके पर राहुल कुमार, श्याम सिंह ,महेश सिंह, शंभू सिंह, चंदन सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सीतामढ़ी मेला को मिला राजकीय दर्जा

## नवादा को सांस्कृतिक पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक सीतामढ़ी मेला को आखिरकार राजकीय दर्जा मिल गया है। यह सौगात जिलेवासियों को बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार यादव के सतत प्रयासों के फलस्वरूप मिली है। उन्होंने विधान परिषद के 209वें सत्र के दौरान सरकार से सीतामढ़ी मेला मेसकौर, ककोलत महोत्सव, तमसा नदी महोत्सव और हिसुआ गोविन्दपुर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाने की पुरजोर मांग की थी।

पर्यटन मंत्री द्वारा इस प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और श्रद्धालुओं ने इस उपलब्धि के लिए एमएलसी अशोक कुमार का आभार जताया है। लोगों ने इसे नवादा की सांस्कृतिक अस्मिता और पहचान को सशक्त बनाने वाला कदम बताया।

जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुणाल कुमार, भिखमपुर मुखिया विकास कुमार, गोविन्दपुर मुखिया अनुज राजवंशी, उपेन्द्र राजवंशी, आरो यादव, कपिल यादव, बाल्मीकि यादव, शशिभूषण शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और एमएलसी अशोक कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्थानीय जनों का मानना है कि राजकीय दर्जा मिलने से सीतामढ़ी मेला अब राज्य स्तरीय पहचान हासिल करेगा, जिससे पर्यटन, आस्था, व्यापार और स्थानीय रोजगार को भी व्यापक बल मिलेगा। अब यह मेला नवादा जिले की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रदेश स्तर पर स्थापित हो सकेगा।

### घर घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे बीएलओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध,अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि सभी पात्र नागरिकों को मतदान का अधिकार सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में 25 जून से मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जो 25 जुलाई तक चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि इस सम्बंध में सभी बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत करा दिए गए हैं।

# नवादा की सांस्कृतिक विरासत को मिला नया आयाम, राज्य स्तरीय पहचान से नवादा गौरवान्वित: विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा मिली है। क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सवों को राज्यस्तरीय मान्यता मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सांस्कृतिक जगत में हर्ष की लहर है। भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा महोत्सव को राज्य सरकार द्वारा राज्य सांस्कृतिक महोत्सव की सूची में शामिल किया जाना नवादा के लिए गौरव का विषय है। पूर्व से ककोलत महोत्सव इस सूची में सम्मिलित है। सांसद ठाकुर ने कहा कि ये महोत्सव नवादा की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं, जो न केवल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्प और परंपराओं को भी व्यापक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने इसे नवादा के सांस्कृतिक



उन्नयन की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तरीय मान्यता मिलने से इन आयोजनों की भव्यता बढ़ेगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और नवादा की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान विकसित होगी। अब ये आयोजन केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सम्पूर्ण बिहार की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में स्थापित होंगे। सांसद ठाकुर ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय नवादा लोकसभा क्षेत्र के लिए गर्व और उल्लास का क्षण है।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत, एक घायल शिक्षक समुदाय में शोक की लहर

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ली नव नियुक्त शिक्षक की जान, शिक्षकों ने जताया शोक व की मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरकोली स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो शिक्षक – गणेश कुमार एवं प्रवीण कुमार – सोमवार को बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान जसौली गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक गणेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रवीण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक शिक्षक गणेश कुमार छतिहार गांव के निवासी थे और हाल ही में बीपीएससी के माध्यम से टीआरई-3 से चयनित होकर नियुक्त हुए थे। दुखद है कि उनका वेतन भी अब तक प्रारंभ नहीं हुआ था और इसी



बीच वे असमय काल के गाल में समा गए। यह खबर सुनते ही पूरे शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।

शिक्षक नेता अजित कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार पुष्कर, दयानंद सिंहा, सुरेश कुमार, सोमनाथ, लालजीत कुमार, रंजीत कुमार, शशिकांत कुमार, सदानंद कुमार, राजेश कुमार, राकेश सिंह, चंदन कुमार, सुशील कुमार दानी सहित कई शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। सभी ने मृतक के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने की भी मांग की है।

शिक्षक नेता अजित कुमार ने बिहार सरकार, शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव सिद्धार्थ, नवादा डीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी से अपील की है कि मृत शिक्षक के परिवार को शीघ्र अनुकंपा का लाभ प्रदान किया जाए और आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नवादा जिले के सभी शिक्षक संघों से भी इस विषय पर एकजुट होकर न्याय दिलाने की अपील की है।

शिक्षक समुदाय ने इसे शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी बताते हुए मांग की है कि सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक शिक्षक के परिजनों को हर संभव सहायता दे।

# सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा नदी महोत्सव को मिली राज्य स्तरीय मान्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। जिले के दो ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों – सीतामढ़ी मेला महोत्सव और तमसा नदी महोत्सव – को राज्य सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा राजकीय सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में मान्यता प्रदान कर दी गई है। दोनों आयोजनों को विभाग के सांस्कृतिक कैलेंडर 2025-26 में शामिल किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने जानकारी देते हुए कहा कि यह नवादा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह गौरव का क्षण है कि नवादा की परंपराएं अब राज्य पटल पर और अधिक मजबूती से उभरेंगी। सीतामढ़ी मेला महोत्सव नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड स्थित सीतामढ़ी क्षेत्र में हर वर्ष अगहन पूर्णिमा से एक सप्ताह तक भव्य रूप से आयोजित होता है। यह स्थल रामायण काल से जुड़ा हुआ है, जहां मान्यता है कि माता सीता ने अपने द्वितीय वनवास के दौरान यहीं निवास किया था और लव-कुश का जन्म भी यहीं हुआ था। महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि के रूप में विख्यात इस स्थान पर स्थित सीता गुफा की चिकनी दीवारें बराबर गुफा की स्थापत्य शैली से मिलती हैं, जो इसके पुरातात्विक महत्व को दर्शाती हैं। मेले में स्थानीय काष्ठ एवं मूर्तिकला का शिल्प बाजार भी लगता है, जो कृषकों की समृद्धि और धार्मिक आस्था का प्रतीक है।

वहीं, तमसा नदी महोत्सव नवादा के हिसुआ प्रखंड में कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थान एकादशी) को आयोजित होता है। यह आयोजन भी वाल्मीकि आश्रम, माता सीता और लव-कुश से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं पर आधारित है। बंगाल गजेटियर 1906 के अनुसार, हिसुआ प्रखंड के 'बारत' गांव को वाल्मीकि आश्रम और सीता जी के निर्वासन स्थल के रूप में जाना जाता है। तमसा (तिलैया) नदी के संरक्षण और सांस्कृतिक पुनरुद्धार के उद्देश्य से इस महोत्सव का महत्व और बढ़ जाता है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि सीतामढ़ी मेला महोत्सव के लिए 3 मई 2025 एवं तमसा नदी महोत्सव के लिए 23 जनवरी 2025 को विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे स्वीकृत करते हुए अब इन आयोजनों को राज्य सांस्कृतिक कैलेंडर में स्थान दिया गया है।

इस ऐतिहासिक मान्यता से नवादा जिले को न सिर्फ सांस्कृतिक पहचान की नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन और स्थानीय शिल्प को भी नया जीवन मिलेगा।

### महारैली को सफल बनाने का किया आह्वान

**पकरीबरावां/नबिटा सं।** पकरीबरावां प्रखण्ड के कई गांवों में शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने कार्यकर्ताओं से संपर्क कर महारैली को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रधान महासचिव ने प्रखण्ड के रोहुआ, पोकसी, गुलनी, कचना, पकरीबरावां, धेवधा आदि गांवों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 29 जून को राजगीर में भीम संकल्प महारैली है। कहा कि महारैली में लगभग तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता अपने नेता चिराग पासवान के भाषण को सुनने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि नवादा, नालंदा सहित आस पास के कई जिलों में कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। महारैली की तैयारी का जायजा लिया जा रहा है।

# महिला व बाल अधिकारों पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार में स्थित एक निजी स्कूल में शनिवार को स्माइल परियोजना के तृतीय चरण के अंतर्गत, बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। यह कार्यशाला महिला एवं बाल अधिकारों पर केंद्रित थी, जिसमें स्वयं सहायता समूह और महिला अधिकार समिति के नेताओं, सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को महिला और बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें इन अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना था। इस दौरान, प्रतिभागियों के साथ अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। सतत विकास लक्ष्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रवीण चंद्रा के द्वारा प्रदान की गई, जिन्होंने विशेष रूप से लैंगिक समानता और बच्चों से संबंधित अन्य लक्ष्यों पर प्रकाश डाला, ताकि समुदाय स्तर पर इन लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाई जा सके। कार्यशाला में बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसाइटी के डायरेक्टर फादर दिनेश और फादर एंड्रयू राजा ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया। मौके पर नपं के मुख्य पार्षद बबीता देवी, चेरो मुखिया अशोक रजक, गुड्डी देवी, सूरूची कुमारी, मृदुला, रिंकु, रूबी, मनीता समेत अन्य मौजूद थे।

### सीएचसी रहुई का सीएस ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई का सिविल सर्जन ने औचक निरीक्षण किया। जैसे ही सिविल सर्जन का गाड़ी अस्पताल परिसर के अंदर प्रवेश किया वैसे ही कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। अस्पताल के अंदर प्रवेश करने के बाद सीएस ने कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की जहां लेखपाल कपिल कुमार 25, 26, 27 और 28 तक अनुपस्थित पाए गए, चंदन कुमार पीएम डब्लू 28 जून को, बसंत कुमार फार्मासिस्ट 27 और 28 जून, अजेंद्र कुमार लैब टेक्नीशियन 27 और 28 जून, प्रियंका कुमारी एएनएम 27 और 28 जून, प्रेम लता कुमारी 28 जून, चंद्रकांता कुमारी 28 जून और रीना कुमारी जीएनएम 28 जून को अनुपस्थित पाई गई।

# टोटो और बाइक पर लदी 198 लीटर शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में उत्पाद बलों द्वारा लगातार फुलवरिया डैम समेत आसपास के जंगली क्षेत्रों से होने वाले शराब परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। बीते शुक्रवार की शाम को गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद बलों ने फुलवरिया डैम के समीप से एक टोटो और बाइक पर लदे 198 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी



वाहनों की सघन जांच की जाती है।साथ ही आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते शाम को उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने उत्पाद बलों के सहयोग से फुलवरिया डैम के रास्ते हो रहे शराब परिवहन की खेंप के विरुद्ध कार्रवाई की है। इस दौरान बाइक पर लदे 123 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया, जबकि शराब तस्कर जंगली रास्तों का उपयोग कर भागने में सफल रहे वहीं दूसरी ओर टोटो रिक्शा के सीट के अंदर बने तहखाने में रखे 75 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया गया। टोटो चालक पीपरपाती गांव निवासी बाल्मीकि चौहान के पुत्र श्यामसुंदर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बाइक, टोटो व शराब के साथ गिरफ्तार और फरार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है वहीं गिरफ्तार तस्कर को शनिवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में स्मार्ट क्लास की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में शनिवार को स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा भारतीय जन उत्थान परिषद के एलआईसी एचएफसी साथी प्रोजेक्ट के तहत स्थापित की गई है। स्मार्ट क्लास की शुरुआत के साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन कृष्ण मिंज और सुमित कुमार ने किया। इस दौरान शिक्षकों को स्मार्ट क्लास के उपयोग, डिजिटल सामग्री के प्रभावी संचालन और तकनीकी उपकरणों की




कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन ने कहा कि स्मार्ट क्लास की शुरुआत से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी शिक्षा से बच्चों की सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और प्रभावशाली होगी।

इस मौके पर सिमांजली कुमारी, सोनाली शोभना, बेबी, प्रहलाद कुमार, अरविंद कुमार और शंकर कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहे। स्मार्ट क्लास की शुरुआत से बच्चों में खुशी और उत्साह की लहर देखी गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल के लिए भारतीय जन उत्थान परिषद एवं एलआईसी एचएफसी के प्रति आभार प्रकट किया है।

# डीडीसी ने बीएलओ के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में शनिवार को नालंदा डीसीसी श्रीकांत कुंडलीक खांडेकर ने बीएलओ के साथ बैठक की। बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी उज्जवल कांत ने बताया कि बैठक आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर था। जिसमें बीएलओ को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु संबंधित बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे ।मौके फर डीआरडीए के डायरेक्टर अजीत कुमार प्रसाद, डीआरडीए के डायरेक्टर पन्ना लाल (एनआरपी), सीओ सोनू कुमार, सीडीपीओ सीमा कुमारी, बीइओ नीतेश कुमार रंजन, बीएसओ जयदीप पासवान, बीडब्ल्यूओ नवीन कुमार निराला, शिवेंदु कुमार, भवेश कुमार, बृंद कुमार, अमरजीत पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

# साइबर ठग पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** साइबर थाना पुलिस ने नालंदा थाना क्षेत्र के मामूराबाद गांव में कार्रवाई कर कम ब्याज पर आसानी से लोन दिलाने का झांसा देकर भोले-भाले लोगों से ठगी करने वाले एक अधेड़ और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई साइबर डीएसपी ज्योति शंकर के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक प्रसाद और उसके दो पुत्र अभिषेक कुमार एवं सोनू राज है। पुलिस ने इनके पास से डेढ़ दर्जन से अधिक मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल ये लोग देशभर के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को ठगने के लिए किया करते थे। साइबर डीएसपी ज्योति शंकर ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल कई शिकायतें दर्ज थीं। इन शिकायतों की तकनीकी जांच और मोबाइल लोकेशन के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि इनका ठगी नेटवर्क बिहार के अलावा झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में फैला हुआ था।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के अहियाचक गांव से बिंद थाना की पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान अहियाचक गांव निवासी राजेश उर्फ जुलम सिंह के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि एक वारंटी को पकड़ने के लिए पुलिस अहियाचक गांव गई थी जहां पुलिस को आता देख कारोबारी खिड़की से अंग्रेजी शराब को बाहर फेंक रहा था। पुलिस को नजर उस खिड़की पर पड़ी और घेरकर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया।

# 64 प्रतिशत मतदान, चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही प्रभावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां नगर पंचायत के तहत हुए चुनाव में 64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो लोकतंत्र में लोगों की सक्रिय भागीदारी और सफल आयोजन का प्रतीक है। वार्ड संख्या 3 के मदरसा फसीह लिल बनात मतदान केंद्र पर दो पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जिनमें कुल 1,427 मतदाता (755 पुरुष और 672 महिला) सूचीबद्ध थे। इनमें से लगभग 64 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। डीएसपी तारकेश्वर प्रसाद तथा अस्थावां थाना अध्यक्ष लालमणि दुबे ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। पुलिस बल की तैनाती के साथ मतदान केंद्र पर शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सजग और मुस्तैद था। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव के सफल संचालन में प्रशासनिक और पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** सर्वोदयी नेता और बिहार के खादी पुरुष स्वर्गीय त्रिपुरारी शरण की बारहवीं पुण्यतिथि शनिवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, कृषि वैज्ञानिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें भारत की महान विभूतियों में शुमार करते हुए कहा कि स्व. त्रिपुरारी शरण ने खादी, सर्वोदय, भूदान और ग्राम निर्माण आंदोलनों को नया आयाम दिया। अरविंद कुमार ने कहा कि वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन थे, जिन्होंने गांव, खादी और स्वावलंबन को अपना जीवन-ध्येय बनाया। उन्होंने बिहार राज्य खादी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी खादी के पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा उन्हें ल्खादी रत्न्ङ्ग से सम्मानित किया गया था। उनका बनाया चरखा आज भी भारत में खादी के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। त्रिपुरारी बाबू आजीवन खादी के प्रचार-प्रसार और ग्रामीण आत्मनिर्भरता के लिए समर्पित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पण से हुई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के डॉ. भारत भूषण शर्मा, दिनेश मंडल, सुचिता तिर्की, धीरेंद्र कुमार मन्नू, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. जयवंत कुमार सिंह, अंगद कुमार, पिंटू पासवान समेत अन्य वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

CMYK

### डीएम ने पदाधिकारी एवं अभियंतागण के साथ किया स्थल निरीक्षण

# औरंगाबाद के आठ प्रखंड व गया जिले के 4 प्रखंडों के बड़े क्षेत्र में किसानों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** झारखंड और बिहार की संयुक्त उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के तहत बिहार भूभाग में उत्तर कोयल दायां मुख्य नहर के किमी 53.10 से 65.50 के बीच कराये गये/ होने वाले लाइनिंग कार्य (पक्कीकरण) का जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने शनिवार को संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंतागण के साथ स्थल निरीक्षण किया। उत्तर कोयल नहर में बिहार भूभाग में लाइनिंग कार्य होने पर औरंगाबाद जिले के 8 प्रखंडों (नवीनगर, बारुण, कुटुंबा, औरंगाबाद, देव, मदनपुर, रफीगंज, गोह) तथा गया जिले के 4 प्रखंडों (आमस, गुरुआ, गुरारू, परैया, कोंच) के बड़े क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। कार्यपालक अभियंता उत्तर कोयल ने बताया कि 31.40 किलोमीटर झारखंड में पड़ता है, 77.49 किलोमीटर नहर की लंबाई बिहार में पड़ता है जिसमें औरंगाबाद जिला में 61.74 किलोमीटर पड़ता है। गया डिवीजन में 9.50 किलोमीटर पड़ता है। लगभग 7 किलोमीटर की लंबाई मदनपुर डिवीजन में पड़ता है। गया डिवीजन में 752 क्यूसेक पानी मिलेगा। वर्तमान में मुख्य कैनाल का रेनोवेशन का काम चल रहा है। कच्ची कैनाल को पक्कीकरण करवाया जा रहा है जो नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा। गया डिविजन के कैनाल में 9.50 किलोमीटर में से 3 किलोमीटर का कैनाल की पक्कीकरण कार्य पूर्ण कर ली गयी है। जिला भूअर्जन पदाधिकारी (डीएलएओ) ने बताया कि मुख्य कैनाल से सब- कैनाल निकाला जा रहा है। इसमें कुल 46 मौजा है एवं 219.92 एकड़ जमीन को अधिग्रहण किया जाना है जिसमें मुख्य रूप से कोच, गुरुआ, गुरारू में किया जाना है। अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ कर ली गयी है। डीएम ने मेन कैनाल एवं मेन कैनाल से निकलने वाले सब-कैनाल के विभिन्न स्ट्रैच पर रुक रुक कर अभियंताओं से जानकारी लिया और तेजी से कैनाल पक्कीकरण करवाने का निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक पानी अंतिम बिंदू तक पहुंच सके और किसानों को सिंचाई के लिये पूरी पानी मिल सके।

## डीएसपी ने मुफस्सिल थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को डीएसपी वजीरगंज के द्वारा मुफस्सिल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संधारित समस्त संचिकाओं एवं अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर उन्हें अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों, वारंट, इश्तिहार एवं कुर्की की शीघ्रता से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर उसकी साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव हेतु भी दिशा-निर्देश जारी किए।

## पात्र लाभुकों को पहली किशत की राशि बैंक खाते में भेजी गयी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी नगर परिषद क्षेत्र के रहने वाले कई लोगों को आवास योजना का सपना पूरा हुआ। योजना के तहत पहली किस्त के रूप में लाभुकों के खाते में एक लाख रुपये की राशि सरकार द्वारा मुहैया कराई गई। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत नगर के 403 लोगों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाभ दिया गया। आवास योजना के म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर बबलू कुमार बादल ने बताया कि पात्र लाभुकों को पहली किस्त की राशि उनके बैंक खाते में भेजी गई है। साथ ही साथ लाभुकों को मकान निर्माण के लिए कार्यादेश दिया गया। श्री बादल ने बताया कि तीन किश्तों में कुल दो लाख पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। दूसरी किस्त एक लाख रुपया डोर लेवल तक मकान निर्माण करने व तीसरी किस्त पचास हजार रुपया मकान की छत ढलाई करने के बाद दी जाएगी। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र के एक सौ पचास पात्र लाभुकों का आवेदन स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा गया है। विभाग से स्वीकृति मिलने के उपरांत लाभुकों के खाता में राशि भेजी जाएगी। पहली किस्त मिलने के उपरांत कार्यालय स्तर से सभी लाभुकों को मकान निर्माण करने का आदेश दिया गया वहीं कार्यालय स्तर से मकान निर्माण के प्रगति की जांच की जा रही है।

**पूर्व में लाभ प्राप्त किये 15 लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी**

आवास योजना 1.0 के तहत 15 चयनित लाभुकों को मकान निर्माण न करने पर चिन्हित किया गया है। सभी लाभुकों को नियम संगत तीन बार नोटिस निर्गत किया गया। नोटिस निर्गत के बावजूद भी लाभुकों द्वारा मकान निर्माण नही किया गया है। मकान निर्माण नही करने की स्थिति में लाभुकों से राशि वापसी के लिए कार्रवाई करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

## मां ने अपने 15 माह के बच्चे पर किया जानलेवा हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआवां में एक मां ने अपने ही बच्चे पर चाकू से वार कर दिया जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर पुलिस महिला को पकड़कर थाना लायी है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि महिला जमुआवां निवासी निशांत कुमार की पत्नी जूही कुमारी है जिसने अपने पन्द्रह माह के पुत्र हर्ष वीर के गले पर चाकू से वार किया है। उसके पति निशांत ने बताया कि महिला दिमागी रूप से बीमार है जिसके कारण उसने ऐसा किया है। फिलहाल इस मामाले में कोई आवेदन नहीं दिया गया, आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायगी। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 नितीन कुमार ने बताया कि बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिये एएनएमसीएच रेफर किया गया है।

## जनता दरबार में डीएम ने सौ से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** दैनिक जनता दरबार में जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा शनिवार को 100 से अधिक लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आवेदक द्वारा बताया गया कि निजी जमीन को रोक सूची में शामिल किया गया है, रोक सूची से हटवाने के लिये अनुरोध किया गया। डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को जांच करने का निर्देश दिए। आवेदक ने बताया कि अंचल से म्युटेशन को रदद् कर दिया गया है। डीएम ने डीसीएलआर कोर्ट में वाद दायर करने का निर्देश दिए हैं। आवेदक ने बताया कि निजी जमीन में सरकारी नाला का निर्माण करवाया जा रहा है। डीएम ने सीओ एवं बीडीओ को जांच करवाने का निर्देश दिए हैं। आपदा से पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वज्रपात से मृत्यु के पश्चात अब तक मुआवजा नहीं मिला है, डीएम ने अपर समाहर्ता आपदा को निर्देश दिए हैं कि कागजातों की जांच करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करवाया जाए। आवेदक ने बताया कि डुमरिया क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रहने के पश्चात आवास योजना का लाभ दिलाने के लिये अनुरोध किया गया, डीएम ने डीडीसी को जांच हेतु निर्देश दिए और पात्रता रखने पर आवास योजना स्वीकृत करवाने का निर्देश दिए। आवेदक ने बताया कि टिकारी क्षेत्र में जमाबंदी कायम नहीं हो पा रहा है, डीएम ने कहा कि पहले दाखिल खारिज करवाये उसके पश्चात ही दाखिल खारिज किया जाएगा। आवेदक ने बताया कि मोहरा क्षेत्र का जमीन का कब्जा कुछ लोगों द्वारा किया गया है, कब्जा मुक्त करवाने का अनुरोध किया गया। आवेदक ने बताया कि आपसी बटवारा नहीं हो पा रहा है। डीएम ने दोनों पक्षों को थाना स्तर के जनता दरबार या सक्षम न्यायालय में वाद दायर कराने की सलाह दी। जनता दरबार में कुछ आवेदक भूमि कब्जा मुक्त करवाने का अनरोध किया है। डीएम ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई करवाने का निर्देश दिए हैं। जनता दरबार में कुछ आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें जिला लोक शिकायत निवारण में मामलों को हस्तांतरण किया है। ताकि पूरी टाइम लाइन में सही से मामलों का निराकरण एवं समाधान हो सके। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बीडीओ ने आपदा जागरूकता रथ को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय से बीडीओ ने रवाना किया। बीडओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि जागरूकता रथ पर सवार जन चेतना टीम के सदस्य स्कूल एवं गांव के चौक-चौराहों पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर आपदा से बचाव एवं प्रभावित होने पर प्राथमिक उपचार के बारे में ग्रामीणों एवं बच्चों को बतायेंगे। जागरूकता टीम के सदस्य नौलेश सिंह, तरूण कुमार, रविश कुमार एवं धनंजय कुमार ने बताया कि राज्य में नदियों, तालाबों, गड्ढों आदि में स्नान करने एवं रोजाना के कार्यों को सम्पन्न करने के दरम्यान बच्चे, किशोर - किशारी एवं व्यक्तियों की डूबकर मौत हो जाती है। आसमान से वज्रपात होने एवं गर्म हवाओं की चपेट में आने से भी लोगों की मौत हो रही है। इन सभी से बचने के लिये कई प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। हमलोग पहले दिन घुरियावां पंचायत अंतर्गत कोल्हना, मुन्दीपुर एवं रघुनाथपुर गांव में जाकर बच्चों एवं ग्रामीणों के बिच कार्यक्रम आयोजित कर मॉकड्रील के माध्यम से बचाव के उपाय सिखाये तथा संबंधित मौसम में बचाव के तरिके बताये।

## पिकअप की चपेट में आने से मौत

**गयाजी।** शहर में पिकअप की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड़ बाइपास के पास की है जहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**सं०–सोनपुर 2025–26 (87–96)**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई– निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि **18.07.2025 को 13.00 बजे** तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एव निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

**कार्य का नामः 87.** वमंइ/तृतीय/सोनपुर के अधीन विभिन्न यार्डों (घोसवर, सराय, भगवानपुर, रामदयालुनगर, सिलौट, सिहो, ढोली, खुदीरामबोसपूसा, उजियारपुर, नाजीरगंज, साथाजगत एवं तेघड़ा) में विशेष ट्रैक रखरखाव का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में):** 84,99,988.75, **बयाने की राशि(रू. में):** 1,70,000.00, **88.** वमंइ/तृतीय/सोनपुर के अधीन यार्डों एवं उसके पहूँच मार्गो पर निर्मुक्त पीवे सामाग्रियों की ट्रॉलींग एवं स्टैकिंग का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 54,99,927.48, **बयाने की राशि(रू. में):** 1,10,000.00, **89.** वमंइ/द्वितीय/सोनपुर के अधीन गौछारी–पसराहा के बीच किमी 97/05–07, पसराहा–नरायणपुर के बीच किमी 84/15–17, नरायणपुर–थानाबिहपुर के बीच किमी 77/11–13, साहिबपुर कमाल जं०–उमेशनगर के बीच किमी 134/01–03, खगड़िया–मानसी के बीच किमी० 118/12–16, साहिबपुर कमाल जं०–लखमिनीया के बीच किमी 138/12–14 पर प्रत्येक 1x5.0x4.0 मीटर खुले आकार के 6 नए बैलेंसिंग कलवर्ट का निर्माण।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 19,86,08,159.70, **बयाने की राशि(रू. में):** 11,43,100.00, **90.** हाजीपुर (छोड़)–छपरा ग्रामीण (छोड़) अनुभाग के बीच सभी छोटे पुलों में कर्टेन/ड्रॉप वाल, फलेरिंग संरक्षण कार्यो सहित उपसंरचना का पुनर्वास।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 3,37,91,123.07, **बयाने की राशि(रू. में):** 3,19,000.00, **91.** दिघवारा, नयागॉव एवं शीतलपुर पर अतिक्रमण एवं अतिचार को रोकने के लिए आरसीसी चाहरदीवारी का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 60,26,056.13, **बयाने की राशि(रू. में):** 1,20,500.00, **92.** बछवारा–विद्यापतिधाम के बीच आरयूबी सं० 5 के प्रवेश मार्ग में कवर शेड, रिटेनिंग वाल के निर्माण द्वारा जल निकासी में सुधार।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 1,73,75,450.74, **बयाने की राशि(रू. में):** 2,36,900.00, **93.** परमानंदपुर–नयागॉव के बीच आरयूबी सं० 08 एवं दिघवारा–बड़ागोपाल के बीच आरयूबी सं 22 के प्रवेश मार्ग में कवर शेड, रिटेनिंग वाल के निर्माण द्वारा जल निकासी में सुधार।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 2,27,51,752.76, **बयाने की राशि(रू. में):** 2,63,800.00, **94.** बेगुसराय में रेलवे कॉलोनी के चाहरदिवारी, कॉलोनी के नाले एवं कॉलोनी के सड़क के मरम्मती का कार्य।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 88,99,138.14, **बयाने की राशि(रू. में):** 1,78,000.00, **95.** समइ/प०/बरौनी के अधीन बरौनी यार्ड में रेल भूमि पर 36 माह की अवधि के लिए जलनियंत्रण एवं मतस्यपालन का अधिकार (अवधि 01.04.2025 से 31.03.2028 तक), **अनुमानित लागत (रू. में):** 9,32,085.00, **बयाने की राशि(रू. में):** 93,300.00, **96.** सोनपुर मंडल के अधीन विभिन्न अनुभागो मे 50000 से अधिक टीवीयू वाले 06 एलसी गेटो की इंटरलॉकिंग (सिविल कार्य हेतु निविदा आमंत्रित), **अनुमानित लागत (रू. में):** 89,99,993.68, **बयाने की राशि (रू. में):** 1,80,000.00,

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा मे सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0485/एसईई/ईएनजीजी/टी/25–26/88

## प्रेम-प्रसंग में असफल युवक ने लगाई फांसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आमस (गया)।** आमस थाना क्षेत्र के चण्डिस्थान स्थित मानव भारती स्कूल के पास शनिवार की दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत युवक की पहचान आमस प्रखंड के सुग्गी गांव निवासी रंजीत सिंह के पुत्र मंटू सिंह (उम्र लगभग 22 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही आमस थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक मृत युवक मंटू सिंह का एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि युवक शुक्रवार को अपनी प्रेमिका के साथ शेरघाटी कोर्ट में विवाह के लिए पहुंचा था, लेकिन लड़की के परिजनों ने विवाह को यह कहते हुए स्वीकार नहीं किया कि युवक की जाति अलग है। परिजनों के विरोध के चलते कोर्ट में विवाह नहीं हो सका। इससे मंटू सिंह बेहद आहत हो गया। घटना से एक दिन बाद यानी शनिवार को वह अचानक अपने गांव से चण्डीस्थान स्थित मानव भारती स्कूल के पास पहुंचा और एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब आसपास के लोगों ने युवक का शव लटका हुआ देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। युवक की आत्महत्या को लेकर परिजन व ग्रामीण बेहद दुखी हैं। परिजनों का कहना है कि मंटू मानसिक रूप से काफी तनाव में था।

## दहेज को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज शनिवार को कर लिया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि पीड़िता शोभा कुमारी पति राजू यादव ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते हैं। इस मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से भरत सिंह भारती ने भी मारपीट का मामला दर्ज कराया है और 6 लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## स्थाई लोक अदालत में लोक उपयोगिता के मामले की सुनवाई शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया की देखरेख में स्थाई लोक अदालत मे मामलों की सुनवाई शुरू हो चुकी है। शनिवार को गया बार एसोसिएशन के उपरी मंजिल पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष लोलार्क दुबे व सदस्य अनिल आशुतोष तथा राजेश चंद्र ने शिविर में स्थाई लोक अदालत द्वारा मामलों की सुनवाई के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष लोलार्के दुबे ने कहा कि लोक उपयोगिता के संबंध में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से सड़क, वायु मार्ग, जल मार्ग, द्वारा माल ढुलाई, बिजली, टेलीफोन, टेलीग्राफ, बीमा, बैंक, लोक स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा विभाग, शिक्षण संस्थान, व भू संपदा के मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा सुलहनीय मामलों का भी निपटारा किया जाएगा। प्रि लिटिगेशन सभी मामलों की सुनवाई स्थाई लोक अदालत के माध्यम से की जाएगी। नियमित अदालतों पर से मुकदमों के भार को कम करने के उद्देश्य से बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना द्वारा इसका गठन किया गया है। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष माध्यम से इन सभी विषयों पर जानकारी दी गई।

## प्रखंड कार्यालय में बीएलओ ने की विशेष बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) का एकदिवसीय विशेष बैठक शनिवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मतदाता सूची को अद्यतन और सुधार करने पर विशेष जोर दिया गया। बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने और अन्य आवश्यक कार्यो के बारे में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड के अधिकारियों ने बीएलओ को विधानसभा चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मतदाता सूची की जांच और अद्यतन करने के कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी लक्की सिंह, कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी सुजीत कुमार, राजेश कुमार, सुमन शेखर, जयमंगल कुमार, रामजय सिंह, नितेश कुमार, रंजीत कुमार यादव, देवदत्त तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## फरोगे उर्दू सेमिनार व मुशायरा एवं उर्दू कर्मियों के लिए कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार पटना के निर्देशानुसार एवं जिले के डीएम के आदेशानुसार, जिला उर्दू भाषा कोषांग गया के द्वारा फरोगे उर्दू सेमिनार व मुशायरा एवं उर्दू कर्मियों के कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सरताज अली खान पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने की तथा अहमद सगीर ने सेमिनार का संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कुमार पंकज एडीएम (आपदा) तथा राहुल कुमार सहायक निदेशक जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे। एडीएम कुमार पंकज ने कहा कि उर्दू भाषा की ताकत ने मुझे बांध कर रखा है, उर्दू भाषा नहीं बल्कि यह एक विरासत है जिसे हमें संभाल कर रखना चाहिए। उर्दू को धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए क्योंकि भाषा कोई भी सीख सकता है। मेरी दिली तमन्ना उर्दू सीखने की है। इसमें जो मिठास है, वही इसकी खूबी है। कार्यक्रम की शुरुआत शम्मा जलाकर की गई तथा सभी अतिथियों, लेखकों एवं कवियों का सम्मान शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विचार व्यक्त करने वालों में निकहत नाज, खुशनामा परवीन, अनमता परवीन, माह नूर अंजुम, अरजीन उमैर और रहमत हाशमी के नाम खास हैं। दूसरे सत्र में डॉ आफताब आलम, डॉ अहमद सगीर और डॉ आफताब आलम अतहर ने उर्दू भाषा के महत्व पर अपने मकाला प्रस्तुत किए और डॉ सैयद अहमद कादरी ने प्रतिनिधि के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। इस सत्र के अंत में अध्यक्षीय भाषण देते हुए सरताज अली खान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उत्साह और उमंग पैदा होती है, ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इससे न सिर्फ नए लेखक और कवि सामने आते हैं बल्कि छात्रों में उर्दू के प्रति जागरूकता भी आती है और वे साहित्य की ओर आकर्षित होते हैं। तीसरे सत्र में काव्य पाठ हुआ जिसमें निम्नलिखित कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। इनमें नदीम जाफरी, हरिंदर गिरी शाद, तबस्सुम फरहाना, जमशेद अशरफ, मिस्बाहुद्दीन, इकबाल अख्तर दिल, नौशाद नादान, शाहिद निजामी, पल्लवी जोशी, चोंच ग्यावी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। अहमद सगीर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ फरोग उर्दू सेमिनार व मुशायरा कार्यक्रम का समापन हुआ। गौरतलब है कि यह प्रमुख कार्यक्रम एस शकील अहमद, प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग, गया और मुहम्मद फिरोज आलम, मुहम्मद दानिश, नासिक हसन शकीरीन और अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## करमा टोला पाण्डेय पोखर और दौलता गांव में मृतक के परिवार से मिले विधायक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गुरुआ विधायक विनय कुमार यादव ने कोंच थाना क्षेत्र के करमा टोला पाण्डेय पोखर और दौलता गांव का दौरा किया और बीते दिनों ठनका से मृत हुए परिवारों से शनिवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मृतक परिवारों को ढाढस बंधाया और सांत्वना दी। वहीं उन्होंने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। विधायक ने मृतक के परिवारों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता का लाभ मृतक परिवारों को दिलाने के लिए वे प्रयास करेंगे। विधायक के इस दौरे से मृतक परिवारों को सांत्वना मिली और उन्हें उम्मीद जगी कि उन्हें न्याय मिलेगा। विधायक के प्रयासों से मृतक परिवारों को राहत मिलेगी, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। मौके पर जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष संजू यादव, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजीत कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय यादव शामिल थे।

## बालू में दफन मिला महिला का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के आमस थाना क्षेत्र के चिताब खुर्द मोरहर नदी से शुक्रवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिला है। महिला की उम्र करीब 35 साल बताई जा रही है। हालांकि शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लेकर मगध मेडिकल कालेज अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह शौच के लिए गए एक व्यक्ति की नजर नदी किनारे एक कुत्ते पर पड़ी, जो बालू में गड्ढा खोद रहा था। व्यक्ति को शक हुआ और वह पास गया तो देखा कि वहां महिला का शव बालू में गड़ा हुआ है। इसे कुत्ता नोच रहा है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही आमस पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला की हत्या कर शव को यहां दफनाया गया है या किसी अन्य कारण से उसकी मौत हुई है। फिलहाल, पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। साथ ही शव की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। ग्रामीणों में इस घटना से दहशत का माहौल है। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। एएसपी शैलेंद्र सिंह ने कहा है कि महिला की पहचान और मौत के कारण का पता लगाने के लिए आसपास के थानों से भी संपर्क किया जा रहा है। मामले की जांच तेज कर दी गई है।

## नहीं रहे शब्दवीणा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष देश के जाने-माने कवि सुरेश फक्कड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की उत्तर प्रदेश समिति के अध्यक्ष, देश के जाने-माने वरिष्ठ कवि सुरेश फक्कड़ का निधन हो गया। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शिनी ने बताया कि श्री सुरेश कुछ दिनों से लगातार बीमार चल रहे थे। उनके कुशल नेतृत्व एवं संरक्षण में उत्तर प्रदेश में शब्दवीणा की कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर, मथुरा, लखनऊ, बाराबंकी आदि महत्वपूर्ण जिला समितियां गठित हुईं और वे अनवरत रूप से साहित्य सेवा में जुटी हैं। विगत 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शब्दवीणा कानपुर जिला समिति द्वारा आयोजित अविस्मरणीय कवि सम्मेलन में श्री फक्कड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –**
**13RI / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–26.06.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /60/2024-25 | पंचायत पंसा, ग्राम–पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक पथ निर्माण कार्य। 1. 60कि0मी0 | 163.455 | एक करोड़ तिरसठ लाख पैतालीस हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /61/2024-25 | मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक पथ निर्माण कार्य। 1.10कि0मी0 | 132.160 | एक करोड़ बत्तीस लाख सोलह हजार रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /62/2024-25 | पंचायत महुवरी नवीनगर मुख्य पथ से ग्राम बसारी पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। 1.975कि0मी0 | 222.183 | दो करोड़ बाईस लाख अठ्ारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /63/2024-25 | हैदरनगर देवीधाम शिव मंदिर से ग्राम जमुआ खूर्द होते हुए रतनबीघा शिव सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.50कि0मी0 | 184.407 | एक करोड़ चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 356091 Rural Development(25-26)#D

संपादकीय

# महाराष्ट्र : हिंदी पर सियासत

महाराष्ट्र के स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य करने को लेकर सियासत और तेज हो गई है। अभी तक राज्य में विपक्ष इसे मुद्दा बना रहा था, लेकिन अब सत्तारूढ़ महायुति के मुख्यर घटक राकांपा के प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अजित पवार ने सीधे सीधे राज्य सरकार की तीसरी भाषा नीति पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों पर शुरुआत से ही अतिरिक्त भाषाई बोझ डालना उचित नहीं है और हिंदी की पढ़ाई कक्षा 5 से शुरू होनी चाहिए। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा कि छात्रों को मराठी की शिक्षा कक्षा 1 से मिलनी चाहिए ताकि वे भाषा को पढ़ने और लिखने में दक्ष हो सकें। लेकिन हिंदी को कक्षा 1 से पढ़ाना जरूरी नहीं है। इसके पहले शिवसेना (उद्धव) और मनसे के राज ठाकरे ने राज्य में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ खुलकर विरोध शुरू कर दिया था। दोनो भाइयों का दांव यह है कि हिंदी विरोध की आड़ में मराठी माणूस वाली राजनीति को तेज किया जाए और मराठी भाषा व अस्मिता का मुद्दा उछालकर अपनी सियासी जमीन मजबूत की जाए। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी राज्यों में बच्चों को प्राइमरी से तीन भाषाएं पढ़ाने का फार्मूला लागू किया है। इसमें पहली मातृभाषा, दूसरी अंगरेजी और तीसरी हिंदी होगी। इसी के तहत राज्य की फडणवीस सरकार ने पिछले दिनों आदेश निकाला था कि राज्य में सभी मराठी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलो में अब पहली क्लास से पांचवीं तक तीसरी भाषा के रूप हिंदी पढ़ाई जाएगी। स्थानीय स्तर पर इसका ज्यादा विरोध नहीं हुआ, क्योंकि एक तो महाराष्ट्र में हिंदी दूसरी संपर्क भाषा है तथा महाराष्ट्र से बाहर जाने वालों के लिए हिंदी जानना जरूरी है। वैसे राज्य के स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई पहले से हो रही थी। लेकिन उसे पढ़ना अनिवार्य नहीं था। जब विपक्ष ने इसे हिंदी थोपने के रूप में प्रचारित किया तो फडणवीस सरकार ने बैकफुट पर जाकर उसकी अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया। साथ में यह भी जोड़ा कि हिंदी से इतर कोई भी तीसरी भारतीय भाषा तभी पढ़ाई जा सकेगी, जब उसके कम से कम 20 विद्यार्थी होंगे। यानी कोई महाराष्ट्र में रहकर अपनी मातृभाषा गुजराती या कन्नड सीखना चाहेगा तो पढ़ाई तो जाएगी लेकिन विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर उसकी पढ़ाई ऑन लाइन होगी। जाहिर है कि ऐसी स्थिति में ज्यादातर विद्यार्थी हिंदी का विकल्प ही चुनेंगे। हैरानी की बात यह है कि हिंदी विरोध की इस मुहिम में राजनेताओंके अलावा वो मराठी कलाकार भी शामिल हो गए, जो हिंदी फिल्मो में सीरियलों में काम करके खासा पैसा कमाते हैं। राज्य में हो रहे भारी विरोध के बाद मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि तीसरी भाषा नीति पर अंतिम निर्णय सभी हितधारकों-साहित्यकारों, भाषाविदों और राजनीतिक नेताओं से विचार-विमर्श के बाद ही लिया जाएगा। जबकि महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने स्पष्ट किया कि राज्य में केवल मराठी भाषा ही अनिवार्य है, हिंदी नहीं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में तीसरी भाषा पढ़ाने को लेकर चल रहा विवाद पूरी तरीके से अतार्किक है। दरअसल हिंदी के इस तमाम विरोध के पीछे असल कारण महाराष्ट्र में चार माह बाद होने वाले स्थानीय निकायों के चुनाव हैं। इस कारण हर पार्टी मराठी व मराठी संस्कृति के प्रति प्रेम दिखाने से नहीं चूक रही। भाजपा यह जानती थी इसलिए उसने हिंदी भाषियों को गोलबंद करने के लिए चुनाव के पहले ही यह आदेश जारी किया। विपक्ष ने चाल पकड़ली और विरोध में मराठियों को लामबंद करने का दावं चल दिया।

# भारत में सहकारिता का है अमृतकाल

**सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं। अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



भारत का यह अमृतकाल है। अमृतकाल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना। जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है। देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है। और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का एहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं।

सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं। अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछइस प्रकार थे-विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पञ्च प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है।

विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलायें हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक दूसरे का सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। बस्तुतः आत्मनिर्भरता बनाने की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भरतोय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देश भर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकारिता के लिए यह सोच देश को पहले मिल जाती तो देश में आज़ सहकारिता के बिंब कुछ और होते। लेकिन यह सबकुछ हो रहा है आज़ादी के 75 वर्ष बाद, उसके अमृतकाल में जब सहकारिता आंदोलन को अमित शाह जैसा नेतृत्व प्राप्त हुआ है। सहकारिता की अमृत यात्रा इसलिए अब विशेष उपलब्धियां अर्जित कर रही है। सहकारिता को नए पंख लग गए हैं और देश इससे विकास व समृद्धि की नई उड़ान भर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सरकार की यह प्रतिबद्धता है। सहकारिता के इस अमृतकाल में सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है। अमित शाह की इनमें अपनी स्वयं की लगन, मेहनत व ईमानदार कोशिश अप्रतिम है जिसका देश कृतज्ञ रहेगा। क्योंकि अभी जो कुछ सफलताएं, उपलब्धियाँ देश के सहकारिता आंदोलन व आमजन को मिल रही हैं वह उनके सार्थक पहल व प्रयास से संभव हो पाया है।

अध्यात्म

## अपने प्रारब्ध स्वयं अपने हाथों से काटे

एक गुरूजी थे। हमेशा ईश्वर के नाम का जाप किया करते थे। काफी बुजुर्ग हो गये थे। उनके कुछ शिष्य साथ मे ही पास के कमरे मे रहते थे। जब भी गुरूजी को शौच, स्नान आदि के लिये जाना होता था, वे अपने शिष्यो को आवाज लगाते थे और शिष्य ले जाते थे। धीरे-धीरे कुछ दिन बाद शिष्य दो तीन बार आवाज लगाने के बाद भी कभी आते कभी और भी देर से आते। एक दिन रात को निवृत्त होने के लिये जैसे ही गुरूजी आवाज लगाते है, तुरन्त एक बालक आता है और बडे ही कोमल स्पर्श के साथ गुरूजी को निवृत्त करवा कर बिस्तर पर लेटा जाता है। अब ये रोज का नियम हो गया।

एक दिन गुरूजी को शक हो जाता है कि, पहले तो शिष्यों को तीन चार बार आवाज लगाने पर भी देर से आते थे। लेकिन ये बालक तो आवाज लगाते ही दूसरे क्षण आ जाता है और बडे कोमल स्पर्श से सब निवृत्त करवा देता है। एक दिन गुरूजी उस बालक का हाथ पकड लेते है और पूछते कि सच बता तू कौन है? मेरे शिष्य तो ऐसे नही हैं।

वो बालक के रूप में स्वयं ईश्वर थे, उन्होंने गुरूजी को स्वयं का वास्तविक रूप दिखाया। गुरूजी रोते हुये कहते है, हे प्रभु आप स्वयं मेरे निवृत्ती के कार्य कर रहे है। यदि मुझसे इतने प्रसन्न हो तो मुक्ति ही दे दो ना। प्रभु कहते है कि जो आप भुगत रहे है वो आपके प्रारब्ध है। आप मेरे सच्चे साधक है, हर समय मेरा नाम जप करते है इसलिये मै आपके प्रारब्ध भी आपकी सच्ची साधना के कारण स्वयं कटवा रहा हूँ। गुरूजी कहते है कि क्या मेरे प्रारब्ध आपकी कृपा से भी बडे है, क्या आपकी कृपा, मेरे प्रारब्ध नही काट सकती है। प्रभु कहते है कि, मेरी कृपा सर्वोपरि है, ये अवश्य आपके प्रारब्ध काट सकती है, लेकिन फिर अगले जन्म मे आपको ये प्रारब्ध भुगतने फिर से आना होगा। यही कर्म नियम है। इसलिए आपके प्रारब्ध स्वयं अपने हाथो से कटवा कर इस जन्म-मरण से आपको मुक्ति देना चाहता हूँ। ईश्वर कहते है! प्रारब्ध तीन तरह के होते है मन्द प्रारब्ध मेरा नाम जपने से कट जाते है। तीव्र प्रारब्धः किसी सच्चे संत का संग करके श्रद्धा और विश्वास से मेरा नाम जपने पर कट जाते है। पर... तीव्रतम प्रारब्ध- भुगतने ही पडते है। लेकिन जो हर समय श्रद्धा और विश्वास से मुझे जपते हैं, उनके प्रारब्ध मैं स्वयं साथ रहकर कटवाता हूँ और तीव्रता का अहसास नहीं होने देता हूँ।

प्रारब्ध पहले रचा, पीछे रचा शरीर।
तुलसी चिन्ता क्यों करे, भज ले श्री रघुबीर॥

# मोदी की दो टूक से ध्वस्त हुआ झूठा नैरेटिव

**साफ है कि ऑपरेशन सिंदूर पर विरोधियों द्वारा बनाया नैरेटिव शर्मनाक तौर पर झूठा था। ट्रंप को भी सीधे प्रधानमंत्री से यह सुनने के बाद कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वार नहीं, युद्ध के रूप में ही देखता है और 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है, हमारी नीति और तैयारी का स्पष्ट आभास हो गया होगा। यानी आप क्या सोचते और चाहते हैं वह नहीं हमारी सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है और यही नीति का मुख्य आधार है। सामान्य तौर पर यह व्यवहार भी हैरत भरा है कि एक ओर ट्रंप पाकिस्तान के फिल्ड मार्शल जनरल असीम मुनीर को रात्रि भोज दे रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी से अमेरिका आने का आग्रह कर रहे हैं। यह अमेरिका की कैसी रणनीति है? मोदी सरकार ने ट्रंप प्रशासन के साथ सही रणनीति अपनाया और दूसरी प्रतिबद्धताओं की बात कह मोदी ने ट्रंप के निमंत्रण को ठुकरा दिया।**

अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जी 7 के लिए कनाडा, उसके पहले साइप्रस और फिर क्रोएशिया तक की यात्रा अनेक अनेक अर्थों में विदेश नीति, समर-नीति से लेकर रक्षा, आंतरिक सुरक्षा तथा नैरेटिव के संदर्भ में जबरदस्त उपलब्धियों एवं परिणामों वाली मानी जाएगी। भारत के अंदर और बाहर विरोधियों को भी इस तरह सफलता को प्रतिध्वनित करने वाली यात्रा की कल्पना नहीं रही होगी। शायद इन शब्दों में किसी को अतिवाद दिखे किंतु क्या आपने कल्पना की थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में सीधे ऑपरेशन सिंदूर और भारत पाकिस्तान सैनिक टकराव रुकने संबंधी अमेरिकी दावे का ऐसा खंडन किया जाएगा? ऐसा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप आगे भारत पाकिस्तान के संदर्भ में श्रेय लेने के लिए मध्यस्थता करने का दावा नहीं करेंगे। उन्होंने किया भी है। किंतु विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर 35 मिनट की हुई बातचीत का जो ब्यौरा दिया उसका ट्रंप प्रशासन द्वारा खंडन न किया जाना ही बताता है कि वक्तव्य पूरी तरह सच है। दो नेताओं की बातचीत में सामने वाले को कहा जाए कि आपने जो दावा किया वैसी बातचीत हमारे आपके बीच कभी हुई नहीं तो उस पर क्या गुजरेगी? विदेश सचिव विक्रम मिश्री की इन पंक्तियों को देखिए-, 'प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्रवाई रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच हुई। दोनों सेनाओं की बात मौजूदा चैनल्स के माध्यम से हुई थी। पाकिस्तान के ही आग्रह पर ये बातचीत हुई थी।' ट्रंप ने क्या उत्तर दिया यह सामने नहीं है। जरा सोचिए, अगर ट्रंप जी 7 बैठक बीच में छोड़ अमेरिका नहीं लौटे होते और आमने-सामने बातचीत होती तो कैसा दृश्य होता? कहीं ऐसा तो नहीं कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेवर का आभास ट्रंप को हो और उन्होंने वहां से तत्काल निकल जाने में नहीं उचित समझा।

निश्चित रूप से देश में कांग्रेस सहित सारी पार्टियों और झूठे नैरेटिव से नकारात्मक इकोसिस्टम खड़ा करने वाले समूहों को धक्का पहुंचा होगा। भारत-पाकिस्तान के सैनिक टकराव रुकने के संबंध में ट्रंप के लगातार वक्तव्यों को आधार बनाकर संकुचित राजनीति के लिए जिस तरह का उपहास प्रधानमंत्री, भारतीय विदेश नीति व रक्षा नीति का उड़ाया जा रहा था उन सब पर तुषारापात हुआ है। सामान्य शिष्टाचार है कि ट्रंप अंकल का एक फोन आते ही मोदी ने युद्ध रोकने का आदेश दे दिया का नैरेटिव चलाने वाले कम से कम अफसोस प्रकट करें। किसी ने नहीं सोचा कि जब भारत की वर्षों पुरानी नीति कश्मीर को द्विपक्षीय मामला मानने तथा तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप न करने देने की है तो सरकार इससे परे नहीं जा सकती। वैसे भी नरेंद्र मोदी सरकार ने तो पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादी हमलों का प्रतिकार किया और नीतिगत बयान यही है कि केवल पाक अधिकृत कश्मीर को सुलझाना ही बचा हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में ही पाकिस्तान से किसी स्तर की बातचीत या तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को सीधे-सीधे नकारा। विदेश सचिव के वक्तव्य से यह धारणा भी खंडित हुआ कि इस बीच मोदी और ट्रंप के बीच कोई बातचीत हुई। वे कह रहे हैं कि उसके बाद दोनों नेताओं की पहली बातचीत थी। पूरे घटनाक्रम की स्थिति में यह तथ्य काफी महत्वपूर्ण है। यानी 9 मई को केवल अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत हुई जिन्होंने पाकिस्तान द्वारा भारत पर बड़े हमले की जानकारी दी थी और जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत उससे बड़ा जवाब देगा और दिया गया। यानी युद्धविराम की उसमें भी कोई बात नहीं।



साफ है कि ऑपरेशन सिंदूर पर विरोधियों द्वारा बनाया नैरेटिव शर्मनाक तौर पर झूठा था। ट्रंप को भी सीधे प्रधानमंत्री से यह सुनने के बाद कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वार नहीं, युद्ध के रूप में ही देखता है और 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी भी जारी है, हमारी नीति और तैयारी का स्पष्ट आभास हो गया होगा। यानी आप क्या सोचते और चाहते हैं वह नहीं हमारी सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है और यही नीति का मुख्य आधार है।

सामान्य तौर पर यह व्यवहार भी हैरत भरा है कि एक ओर ट्रंप पाकिस्तान के फिल्ड मार्शल जनरल असीम मुनीर को रात्रि भोज दे रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी से अमेरिका आने का आग्रह कर रहे हैं। यह अमेरिका की कैसी रणनीति है? मोदी सरकार ने ट्रंप प्रशासन के साथ सही रणनीति अपनाया और दूसरी प्रतिबद्धताओं की बात कह मोदी ने ट्रंप के निमंत्रण को ठुकरा दिया। यह भी ट्रंप और उनके प्रशासन के लिए सामान्य धक्का नहीं था। कनाडा से अमेरिका जाकर कुछ घंटे बातचीत करते हुए क्रोशिया जा सकते थे। इसका आभास भी ट्रंप और उनके प्रशासन को होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कर भारत की नाराजगी प्रकट कर दिया है। मोदी को ट्रंप का आज्ञाकारी और न जाने क्या-क्या शब्द देने वाले कभी यह भी नहीं सोचते कि वह किसी व्यक्ति का नहीं 140 करोड़ भारतीयों के नेता और इस नाते भारत को छोटा दिखा रहे हैं। विचार इस पर होना चाहिए कि ट्रंप के व्यवहार में बदलाव आया क्यों? सब कुछ जानते हुए डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन पाकिस्तान के साथ सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार कैसे करने लगा?

इसे भारतीय विदेश नीति की विफलता करार देना भी अनुचित है। भारत की अंतराष्ट्रीय स्तर पर जो हैसियत है वह बनी हुई है। ऐसा नहीं होता तो जी7 के देश ही मांग नहीं करते कि सम्मेलन में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री ने वहां आतंकवाद पर खड़ी-खरी सुनते हुए कहा भी आतंकवाद पर हमारा रवैया नहीं बदला तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। एक ओर तो हम अपने अनुसार किसी पर प्रतिबंध हैं और दूसरे आतंकवाद के मुख्य केंद्र को समर्थन करते हैं। अमेरिका , यूरोप पाकिस्तान की भूमिका के बारे में पूरी जानकारी रखते हैं। किंतु उनकी सोच है कि पाकिस्तान अलग-थलग होकर पूरी तरह चीन के पाले में चला जाएगा और एक उग्रवादी अराजकतावादी देश बन जाएगा। ये नहीं चाहते कि पाकिस्तान को अलग-थलग कर उसे पूरी तरह चीन के पाले में जाने और उग्रवादी अराजकतावादी देश बनने की ओर धकेल दें। एक समय पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय जेहादी आतंकवाद का मुख्य केंद्र था। आज वह उसी रूप में उनके लिए खतरा नहीं है जैसा भारत के लिए है। अमेरिका की उसके पड़ोसी अफगानिस्तान और ईरान से उपस्थिति भी खत्म है। भारत को इसका ध्यान रखते हुए ही नीतियां बनानी है और बना भी रहा है। आतंकवादी हमले होंगे तो सब साथ होने का बयान देंगे, लेकिन पाकिस्तान पर हमले में साथ नहीं मिलेगा। तो सबक यही है कि विरोधी मोदी विरोध के नाम पर भारत को छोटा दिखाने के लिए इस तरह झूठ नैरेटिव से बचें।

# आयुष्मान भारत : कोई भी भारतीय इलाज की सुविधा से न हो वंचित

- **बिहार के ज्ञानेंद्र को आयुष्मान भारत से मिला नया जीवन**
- **प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा पत्र, कहा-आपका स्वास्थ्य, हमारा संकल्प**

आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं, उसमें से एक मैं भी हूं। मुझे किडनी की समस्या हो गई थी और इस योजना से बिहार के पटना में मेरा इलाज हुआ है। इस योजना से देश के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। यह योजना बहुत ही कारगर व लाभप्रद है। सहजता से स्वास्थ्य लाभ मिलने की संतुष्टि और बिना किसी खर्च के इलाज मिल जाने के सुकून भरे यह शब्द हैं बिहार के ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता का, जिनका आयुष्मान योजना की सुविधा से किडनी का निःशुल्क इलाज संभव हुआ है। ज्ञानेंद्र ने इलाज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ह्रदय से आभार जताया। इस परिवर्तनकारी योजना से ज्ञानेंद्र जैसे करोड़ों लोगों को लाभ मिलना सहज हुआ है, जो लगभग एक दशक पूर्व इलाज के खर्च के बोझ से गरीबी रेखा से नीचे चले जाते थे। ऐसे में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की क्रांतिकारी योजना देश के 55-60 करोड़ गरीब-मध्यम वर्ग-बुजुर्गों के लिए वरदान बन गई है। देश में पहले भी यूनीवर्सल हेल्थकेयर की बात होती थी, लेकिन पहली बार किसी सरकार ने 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज के साथ दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर सुविधा दी है। यही कारण है कि लाभान्वित लोगों के मन का भाव स्वभाविक रूप से उमड़ता है। ज्ञानेंद्र ने अपना भाव शब्दों में पिरोकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा तो उनकी भी सहजता और नागरिकों से जुड़ाव की भावना उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पटना निवासी ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता को पत्र लिखकर उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी की देश के नागरिकों के प्रति कल्याण की सोच कितनी संवेदनशील है, यह उनके पत्र में भी स्पष्ट है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, आपके स्वास्थ्य में सुधार के बारे में जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है। आपने पत्र में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से बीते दिनों किडनी के सफल उपचार की जो जानकारी साझा की है, उससे हृदय को असीम संतुष्टि मिली है। ज्ञानेंद्र ने अपने पत्र में लिखा है, आपके (पीएम मोदी) हिम्मत और व्यक्तित्व से देश की जनता को राहत और रास्ता मिलता रहेगा। इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी भावना को शब्दों में पिरोने से नहीं रोक पाए। उन्होंने लिखा, हमने चिकित्सा पर होने वाले खर्च से परिवारों की जीवन भर की जमा-पूंजी एक झटके में खत्म होते देखा है। कई बार तो लोग इस खर्च के कारण इलाज करवाने से भी कतराते थे। आज आयुष्मान भारत योजना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी भारतीय इलाज से वंचित न रहे। समुचित उपचार मिलने पर किस तरह एक व्यक्ति के जीवन को नई उम्मीद और दिशा मिलती है, यह इस योजना ने सिद्ध कर दिखाया है। पीएम मोदी ने आगे यह भी लिखा कि एक विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत कितना जरूरी है। एक स्वस्थ व्यक्ति न केवल अपने परिवार को संबल देता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसलिए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में ज्ञानेंद्र को लिखा, कहा गया है- 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम।' अर्थात शरीर ही सभी कार्यों और कर्तव्यों की पूर्ति का प्रथम साधन है। जब नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी राष्ट्र भी सबल और सक्षम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर आम नागरिकों तक पहुंच रही हैं और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं, यह अत्यंत सुखद है। उन्होंने कहा, इलाज के बाद आप जैसे सभी साथियों को अपने जीवन में फिर से उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते देखना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने ज्ञानेंद्र के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निःसंदेह, आयुष्मान भारत योजना, विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक स्वास्थ्य क्रांति है। दरअसल, अध्ययन बताते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा से जीवन प्रत्याशा में एक साल की भी बढ़ोतरी मात्र से जीडीपी में 4 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। ऐसे में आयुष्मान भारत योजना, विविधता से भरे बड़ी आबादी वाले देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है, उसे सहजता से समझा जा सकता है।

# मानव सेवा ही सबसे बड़ी इश्वर सेवा : राज्यपाल

## मंदिर परिसर में 800 लोगों को मिले नि:शुल्क उपकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा।** बिहार के राज्यपाल मो आरिफ खान ने जय मां काली मंदिर बखोरापुर बड़हरा भोजपुर के मंच से कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है। जो भी जीव आत्मा है, उसके प्रति उसका संवेदना होना चाहिए। करुणा की भाव होना चाहिए। अब हमारे जैसा इंसान अगर वह किसी समस्या से ग्रस्त है। पहले हम उन्हें विकलांग कहते हैं, वह विकलांग नहीं है। वह एक चुनौती का सामना कर रहे हैं और समाज कि ये जिम्मेवारी है कि हम चुनौती का उसका सामना कर रहे को मदद करें। समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक एडिप/ राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण वितरण समारोह के दौरान कही। कहा कि मैं बीडी सिंह व उनके साथियों को साधुवाद देते हैं कि वास्तव में मंदिर से किसी भी धार्मिक स्थान, पूजा स्थल से प्रेरणा देने का चीज है कि हम दूसरों के लिए सहायक बन सके हैं। दूसरों की पीड़ा समझ सके हमारे परंपरा में कहा गया है 'मानव सेवा ही माधव सेवा है' हमारी जीव आत्मा के नाते जितनी हमारी ज़रूरतें हैं वही जरूरत की भावनाएं जो इंसानो की है, मानव की है, जानवरों की है। वहीं पेड़ पौधों की है। महामहिम ने संस्कृत के श्लोक 'आहार निद्रा भय मैथुनम...।' का व्याख्या कर कहा कि जितनी हमारी ज़रूरतें हैं। खाना, निंद्रा सब जीवो को चाहिए। उन्हे खतरा से बचाए। अपने नस्ल को बचाने की, जारी रखने की प्रक्रिया, हम सब में समान रूप से पाई जाती है। एक ही जीव है जो मानव को दूसरे जीवन से विभिन्नता पर काम करती है। वह है धर्म। यही भारत की धार्मिक शिक्षा है। सारे शास्त्रों में सारे किताबों में परोपकार करो की बात कही गई है। परोपकार करोगे तो पुण्य है। पीड़ा पहुंचाओगे तो यह पाप है। हमारे बहुत बड़े संत स्वामी विवेकानंद कहते थे वास्तव में वही जिंदा है। जो दूसरों के लिए जिंदा रहता है। दूसरों की सेवा करता है। पापी लोग मृत प्राय हैं। भारत सरकार की यह जो योजना है जो उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं मैं उन्हें साधुवाद देता हूं। यह मंदिर बरसों पुरानी है। इसकी चर्चा पूरे देश विदेश में है। बड़ी श्रद्धा के साथ लोग इस मंदिर मे दर्शन करने हेतु आते हैं। मेरा परम सौभाग्य है कि आज हमने माता रानी का दर्शन किया।

राज्यपाल मो आरिफ खान बखोरापुर मंदिर पहुंचे उनके पहुंचने से पहले मंदिर परिसर के चारो तरफ पुलिस प्रशासन मौजूद था। उनके पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद महामहिम राज्यपाल ने माता रानी के मंदिर में जाकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना व आरती की। उसके बाद मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान हुआ उसके पश्चात मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह एवं सुनील सिंह गोपाल ने उन्हें माता का मोमेंटो तथा चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया। मंच पर साथ में मंदिर ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार लक्ष्मण तिवारी एवं आसरा भोजपुर के डायरेक्टर दीप्ति राघव भी उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि दिव्यांग लोगों को 10 ट्राई साईकिल, 300 व्हीलचेयर, छड़ी एवं अन्य उपकरण समेत 800 लोगों को उपकरण दिए गए। कुल 800 लोगों को जरूरत का सामान देकर उन्हें सम्मानित किया गया। राज्यपाल मंच से नीचे पहुचे दिव्यांग लोगों को बैट्री वाली गाड़ी वितरण किया एवं सभी आए हुए दिव्यांग एवं बुजुर्ग लोगों से मिले। मौके पर रवि शंकर सिंह, कमल किशोर सिंह, पूर्व मेजर राणा प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने जगदीशपुर प्रखंड की चकवा पंचायत में तीन योजनाओं का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड की चकवा पंचायत में शनिवार को विधायक रामविशुन सिंह उर्फ लोहिया ने तीन योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें एक विधायक मद से निर्मित मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के चकवा पंचायत के ग्राम दीघा में सामुदायिक भवन, पीसीसी निर्माण कार्य और शिवराजी टोला नहर पर पुल निर्माण कार्य शामिल है।

विधायक ने कहा कि इन योजनाओं के निर्माण से पंचायत और गांव के लोगों को काफी फायदा होगा। सामुदायिक भवन से स्थानीय लोगों को कई तरह के कार्यक्रमों को करने में सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए हमने प्राथमिकता के आधार पर इन



योजनाओं को स्वीकृत कराया और आज उसका शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष भोला खान, विधायक प्रतिनिधि देव सुन्दर सिंह, युवा राजद अध्यक्ष रवि यादव, पैक्स अध्यक्ष दिनेश सिंह, अनिल कुमार यादव, मैनेजर सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, मुन जी सिंह, चकवा पंचायत मुखिया सतेन्द्र सिंह, शंकर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है एनटीपीसी कहलगांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले में स्थित एनटीपीसी कहलगाँव द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत चार सप्ताह तक चलने वाला बालिका सशक्तिकरण अभियान ऽ 2025 का समापन आज हर्षोल्लास वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर अंग भवन में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि संदीप नायक, कार्यकारी निदेशक, ने प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा सृष्टि समाज, सभी महाप्रबंधकगण एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में बालिकाओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सीखने की लगन की सराहना की और कहा कि बच्चियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, ज़रूरत है उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन देने की। श्री नायक




ने कहा कि इस अभियान की सफलता का श्रेय बच्चियों, उनके परिजनों, प्रशिक्षकों और आयोजन टीम के सामूहिक प्रयास को मिलता है। हम सबों को मिलकर ऐसे सामूहिक प्रयास को आगे भी जारी रखना है। एनटीपीसी की कहलगाँव परियोजना शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में निरंतर ग्रामीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसके पहले सौरभ शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख, ने स्वागत भाषण देते हुए इस अभियान की रूपरेखा साझा की और कहा कि 02 से 28 जून 2025 तक चले इस आवासीय शिविर में भागलपुर (बिहार) और गोड्डा (झारखंड) जिले की 120 ग्रामीण बालिकाओं ने भाग लिया। बच्चियों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, योग, आत्मरक्षा, खेलकूद, सहानुभूति, जीवन कौशल, कंप्यूटर शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, और संवाद कौशल जैसे विविध विषयों पर कार्यशालाओं से जोड़ा गया। इसके अलावा सहज योग, मार्शल आर्ट्स, नृत्य-नाटक, चित्रकला, क्विज़, जादू कार्यक्रम, और फिल्म प्रदर्शन जैसे रचनात्मक व सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से बच्चियों के भीतर आत्मविश्वास का संचार किया गया है।

इस मौके पर महाप्रबंधक रवींद्र पटेल एवं प्रभात बारिक, अपर महाप्रबंधक भास्कर गुप्ता, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुष्मिता सिंह, सृष्टि समाज की उपाध्यक्षा अर्चना पटेल, संघमित्रा दास, रीता रजक,पूजा कुमारी, शिप्रा, रानी कुमारी, विजेता कुमारी ,मधु कुमारी सहित बड़ी संख्या में बच्चियों के परिजन, शिक्षकगण और एनटीपीसी कर्मी उपस्थित थे। एनटीपीसी कहलगांव द्वारा संचालित यह अभियान, ग्रामीण बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रेरक पहल है।

## सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के पंचबा गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने एक साइकिल सवार छात्रा को रौंद डाला। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जामकर ट्रक में जमकर तोड़फोड़ की जिसमे ट्रक का शीशा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मृत छात्रा की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव के वार्ड संख्या 18 निवासी ग्राम कचहरी सचिव अजय कुमार यादव की 14 वर्षीय पुत्री तनिषा कुमारी के रूप में हुई है। वह बगवाड़ा उच्च विद्यालय में दशम वर्ग की छात्रा थी। विद्यालय द्वारा आयोजित त्रैमासिक परीक्षा देने साइकिल से स्कूल गई थी। परिजनों ने बताया कि तनिषा बागवारा उच्च विद्यालय में दशम वर्ग की छात्रा थी और वह त्रैमासिक परीक्षा देने विद्यालय गई थी। विद्यालय में रुपया जमा कर वह वापस अपने घर लौट रही थी तभी तेज रफ्तार एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना को देख भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने खदेड़ा तो वाहन चालक ट्रक को छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया और ट्रक में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोग ट्रक पर कार्रवाई के साथ छात्रा के परिजनों को मुआवजा की मांग कर रहे थे। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश था कि ग्रामीण सड़क होने के बावजूद वाहन चालक तेज रफ्तार में चलाते हैं जिस वजह से आए दिन यहां दुर्घटना होती है। दुर्घटना में छात्रा के मौत होने की सूचना पाकर मटिहानी विधायक राज कुमार सिंह भी घटना स्थल पहुंचकर पीड़ित परिजनों को ढाढस बंधाया और अपनी संवेदना जताई। विधायक ने लोगों को सरकारी अनुदान की राशि दिलाने में सहायता करने का भरोसा दिलाया।

## युवक की पीट-पीट कर हत्या

### पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही गांव के बगल में स्थित बहियार में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रचियाही निवासी विमल पासवान के पुत्र रूपेश कुमार उर्फ टिप्पू (22) के रूप में की गई है। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं गांव के लोगों में काफी आक्रोश है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक के परिजनों का कहना है कि रूपेश मजदूरी करता था। कल शाम में 7 बजे घर से निकला था। उसके बाद काफी देर तक वापस नहीं आया। वह नशा नहीं करता था, लेकिन रात करीब 9:30 बजे फोन करके जब अपनी मम्मी से बात किया तो काफी नशे में था। उसने कहा था कि घर नहीं आऊंगा, इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों ने रात भर काफी कोशिश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह में जब कुछ लोग खेत की ओर जा रहे थे तो घर से करीब 500 मीटर दूर जमलाही बहियार में एक बगीचे में लाश देखा। शव मिलने की सूचना गांव पहुंची तो हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। इसी दौरान उसके परिजन भी पहुंचे तो पहचान रूपेश उर्फ टिप्पू के रूप में की गई। शव की स्थिति देखकर लग रहा है कि पीट-पीट कर हत्या की गई है। उसके गले पर भी रस्सी के निशान है। फिलहाल परिजन किसी भी वाद-विवाद से इंकार कर रहे हैं। वहीं पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है। उसके बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## एक नजर

### बीएलओ को किया गया प्रशिक्षित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न बूथों के अधिकारी और उनके सुपरवाइजरों को शनिवार को हाई स्कूल वीरपुर में वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बेगुसराय अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा वीरपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केंद्र का युक्तिकरण को लेकर सभी बीएलओ एवं उनके सुपरवाइजर को प्रशिक्षित कर आवश्यक दिशा निर्देश एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर के साथ सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### जनता दरबार में तीन मामलों का निष्पादन

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोईलवर थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवादों के निपटारे के लिए जनता दरबार लगाया गया। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र और राजस्व पदाधिकारी राजवंश सिंह ने संयुक्त रूप से की। राजस्व पदाधिकारी राजवंश सिंह ने बताया कि जनता दरबार में थाना क्षेत्र से भूमि विवाद का तीन मामला सामने आया। जिसमें तीनों का निष्पादन कर दिया गया व एक पूर्व का मामला था जिसका अगला डेट पड़ा है। इसका स्थल निरीक्षण होगा। उसके उपरांत उस पर काम होगा। थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने बताया कि हर शनिवार को भूमि विवादों के समाधान के लिए थाना परिसर में जनता दरबार लगाया जाता है।

### शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में दिया गया टैबलेट

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा में बेहतरी हेतु बिहार सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में शनिवार को शिक्षा विभाग की ओर से कोईलवर प्रखंड संसाधन समन्वयक कार्यालय परिसर में क्षेत्र के 148 विद्यालय को एसर कंपनी के टैबलेट वितरण किया गया। इस टैबलेट का उपयोग से शिक्षक को अपने उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, मध्यान भोजन तथा विद्यालय संबंधित अन्य कार्य ऑनलाइन माध्यम से करने में सहूलियत होगी। वहीं टैबलेट वितरण के साथ-साथ शिक्षकों को इसके संचालन के बारे में भी पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री भगवान साह, प्रखंड लेखापाल संजय कुमार, शिक्षक कुंदन कुमार, रामनिवास तिवारी, सोनू कुमार गुप्ता व विभिन्न विद्यालय से आए हुए शिक्षक उपस्थित थे।

### सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम संपन्न

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी मिडिल एवं प्लस टू स्कूल में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों को हजार्ड हंट की जानकारी दी गयी। विद्यालय के फोकल शिक्षक ने बाल संसद के सदस्यों एवं स्कूली बच्चों को सुरक्षित शनिवार के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा किया।कार्यक्रम में बताया गया कि बिहार में बाढ़, सुखाड़, भूकंप, चक्रवाती तूफान, आगजनी, सड़क दुर्घटना, वज्रपात, लू, सर्पदंश सहित विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं का प्रवणता अत्यधिक है। जिसमें स्कूली बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदाओं के जोखिम को न्यूनीकरण करने के लिए तैयार किया जा रहा है। बच्चे प्रत्येक शनिवार को विद्यालय स्तर पर प्रा.तिक आपदाओं से होने वाली जोखिम की पहचान करेगा तथा स्कूल में योजनाबद्ध तरीके से हजार्ड हंट की खोज कर आपदाओं के जोखिम को योजना निर्माण कर समस्या का न्यूनीकरण करेंगे। इस अवसर पर हेडमास्टर सरोज कुमार,मनटुन महतो, शंभु महतो, रणधीर कुमार, धर्मशील कुमार, संजीत कुमार महतो, प्रियरंजन कुमार, गणेश झा, अशोक शर्मा सहित कन्हैया कुमार, आभा कुमारी, हरिहर सहनी एवं बाल संसद एवं बाल प्रेरक,मीना मंच के सदस्य सहित शिक्षक शिक्षिका आदि मौजूद थे।

### सात भूमिहीनों को दिया गया पर्चा

**गड़हनी/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बसेरा 2 के अंतर्गत प्रखंड के हरपुर पंचायत के बडीहा गांव में 7 गरीब भूमिहीनों को जमीन का बासगीत पर्चा दिया गया है। पर्चा गड़हनी सीओ दीपा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष चंदन सोनी, जदयू मीडिया सेल के इमरान अहमद, मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम यादव, राजस्व कर्मचारी रणजीत सिंह के द्वारा बडीहा के दुर्गावती कुमारी, सुनीता देवी, तेतरी देवी, बुआरी देवी, शुभांति कुमारी, नागदेव देवी को पर्चा दिया गया। पर्चा लेने के बाद सभी लाभुकों ने मुख्यमंत्री को बहुत बहुत बधाई दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का लक्ष्य है कि बिहार के सभी गरीब जो बिल्कुल भूमिहीन है ऐसे सभी भूमिहीनों को जमीन का पर्चा देकर आवास उपलब्ध कराना है। जदयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री का भूमिहीनों को जमीन व अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता है । ये एनडीए सरकार का यह संकल्प है कि प्रत्येक ऐसे गरीब जिनके पास भूमि नहीं है उनको बासगीत का पर्चा उपलब्ध कराना है।

## श्रावणी कांवरियों को नहीं होगी कोई असुविधा : डीएम

### सिमरिया एवं झमटिया घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान एवं जल भरने की रहेगी अच्छी व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** आगामी श्रावणी मेला की तैयारीयों के मद्देनजर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास में लाखों श्रद्धालुगण सिमरिया घाट एवं झमटिया घाट से जल भर कर पैदल कांवर यात्रा करते हुए बाबा हरिगिरी धाम गढ़पुरा में अवस्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते है। श्रावण मास में सोमवार के



दिन श्रद्धालुओं के भीड़ बढ़ जाती है। सन 2015 से राज्य सरकार के मेला प्रधिकार द्वारा आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को कांवर यात्रियों के लिए रूट चार्ट बनाने का निर्देश दिया गया एवं घाटों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सिमरिया घाट एवं झमटिया घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान करने एवं जल भरने वाले घाटों की बैरिकेटिंग करने, लाईटों की व्यवस्था करने तथा शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। सिमरिया घाट से एवं झमटिया घाट से बाबा हरिगिरी धाम गढ़पुरा तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तर से दंडाधिकारी प्रतिनियक्त करने का भी निर्देश दिया गया। कांवरियों के लिए जगह-जगह पर शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित दिया गया। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को कांवरियों के रूट में विद्युत तार का निरीक्षण करने का निर्देश दिया ताकि कोई भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। सिविल सर्जन को सिमरिया घाट, झमटिया घाट एवं बाबा हरिगिरिधाम मंदिर परिसर एवं कांवरियों के रूट में चिकित्सा शिविर लगाने का निर्देश दिया गया, जिसमें चिकित्सक, पारामेडिकल स्टाफ, दवा तथा एम्बुलेन्स की भी व्यवस्था रहें साथ ही सभी जगहों पर ब्लिचिंग पाउडर का भी छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में कई अधिकारी उपस्थित थे।

## जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** मंडल कारा जेल में चोरी के आरोप में बंद एक कैदी की मौत हो गई। कैदी की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 के मोहम्मद अफरोज के रूप में हुई है। जेल में हुई मोहम्मद अफरोज की मौत के बाद पोस्टमार्टम कर जेल प्रशासन के द्वारा बीती रात में ही उसके परिजन को लाश सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के भाई मोहम्मद मकबूल आलम ने जीआरपी रेलवे बेगूसराय तथा जेल प्रशासन पर काफी गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की मां एवं भाई ने जेल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। इस दौरान जीआरपी पर भी गंभीर आरोप लगाये गये हैं। मृतक के बड़े भाई ने कहा कि रेलवे जीआरपी द्वारा जानबूझकर चोरी का आरोप लगाया गया है। बीते 15 दिनों से अपने इलाज के लिए उसका मृतक भाई जेल प्रशासन एवं जेल अधीक्षक से हाथ जोड़-जोड़ कर गुहार लगाता रहा। लेकिन इलाज करने में जेल प्रशासन कोताही करती रही। मृतक को पहले से कोई गंभीर बीमारी भी नहीं थी। पटना से कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से उतर रहे यात्री से सोने का झुमका जैसा जेवर चोरी करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया था। जिसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दी गई थी। लगभग डेढ़ माह तक बेगूसराय मंडल कारा में बंद रहने के बाद शुक्रवार की संध्या इसकी मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वहीं जेल प्रशासन के द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया।

## भाजपा के जुमले में ही समा गया साम्हो पुल : अनिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाकपा ने स्वर्ण जयंती पुस्तकालय के सामने मटिहानी शाम्हो पुल निर्माण वादा खिलाफी के विरोध में शनिवार को धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता शाम्हो अकहा कुरहा के अंचल मंत्री कामरेड अशोक सिंह ने किया। धरना को सम्बोधित करते हुए अनिल कुमार अंजान ने कहा कि मटिहानी शाम्हो पुल भी आज के तारीख में जुमला साबित होने जा रहा है। जिस तरह से 15 लाख रुपया, दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देने, महंगाई कम करने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने जैसे वादा को जुमला करार दिया गया। उसी




तरह से शाम्हो मटिहानी पुल भी जुमला साबित होने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा बागडोभ की सभा में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के एक माह के अंदर काम चालू करने का मजबूत आश्वासन दिया गया था। सवाल सिर्फ यातायात का नहीं है। सवाल इस पूरे इलाके के विकास का है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, खेती का विकास फसल का उचित कीमत सब कुछ इस पुल से जुड़ा हुआ है। कभी-कभी क्षेत्र की जनता के साथ अब पीपा पुल बनाने की बात कह कर भी मजाक किया जाता है। मटिहानी के विधायक राजकुमार सिंह, बेगूसराय के सांसद सह मंत्री गिरिराज सिंह एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जनता से माफी मांगते हुए राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा करनी चाहिए।धरना में अन्य लोगों के साथ-साथ एआईवाईएफ के राष्ट्रीय परिषद सदस्य अभिनव कुमार अकेला, राज्य अध्यक्ष शंभू देवा, जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार, वार्ड पार्षद सह भाकपा नेत्री डक्टर शगुफ्ता ताज्वर, श्याम बहादुर सिंह, सुमन कुमार, गोवर्धन तांती, नरेश यादव, रोबिन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि संजय राय, अरविंद महतो, पवन कुमार शर्मा, सत्यनारायण राय पटेल, तब्बर कुमार, शंभू मिश्रा, हरिकांत झा, राम शंकर राय, निशाकर कुमार, जयशंकर सिंह, रमेश सिंह, उमेश कुमार, प्रमोद कुमार यादव, मुकेश कुमार, रोशन पासवान आदि ने संबोधित किया।

## निर्वाचन आयुक्त ने किया चार बूथों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद, निदेशक विद्यारानी कोंथौजम द्वारा 143 तेघड़ा विधान सभा अंतर्गत मतदान केन्द्र राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू विद्यालय एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू विद्यालय में चार बूथों एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सिमरिया घाट में 3 बूथ है। उन्होंने बताया कि राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू विद्यालय में एक और अतिरिक्त बूथ बनाया जा रहा है। वरीय उप निर्वाचन आयुक्त ने सभी बूथों पर शौचालय की साफ-सफाई, साफ पानी, बिजली की सुविधा को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय उप निर्वाचन आयुक्त द्वारा बीएलओ से भी मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई।



उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी को शनिवार को सभी बीएलओ को प्रशिक्षित करते हुए फार्म उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि बीएलओ सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर फार्म उपलब्ध करा सकें। उन्होंने सभी बीएलओ से प्रत्येक दिन इसकी समीक्षा करने का निर्देश भी सभी ईआरओ एवं एईआरओ को दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, नगर आयुक्त नगर निगम सोमेश बहादुर माथुर, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद ने पूर्व मध्य रेलवे के विकास कार्यों की समीक्षा की, 616 करोड़ की योजनाएं पूर्ण, कई प्रगति पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह ने शनिवार को पूर्वी चंपारण क्षेत्र में रेलवे के विकास कार्यों को लेकर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यह बैठक बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन में संपन्न हुई। इसके बाद सांसद ने स्टेशन का निरीक्षण किया और मीडिया से बातचीत में रेलवे के चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी साझा की।

सांसद श्री सिंह ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों पर लगभग 616 करोड़ रुपये की लागत से यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी अनेक योजनाएं पूरी की गई हैं। इसके अतिरिक्त, 299 करोड़ रुपये की लागत से कई योजनाएं प्रगति पर हैं।



सांसद राधा मोहन सिंह व जीएम छत्रसाल सिंह समीक्षा बैठक में योजनाओं की जानकारी लेते हुए

उन्होंने बताया कि सगौली-हाजीपुर नई रेल लाइन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसकी कुल लागत 2067 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें से 150 ट्रैक किलोमीटर की लंबाई वाले इस रेलखंड में 65 किलोमीटर पूर्वी चंपारण क्षेत्र में आता है, जिस पर करीब 895 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसद के सुझावों को बेहद उपयोगी बताया और कहा कि रेलवे प्रशासन उनके मार्गदर्शन में यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि सांसद के प्रयास से हाल के वर्षों में मेहसी स्टेशन पर 7, पिपरा स्टेशन पर 8, और चकिया स्टेशन पर 3 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया गया है, वहीं 3 नई ट्रेनों का संचालन भी शुरू हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 20 जून 2025 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव अब बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर भी दिया गया है, जो इस क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। बैठक के दौरान रेलवे परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी एक बुकलेट और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। मौके पर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित रेलवे और प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ नगर पंचायत चुनाव, मेहसी में 70% और पकड़ीदयाल में 58.76% मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकड़ीदयाल/मेहसी।** पूर्वी चंपारण के पकड़ीदयाल और मेहसी नगर पंचायत क्षेत्रों में शनिवार को नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। पकड़ीदयाल में कुल 58.76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि मेहसी नगर पंचायत में लगभग 70 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव के दौरान पकड़ीदयाल में कुल 65 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी अविनाश कुमार और एएसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और मतदान प्रक्रिया की स्थिति की समीक्षा की।

मतदान में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बुजुर्ग महिला मतदाता सैलून मियां व्हीलचेयर पर पहुंचकर मतदान की मिसाल बनीं। वहीं कई महिलाएं




घूंघट की ओट से मतदान केंद्र पहुंचीं और लोकतंत्र को मजबूत किया। कड़ी धूप के बावजूद मतदाताओं की लंबी कतारें मतदान केंद्रों पर देखी गईं, हालांकि कुछ जगहों पर पंडाल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को असुविधा भी हुई। रामपुरवा बूथ पर ईवीएम में तकनीकी खराबी के चलते कुछ समय के लिए मतदान प्रभावित हुआ, लेकिन चुनाव कर्मियों की तत्परता से मशीन बदलकर प्रक्रिया को पुनः शुरू कर दिया गया। चुनाव में बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ रोहित कुमार, थानाध्यक्ष अशोक साह, पुअनि अनूप कुमार, अंजू कुमारी और सुधीर कुमार समेत सभी प्रशासनिक अधिकारी बूथों पर मुस्तैद रहे। मेहसी में 15 वार्डों में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। शुरुआत में मतदान धीमा रहा, लेकिन दोपहर बाद वोटरों की संख्या में तेजी आई। वार्ड संख्या 1 और 2 में भी तकनीकी कारणों से कुछ समय के लिए मतदान रुका, लेकिन मशीनें बदलते ही प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई। वार्ड संख्या 8 के दो मतदान केंद्र अस्थायी टेंट में बनाए गए थे, जहां मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। पहली बार वोट देने पहुंचे छात्र-छात्राओं – कहकशा कुलसुम, अन्नू कुशवाहा, राशिदा, नाज, शहनाज, आलिया, तस्लीम, साक्षी, लीजा, अनुष्का, अंकित, चंदन, सूरज, इमरान, सलीम आदि ने मतदान को जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। चकिया एसडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी शिवानी शुभम ने जानकारी दी कि पूरे निर्वाचन क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# चोरों का आतंक : फेरीवाले के घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन हो रही चोरियों से आम लोग जहां दहशत में हैं, वहीं चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे दिन-दहाड़े या घर में अकेले बच्चों की मौजूदगी में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार की रात जहानाबाद के उटा मोड़ इलाके के पूर्वी उटा मोहल्ला में बीती रात चोरों ने एक फेरीवाले के घर में सेंध लगाकर लगभग 2 से 3 लाख रुपये के आभूषण और बीस हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि वह ट्रेन में फेरी करने का काम करते हैं और उसी से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। घटना के वक्त उनके परिवार के सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे और घर में सिर्फ उनकी छोटी बच्ची सोई हुई थी। इस दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर बक्से का ताला भी तोड़ा और कीमती आभूषण समेत नकदी लेकर फरार हो गए। राकेश चौधरी ने बताया कि उनके पास आभूषण खरीदगी की पर्चियां भी मौजूद हैं। इस घटना के बाद परिवार शोकाकुल स्थिति में है। गरीब फेरीवाले के घर इस तरह से किए गए चोरी की वारदात ने पूरे मोहल्ले में सनसनी फैला दी है।

### थमने का नाम नहीं ले रही जहानाबाद में चोरी की घटनाएं

पीड़ित परिवार के मुखिया राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिले में लगातार हो रही चोरी की घटना जिले की पुलिस प्रशासन के लिए भी चुनौती बनते जा रही है। जिला में शायद ही कोई ऐसा दिन होगा जिस दिन चोरी की घटना न हुई है। एक ओर पुलिस चोरी की घटना के उद्भेदन कर नहीं पाती है वहीं चोर हर दिन निर्भीकता से चोरी की घटना को अंजाम देने में लगे हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंद्रशेखर प्रकाश की अध्यक्षता में परिवार नियोजन पखवाड़ा की सफलता तथा फाइलेरिया कालाजार मुक्त बनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रशेखर प्रकाश के द्वारा बताया गया की परिवार नियोजन पखवाड़ा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा उससे पहले सभी आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र से घर-घर जाकर योग्य दंपति से बात करके परिवार नियोजन के जो उपलब्ध साधन है उसके इस्तेमाल के लिए जागरूक करना तथा उसकी सूची तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। पीरामल फाउंडेशन से विनोद कुमार सिंह के द्वारा बताया गया की वैसे व्यक्ति जो 14 से अधिक दिनों से बुखार से ग्रसित हैं उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज में भेजें जिससे कि उनका आर 39 किट से जांच कर यह पता लगाया जा सके की उन्हें कालाजार तो नहीं है । बैठक में फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति का विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर भी चर्चा की गई साथ ही साथ जितने भी क्षेत्र में हाइड्रोसील से ग्रसित व्यक्ति हैं उनका सर्जरी करने के लिए चर्चा किया गया । बैठक में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विरेस कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सीमा कुमारी, विकास मित्र आशा फैसिलिटेटर के साथ-साथ परिवार नियोजन परामर्श कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### दहेज में 15 लाख और स्कॉर्पियो नहीं देने पर विवाहिता से मारपीट

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के निमोइया गांव निवासी फूल कुमारी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और गहने छीनने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2024 को मोतिहारी के एक होटल में सोनपुर (सारण) के बबलू कुमार से हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुई थी। शादी में पिता द्वारा उपहार में लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के आभूषण व सामग्री दिए गए थे, बावजूद इसके शादी के तीन दिन बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा 15 लाख रुपये नकद और स्कॉर्पियो वाहन की मांग की जाने लगी। मांग पूरी नहीं होने पर पति बबलू कुमार, देवर पंकज कुमार, ससुर हरिशंकर प्रसाद और सास व ननद ने मारपीट की और गहने भी छीन लिए। पीड़िता ने बताया कि वह समस्तीपुर में नौकरी करती है। विश्वास में लेकर पति ने काठमांडू घूमने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नेपाल यात्रा के दौरान पति के बर्ताव और पुराने आचरण से उसे शक हुआ कि वह उसे जान से मारने की नीयत से नेपाल ले जा रहा है। बहाने से वह मोतिहारी स्थित अपने मायके लौट आई और पूरी घटना की जानकारी पिता को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पत्तल फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित एक पत्तल-थाली निर्माण फैक्ट्री में शनिवार की देर रात भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फैक्ट्री और गोदाम में रखा अधिकतर सामान जलकर खाक हो चुका था। फैक्ट्री में बड़ी संख्या में पत्तल के बंडल और ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी, जिससे आग तेजी से फैल गई। फायर ब्रिगेड के रवि शंकर शर्मा ने बताया कि समय पर प्रयास नहीं किए जाते तो आग आसपास की दुकानों और मकानों तक फैल सकती थी। फैक्ट्री संचालक धर्मेंद्र जी ने बताया कि घटना में लाखों रुपये की क्षति हुई है।

### अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शनिवार की सुबह रक्सौल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव प्लेटफॉर्म के प्याऊ के पास औंधे मुंह पड़ा हुआ था। युवक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो सका कि युवक की मौत कैसे हुई–पानी पीने के दौरान गिरा या शव को किसी ने ला कर वहां रख दिया। जीआरपी ने कानूनी प्रक्रिया के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### निर्माणाधीन पुल का विधायक व एसडीएम ने किया निरीक्षण

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** कोइरिया टोला नहर चौक पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का शनिवार को रक्सौल विधायक और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण विभाग एवं आरसीडी के कार्यपालक अभियंता भी मौजूद थे। एसडीएम ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और कार्य तय समय सीमा में पूर्ण हो, इसके लिए अधिकारियों को सतत निगरानी रखने की जरूरत है।

### दरपा में इश्तेहार वारंटी गिरफ्तार

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। दरपा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान तिनकोनी गांव निवासी विरेन्द्र सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया। वह कांड संख्या 420/22 में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। छापेमारी टीम में पु.अ.नि. कमलेश राय सहित अन्य जवान शामिल थे।

### छत से गिरकर वृद्ध की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी 68 वर्षीय रामबहादुर साह की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। शुक्रवार शाम वे भोजन के बाद छत पर टहल रहे थे, तभी अचानक पैर फिसल गया और वे सीधे सड़क पर जा गिरे। परिजन उन्हें इलाज के लिए मोतिहारी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मठिया के समीप उन्होंने दम तोड़ दिया। सरपंच प्रतिनिधि चितरंजन कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। शनिवार को गांव के बगीचे में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र उमाशंकर प्रसाद ने मुखाग्नि दी।

### सांसद ने किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यलय का उद्घाटन पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल और पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि अब जनप्रतिनिधियों को बैठने की समुचित व्यवस्था मिलेगी, जिससे जनता की समस्याएं सुनने और उन्हें सुलझाने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में कई एनडीए कार्यकर्ता और पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पिस्टल और कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)। अरेराज-कोटवा मुख्य पथ स्थित दुवे टोला चौक के समीप पुलिस ने वाहन जांच के दौरान न्यू अपाची बाइक सवार दो युवकों को पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक दीपउ गांव निवासी विकास कुमार और सौरभ कुमार हैं। उनके पास से बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# शिक्षक ने अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्मृति में लगाए पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अहियासा के प्रांगण में विद्यालय के शिक्षक महेश कुमार सुनहला एवं विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य नंदकिशोर प्रसाद के स्वर्गीय माता जी के पुण्य स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे महोगनी के पच्चीस पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक महेश कुमार सुनहला ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वर्गीय माताजी रेशमी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाना था। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक ने अपने माता के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाने तथा समाज को हरियाली का महत्त्व समझाने का प्रयास किया। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्याक मिथिलेश कुमार ने कहा कि श्राद्ध केवल कमकांड नहीं, अपितु यह अवसर है जहां अपने पूर्वजों और पितरों के स्मृति में सकारात्मक कार्य करने का संकल्प लिया जाए। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण न केवल मानव जीवन और जीव जंतुओं के कल्याण और पुण्य का कार्य है,बल्कि यह आनेवाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार भी है।

## डूबने से बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के मिश्रौलिया गांव स्थित नाला में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक बुजुर्ग की पहचान 69 वर्षीय राम लखन यादव के रूप में हुई है। इस बाबत उनके परिजनों ने बताया की वे शुक्रवार की शाम शौच करने के वास्ते नाले के तरफ गए थे। बताया जाता है कि पूरी रात वे घर वापस नही आए इस दौरान परिजनों ने रात को काफी खोजबीन किया, परंतु उनका कोई पता नही चला था। लोगो ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता हैं कि वे शौच के लिए नाले के तरफ गए थे और इस दौरान उनका पैर फिसल गया होगा जिससे वे नाले में गिर गए और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग रामलखन यादव की पूरी रात घर नहीं लौटने पर सुबह परिजनों ने नाले के तरफ देखा तो उनका शव पानी में तैर रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# तलवारबाजी विधा में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा राज्य के सभी जिलों में विभिन्न खेल विधाओं में आगे के प्रशिक्षण के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ी एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों में कुशल प्रशिक्षकों के निगरानी में निःशुल्क उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्रों में निशुल्क खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ भोजन,आवासन, खेल किट्स/उपकरण एवं पठन-पाठन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम मे 27 जून को गांधी मैदान स्थित खेल भवन जहानाबाद में



तलवारबाजी प्रतियोगिता हेतु चयन ट्रायल आयोजित की गई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा भेजी गई टीम के द्वारा बच्चों का बैटरी टेस्ट लिया गया। इस चयन ट्रायल में 12 से 14 वर्ष के नवमी कक्षा तक के कुल 13 छात्रों/ खिलाड़ियों ने भाग लिया। जल्द ही इसमें अंतिम रूप से चयनित छात्रों को तलवारबाजी खेल विधा के कुशल प्रशिक्षण के लिए एकलव्य आवासीय केंद्रों में व्यवस्था कर दी जाएगी।

# दीपांकर भट्टाचार्य ने सरकार पर लगाया वोटबंदी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भाकपा (माले) का 13वां जहानाबाद जिला सम्मेलन शनिवार को स्थानीय धानो देवी नर्सिंग कॉलेज, बैरागीबाग, घोसी रोड में शुरू हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को पार्टी के राज्य सचिव कामरेड कुणाल ने संबोधित किया। इस मौके पर सम्मेलन के पर्यवेक्षक के रूप में राज्य स्थायी समिति के सदस्य कामरेड निरंजन पासवान उपस्थित रहे। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि भाकपा माले राज्य स्थायी समिति के सदस्य और अरवल विधायक कामरेड महानंद प्रसाद थे। सम्मेलन में जिले भर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और संगठन के सांगठनिक, राजनीतिक तथा सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। सम्मेलन के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वोटरों के वेरिफिकेशन के नाम पर सरकार चुनावी अधिकारों का हनन करना चाहती है। यह वोटबंदी की साजिश है, जिससे गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को वोट देने से रोका जा सके। हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# देसी कट्टा लहराते दो युवकों का वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला काको और शकुराबाद थाना क्षेत्र का है, जहां दो युवकों का देसी कट्टा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो ने जिले की कानून-व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एक वीडियो शकुराबाद थाना अंतर्गत पंडितपुर गांव का है वहीं दूसरा वीडियो काको थाना क्षेत्र का है। वीडियो में युवक खुलेआम देसी कट्टा लहराते हुए रील बनाते नजर आ रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो ट्रेंड हो रहा है, इस तरह हाथ में हथियार लहराते वीडियो पहले भी जिले के अलग अलग क्षेत्रों में वायरल होते रहा है। शादी विवाह के अवसरों पर अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग की घटना भी यहां पहले कई बार सामने आ चुकी है। ऐसे में अब युवाओं के हाथों में अवैध हथियार आने वाले दिनों के लिए एक खतरनाक संकेत भी प्रस्तुत कर रही है। हालाकि नवबिहार टाइम्स ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है, लेकिन जिस तरह से युवक हथियार लहराते हुए दिख रहे हैं, वह न केवल कानून व्यवस्था के लिए बल्कि समाज की सुरक्षा के लिए भी खतरे की घंटी है। इधर बताया जाता है कि पुलिस ने वीडियो की जांच करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि वीडियो में दिख रहा युवक पंडितपुर गांव निवासी तेजु यादव (उम्र 20 वर्ष), पिता सुखेन्द्र यादव है। इस मामले में शकुराबाद थाना कांड संख्या-179/25 दिनांक 28.06.25 के तहत धारा-109 भारतीय दंड संहिता और 25(9) आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तेजु यादव के घर पर छापेमारी की, लेकिन वह फरार पाया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से लगातार दबिश दी जा रही है वहीं दूसरे वीडियो में दिख रहे दूसरे युवक की पहचान करने के लिए पुलिस की ओर से जांच की जारी है। पुलिस प्रशासन ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि, सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वीडियो बनाना और उसे वायरल करना एक संज्ञेय अपराध है। ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर पुलिस की मानें तो सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए रील बनाना एक बेहद खतरनाक ट्रेंड बनता जा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई तो आने वाले समय में यह प्रवृत्ति और खतरनाक रूप ले सकती है। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सोशल मीडिया पर गैरकानूनी गतिविधियों से दूर रहें।

# एसएसबी 47 बटालियन के जवानों ने किया रक्तदान, मानवता की सेवा में बढ़ाया कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्तदान महादान है–इस भावना को साकार करते हुए एसएसबी 47 बटालियन के अधिकारियों और जवानों ने वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के अवसर पर 75 यूनिट रक्तदान कर एक सराहनीय पहल की। रक्सौल अनुमंडल स्थित हवाई अड्डा के समीप आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन एसएसबी बेतिया रेंज के डीआईजी सुरेश सुब्रमण्यम और कमांडेंट डॉ. निशिकांत ने किया। रक्तदान की शुरुआत कार्यवाहक कमांडेंट संजय रावत ने की, जिनका रक्तदान 'पहलवीर' के रूप में मिसाल बना। दिन भर चले इस शिविर में जवानों का उत्साह




देखते ही बनता था, जिन्होंने मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन किया।

डीआईजी सुरेश सुब्रमण्यम ने कहा कि जो भी जवान इस पुनीत कार्य में शामिल हुए हैं, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं और आमजनों से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में हिस्सा लें। कमांडेंट डॉ. निशिकांत ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान जरूर कर सकता है। इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि यह समाज के जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी बनता है। उन्होंने यह भी कहा कि गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं, प्रसव और एनीमिया से पीड़ित मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर डंकन हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रभु जोसेफ और लाइज़िंग ऑफिसर समीर दुग्गल ने बताया कि रक्सौल क्षेत्र में फिलहाल केवल डंकन हॉस्पिटल में ही ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने आमजनों से नियमित रक्तदान की अपील की ताकि आपात स्थिति में रक्त की कमी न हो। कार्यक्रम में संजय कुमार, नवीन कुमार, सर्वेश कुमार सिंह, कम्युनिकेशन यूनिट के अधिकारी, डॉ. ब्लेसी, और डंकन हॉस्पिटल की टीम के साथ एसएसबी के दर्जनों जवान मौजूद रहे।

# जहानाबाद में चल रही होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया में 28 जून को 294 अभ्यर्थी शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शनिवार को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 1398 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे, जिनमें से 947 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।1600 मीटर दौड़ परीक्षा में कुल 339 अभ्यर्थी सफल हुए। इन सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना की माप ली गई, जिसमें निर्धारित मापदंडों को पूरा न करने के कारण 30 अभ्यर्थी असफल घोषित किए गए।बचे हुए 309 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक परीक्षा में भाग लिया। इनमें से 15 अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण में अनफिट पाए गए, जबकि 294 अभ्यर्थी फिट घोषित किए गए। शनिवार को कुल 294 अभ्यर्थियों को दैनिक रूप से सफल घोषित किया गया। इस दौरान कुल 03 अपीलें अपीलीय कोषांग में प्राप्त हुईं, जिन्हें निष्पादित किया गया। साथ ही, चिकित्सीय जांच में असफल 15 अभ्यर्थियों में से 05 ने पुनः चिकित्सकीय परीक्षण हेतु अपील प्रस्तुत की है।

# नवीनगर में बीएलओ का प्रशिक्षण सम्पन्न, घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा सूची में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत औरंगाबाद जिले में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज प्रखंड कार्यालय नवीनगर स्थित सभा कक्ष में मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को अत्यंत गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज न रह



जाए। यह सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य के सफल निष्पादन में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें, समयबद्ध ढंग से नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं सुधार संबंधी आवश्यक कार्य करें और ईआरओ नेट पोर्टल पर सूचनाओं को अद्यतन करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस पुनरीक्षण अभियान में किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 भरने की प्रक्रिया, शुद्धिकरण की विधि, पात्रता मापदंड तथा निर्धारित समय-सारणी की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पक्षों को भी विस्तार से समझाया गया ताकि फील्ड स्तर पर किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व को निष्ठा, पारदर्शिता और इमानदारी से निभाएं तथा जनसामान्य को जागरूक करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें।

## बच्चों के सुरक्षित स्थल का सचिव ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाल सुधार गृह केंद्र एवं बच्चों के सुरक्षित स्थल बभंडी का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल तथा किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह एवं बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अनीता कुमारी द्वारा किया गया। निरीक्षण क्रम में सचिव ने बच्चों की सुरक्षा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की, सचिव ने वहां आवासित बच्चों से बातचीत किया एवं उनसे जुड़ी समस्याओं, शिक्षा एवं खाने-पीने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की, सचिव ने वहां आवासित बच्चे के कानूनी अधिकार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें उपलब्ध होने वाले विधिक सहायता से संबंधित जरूरी दिशानिर्देश दिया गया। सचिव ने अपने निरीक्षण के क्रम में कुछ बुनियादी समस्याओं एवं कमियों को दुर करने हेतु निर्देशित किया और बच्चे के रख-रखाव शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में किसी तरह की कोताही नहीं करने का सख्त निर्देश संबंधित प्रशासन को दिया।

## चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को खुदवां थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपित की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के सादा बिगहा निवासी लवकुश कुमार एवं ओबरा थाना क्षेत्र के कुराईपुर निवासी लक्ष्मी चौधरी व निकेश कुमार के रूप में की गई हैं। दरअसल, वाहन जांच के दौरान एक बाइक को रोकर आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन ये तीनों बाइक से संबधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद बाइक जब्त कर तीनों को हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि चोरी की स्प्लेंडर बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार किया गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# 30 सितंबर तक चलेगा विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण कर लें। किसी का नाम छुटे नहीं और घर घर जा कर फार्म उपलब्ध कराएं और तीन दिन बाद मतदाताओं से फार्म वापस ले। यह दायित्व बीएलओ, बीएलए एवं सुपरवाइजरों को दिया गया हैं। यह बात उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने शनिवार को मदनपुर बहुदेशीय भवन में आयोजित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रशिक्षण में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 2003 के मतदाता सूची के आधार पर माता-पिता का परिचय पत्र या आवासीय प्रमाणपत्र या अन्य कोई भी जाति प्रमाण पत्र कागजात लेकर सत्यापन कर सकते हैं, और उसका नाम जोड़ सकते हैं। सभी बीएलओ अपने अपने बुथ क्षेत्रों में घर-घर जाएंगे और नाम जोड़ने का काम ईमानदारी पूर्वक करेंगे। किसी मतदाता का नाम कटना नहीं चाहिए। यदि कोई व्यक्ति घर नहीं हो, बाहर रहता हो




तो वैसे स्थिति में फोन से सम्पर्क कर उससे कागजात मंगवा लेंगे। फार्म भरवाने का काम जल्द से जल्द पूरा कर ले। 30 सितंबर तक फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। अगस्त माह में मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्य संपन्न हो जाना चाहिए। यह ध्यान रहे कि किसी का नाम न छुटे। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रत्येक घर के लोगों का सूची बना लेंगे, ताकि मतदाता सूची में उस परिवार का नाम एक जगह पर रहें। मतदाता के दिन परेशानी नहीं हो। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य 25 जून 2025 से शुरू हो गया है और 26 जुलाई तक चलेगा। इसी बीच घर घर जाकर कर लोगों से संपर्क कर सत्यापन का कार्य कर लेंगे। यह केवल सांकेतिक मतदाता सूची तैयार हो रहा है। कोई संशोधन करने की जरुरत पड़ेगी तो किया जाएगा। फाइनल सितंबर में होगा। प्रशिक्षण में सीओ मो. अकबर हुसैन, पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह, बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा, बीईओ संजीव कुमार सिंह, बीएओ सुरेन्द्र राम, उदय नारायण सिंह, कामाख्या नारायण पाल सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर स्थापना दिवस पर होगा अखंड कीर्तन और भंडारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के किराना पट्टी स्थित श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 जून से भव्य अखंड कीर्तन एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं में इस अवसर को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है और कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड कीर्तन की शुरुआत होगी, जो एक जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा। समापन के दिन हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम संयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# नए अधिवक्ताओं को 5000 मासिक प्रोत्साहन राशि देने की मांग, जिला विधिज्ञ संघ ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद की कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को संघ भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की, जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी कई मांगों को लेकर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से राज्य सरकार तथा स्टेट बार काउंसिल पटना को मांगपत्र भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्तावित मांगों में शामिल है कि नए अधिवक्ताओं को 5000 प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाए, ताकि प्रारंभिक संघर्ष के दौरान उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके। साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं द्वारा यदि लाइसेंस समर्पित किया जाता है तो उन्हें 14,000 प्रतिमाह पेंशन के रूप में दिया जाए। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं और उनके परिवार के लिए 5 लाख से 10 लाख तक का चिकित्सा बीमा सुनिश्चित कराने की भी मांग की गई। इस दौरान अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि सोमवार से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद कोर्ट डे घोषित किया जाएगा। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए नए लायर्स हॉल और तीन मंजिला चेंबर का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जुलाई माह में विभिन्न ज्वलंत विषयों को लेकर रघुनंदन बार भवन के केंद्रीय कक्ष में एक आमसभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर कार्यसमिति के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना पर श्रेय की होड़, किसान मजदूर मोर्चा ने जताया ऐतराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और वर्तमान सांसद अभय कुशवाहा के बीच श्रेय लेने की होड़ पर किसान मजदूर मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मोर्चा के मगध संयोजक डॉ. शिवनंदन प्रसाद यादव ने कासमा में प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस परियोजना की बहाली के लिए सबसे पहले आवाज किसान मजदूर मोर्चा ने 1998 में रफीगंज प्रखंड से उठाई थी और तब से लेकर आज तक लगातार संघर्ष जारी है। उन्होंने बताया कि उत्तर कोयल डैम में फाटक लगाए जाने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में पिछले 150 दिनों से अधिक समय से धरना दे रहा है। जब तक डैम में फाटक नहीं लग जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कुटकुट डैम विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर सरकार से वार्ता और 780 विस्थापितों की सूची बनाकर उन्हें 15-15 लाख रुपये और एक-एक एकड़ जमीन देने का जो निर्णय हुआ है, वह किसान मजदूर मोर्चा की देन है। डॉ. यादव ने कहा कि मेन कैनाल में जो कार्य आज जारी है, वह किसान मजदूर मोर्चा की वर्षों की तपस्या और संघर्ष का परिणाम है, न कि किसी जनप्रतिनिधि की कृपा। उन्होंने सांसदों से अपील की कि वे श्रेय की होड़ में न पड़ें, बल्कि किसान मजदूर मोर्चा के आंदोलन को समर्थन दें ताकि डैम में फाटक लगाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके और परियोजना का लाभ किसानों को मिल सके। उन्होंने बताया कि भंडरिया और बढ़गढ़ प्रखंडों में विस्थापितों के पुनर्वास की योजना बनाई गई है। इस संघर्ष को सफल बनाने में लड्डू खान, तुलसी यादव, सिद्धि यादव, जयप्रकाश प्रजापति, विष्णु यादव, सत्येंद्र यादव, सूर्यदेव यादव, चंद्रशेखर यादव, महेश यादव, भोला वर्मा, संतोष गिरी और बालकुमार यादव सहित कई लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे हैं।

# जलजमाव से ग्रामीण परेशान, नाली का गंदा पानी घुसा घरों में, मुखिया पर लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कियाखाप गांव में नाली का गंदा पानी दर्जनों घरों में घुस जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव की गलियां छोटी गंगा में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। प्रमिला देवी, कविता कुमारी, सुजीत कुमार, अरुण कुमार, महेंद्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, गणेश यादव, कमलेश चौधरी, योगेंद्र मेहता, मुकेश कुमार सहित कई परिवारों का घर पानी से घिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के मुखिया द्वारा अधूरा कार्य करवा दिया गया, जिससे जल निकासी की व्यवस्था बाधित हो गई। लोगों का कहना है कि काम पूरा नहीं होने के बावजूद भुगतान कर दिया गया है। ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों से जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य पति सूरज चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में उनकी कोई भूमिका नहीं है और यह कार्य पूरी तरह से मुखिया द्वारा कराया गया है। वहीं वार्ड सदस्य ने भी जिम्मेदारी मुखिया पर डाली। मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौड़ ने स्थिति को गंभीर मानते हुए कहा कि आज से कार्य फिर से शुरू किया जा रहा है और चार दिन के भीतर जल निकासी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। घटनास्थल पर वार्ड सचिव लालू यादव, जितेंद्र चौधरी, मुन्ना यादव, सुधीर कुमार, हैदर खान, सुनील यादव, अंकित यादव, रंजन यादव, गीता देवी, जगमोहिनी देवी, उत्तमा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अनुसूचित जाति टोलों में लगा विशेष शिविर 332 मामलों का मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आपका द्वार पहुंचे सरकार कार्यक्रम के तहत हसपुरा प्रखंड के विभिन्न अनुसूचित जाति बहुल टोलों में शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर टाल पंचायत के बहादुर विगहा (चंद्रदेव राम के घर के पास), अमझरशरीफ के करणविगहा (कृष्णा राजवंशी के पास), सोनहथु के शंभुपुर (जगदंबा राम के पास) और कोईलवां के आजाद विगहा (गोविंद पासवान के पास) लगाया गया। शिविर में कुल 22 विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 395 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें जाति प्रमाण पत्र, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण पत्र और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। इनमें से 332 मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 63 मामलों की अद्यतन जांच के बाद निष्पादन किया जाएगा। शिविर के दौरान बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीपीआरओ वीरेन्द्र कुमार चौधरी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार द्वारा आवेदकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया।

# मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन, सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, शांतिपूर्ण और अधिकतम जनभागीदारी के साथ संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य भर में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को औरंगाबाद जिला गांधी मैदान में छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल मार्गदर्शन में एवं जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार पप्पू राज ने लोकतंत्र में मतदान की भूमिका और महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में प्रत्येक नागरिक का योगदान अनिवार्य है। विशेष रूप से युवाओं और प्रथम बार मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को 'मतदाता शपथ' भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने निर्भीक, निष्पक्ष और सोच-समझकर मतदान करने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि वे अपने आस-पास के नागरिकों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम की एक प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से युवा वर्ग, महिलाएं, दिव्यांगजन तथा नए मतदाता विशेष रूप से जागरूक किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायत क्षेत्रों एवं सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे।

# बस टाइमिंग को लेकर विवाद में भिड़े दो पक्ष, लाठी-डंडे से मारपीट में छह घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक पर शनिवार को बस टाइमिंग को लेकर दो बस संचालकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक जा पहुंची। लाठी-डंडे चले और दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, देव से पटना के लिए चलने वाली शिवरथ बस के मालिक और वार्ड 8 के पार्षद सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि वे अपनी परमिटयुक्त बस को तय समय पर रमेश चौक लाए थे, तभी राजधानी बस के 20-25 लोगों ने उनकी बस को खड़ा करने से मना करते हुए हमला कर दिया। उन्होंने दावा किया कि उनकी बस के पास वैध परमिट है, जबकि राजधानी बस अवैध रूप से संचालन कर रही है। उन्होंने परिवहन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं, राजधानी बस की ओर से कर्मी अनिल बैठा ने भी नगर थाने में आवेदन दिया है। उनका आरोप है कि सुशील कुमार, मनीष कुमार, रॉकी कुमार, गोपाल कुमार और श्रीकांत सिंह ने जबरन उनकी बस के यात्रियों को उतारकर अपनी बस में बैठाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से जान बच सकी। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# साइकिल सवार को बचाने में बाइक पलटी, तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सी मोड़ के पास शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घायल युवकों की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के गउरा गांव निवासी अंकित कुमार, मनीष कुमार और शुभम कुमार के रूप में की गई है। तीनों युवक पवई मोड़ स्थित एक पार्क घूमकर वापस लौट रहे थे और एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक अंकित चला रहा था। जैसे ही वे सड़सी मोड़ के समीप



पहुंचे, सामने अचानक एक साइकिल सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अंकित की हालत अत्यंत गंभीर पाई और उसे बेहतर इलाज के लिए बनारस ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, अन्य दो घायलों मनीष और शुभम का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। यह हादसा न सिर्फ तेज रफ्तार का परिणाम है, बल्कि सड़कों पर सतर्कता की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने युवकों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

# बिहार में युवा आयोग का गठन आवश्यक : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार ने बिहार में युवा आयोग के गठन की जोरदार वकालत की है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत भले ही दुनिया का सबसे युवा देश हो, लेकिन बिहार के युवाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है। प्रेम जी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं सम्राट चौधरी से अनुरोध किया कि बिहार में युवाओं की समस्याओं को समझते हुए जल्द से जल्द राज्य युवा आयोग का गठन किया जाए। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि आज राज्य में दर्जनों बोर्ड, निगम और आयोग बने हैं, लेकिन युवाओं के लिए कोई समर्पित मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में बिहार के लाखों युवा आज भी पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि तेलंगाना के कामारेडी के एक फार्म हाउस में उन्हें पटना और आसपास के कई नौजवान मिले, जो मात्र 15,000 वेतन पर सुरक्षा गार्ड का काम कर रहे हैं। उनकी आंखों में भविष्य की चिंता और घर से दूर रहने का दर्द साफ झलक रहा था, प्रेम जी ने कहा।

# मोहर्रम को लेकर देव थाना में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को देव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देव अंचलाधिकारी दीपक कुमार व थाना प्रभारी कुमार सौरव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में एसआई राहुल कुमार, नीतू कुमारी, पीएसआई रूबी कुमारी व कुणाल कुमार सहित पुलिस-प्रशासन के अन्य अधिकारी, ताजिया अखाड़ों के खलीफा, दोनों संप्रदायों के गणमान्य लोग, पंचायत प्रतिनिधि, नगर पंचायत देव के चेयरमैन व उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी कुमार सौरव ने लोगों से मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक सूचना की तुरंत जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्थान पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

# नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जदयू 29 जून से आयोजित करेगा बूथ सदस्यों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के नबीनगर 221 विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण के अंतर्गत जनता दल यूनाइटेड 29 जून से पंचायतवार/वार्डवार बूथ सदस्यों की बैठक शुरू करेगी। यह बैठक लगातार 13 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दी है। इन सभी कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रभारी जनता दल (यूनाइटेड) बिंदा चंद्रवंशी, नबीनगर विधानसभा प्रभारी अरुण शर्मा उपस्थित रहेंगे।

पत्र के अनुसार 29 जून को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के पिपरा पंचायत के ग्राम पिपरा में नाट्य कला मंच के पास एवं दोपहर 2 बजे धनगाई पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के आवास पर बैठक होगी। इसी तरह 30 जून को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के गोठौली पंचायत के परशुरामपुर में रंजीत कुमार सिंह के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे कोचाढ़ पंचायत के कोचाढ़ पांच नंबर फॉर्म सामुदायिक भवन के पास बैठक होगी। 1 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के महुआव पंचायत के ग्राम मझिआव में धनंजय कुमार पटेल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे अंकोरहा पंचायत के ग्राम अजनिआ में भोला गुप्ता के आवास पर बैठक होगी। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के सोनौरा पंचायत के ग्राम चरण में ललन शौंडिक के आवाज पर एवं दोपहर 2 बजे राजपुर पंचायत के ग्राम जयपुर में संतोष सिंह के आवास पर बैठक होगी। 3 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के पौथु पंचायत के ग्राम पौथु में बिरला झा के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे काजीचक पंचायत के ग्राम चिरैला में सामुदायिक भवन के पास बैठक होगी।

4 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के रिउर पंचायत के ग्राम पौथु में ललन प्रजापति के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे धमनी पंचायत के ग्राम शेखपुरा में पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र कुमार के आवास पर बैठक होगी। 5 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के कंकेर पंचायत के ग्राम कंकेर में अमोद पटेल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे मझिआव पंचायत के ग्राम गोसाईडीह में सुबोध सिंह के आवास पर बैठक होगी। 6 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के नाउर पंचायत के ग्राम वंसहा सरयू पाल के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे ठेंगो पंचायत के ग्राम कोइरीडीह में महावीर कुशवाहा के आवास पर बैठक होगी। 8 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के बारून पंचायत के पार्टी कार्यालय बारून में एवं दोपहर 2 बजे मेंह पंचायत के ग्राम अंबा में जोखू पटेल के आवास पर बैठक होगी। 9 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के भोपतपुर पंचायत के ग्राम घोरहा में अजय सिंह के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे टेंगरा पंचायत के ग्राम पहाड़पुर में दुर्गा प्रजापति के आवास पर बैठक होगी। 10 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के बैरिया पंचायत के ग्राम बभंडी में रंजीत मेहता के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे सिमरी धमनी पंचायत के ग्राम अंबा में सुभाष पांडे के आवास पर बैठक होगी। 11 जुलाई को सुबह 11 बजे नबीनगर प्रखंड के तोल पंचायत के ग्राम तोल में सामुदायिक भवन के पास एवं दोपहर 2 बजे पिपरा पंचायत के ग्राम भेलवा में राकेश कुमार सिंह के आवास पर बैठक होगी।

12 जुलाई को सुबह 11 बारून प्रखंड के जनकोप पंचायत के ग्राम उर्दीना में नागेंद्र सिंह पूर्व मुखिया के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे कंचनपुर पंचायत के ग्राम अदमा में पूर्व मुखिया उदय पटेल के आवास पर बैठक होगी। 13 जुलाई को सुबह 11 बजे बारून प्रखंड के खैरा पंचायत के ग्राम तेंदुआ गणपत में मुन्ना कुमार के आवास पर एवं दोपहर 2 बजे दुधार पंचायत के ग्राम सुंदरगंज में ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर बैठक होगी।

# घर-घर मतदाताओं का होगा सत्यापन

## सभी बीएलओ को मिले गणना प्रपत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को मसौढ़ी में दो पालियों में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्र पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ नगर परिषद के सम्राट अशोक भवन सभागार में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने सभी बीएलओ को जानकारी देते हुए कहा कि सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र लेकर घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना है। प्रति दिन कम से कम 30 घरों को टच करना है। समय कम है इस पर युद्ध स्तर पर कार्य करना है। इसके अलवा उन्होंने बताया कि आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर तीन कट ऑफ तिथि 01.07.1987 से पूर्व के निर्वाचको हेतु आयोग द्वारा तय किए गए कागजातों तथा सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, मैट्रिक एवं अन्य उच्चतर संस्थाओं से निर्गत प्रमाण पत्र, सरकार द्वारा निर्गत पट्टा /पर्चा/ ओबीसी, एससी, एसटी या जाति प्रमाण पत्र/ पासपोर्ट/पेंशन इत्यादि में से कोई एक कागजात दिया जाना है। इसके लिए प्रत्येक बीएलओ को उनके निर्वाचक सूची का दो सेट में दिया जाएगा जिसे बीएलओ द्वारा निर्वाचकों को घर-घर जाकर देगें। निर्वाचकों को दिए जाने वाले में डिक्लेरेशन प्रपत्र में वर्णित तीन तिथियों 01.07.1987 से पूर्व स्वयं का निर्धारित एक कागजात, 01.07.19 87 से 02.12.2004 तक के जन्म वाले निर्वाचको को स्वयं एवं अपने माता-पिता में से किसी एक का निर्धारित कागजात एवं 02.12.2004 के उपरांत जन्म हुए निर्वाचकों का स्वयं एवं माता तथा पिता दोनों का आयोग द्वारा निर्धारित कागजात उपलब्ध कराया जाना है। इस कार्य हेतु सभी बीएलओ को दिनांक 01.01.2003 की अर्हता तिथि के निर्वाचक सूची को उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्य हेतु डोर टू डोर विजिट के दौरान प्रत्येक बीएलओ द्वारा कम से कम तीन बार प्रत्येक घर का भ्रमण किया जाएगा और एनेक्सचर सी एवं कोई एक कागजात लिया जाएगा। इस कार्य को 26.07. 2025 तक पूर्ण किया जाना है।



## अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने दरभंगा हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के लिए अधिगृहीत की गई जमीन का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अधिग्रहित की गई जमीन में पड़ने वाले ग्रामीण सड़क को, वैकल्पिक सड़क बनाने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से समन्वय कर सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया। साथ ही एयरपोर्ट के लॉजिस्टिक के लिए अतिरिक्त 50 एकड़ भूमि हेतु स्थल भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद,सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मारपीट में महिला सहित आधा दर्जन जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भटगांव पंचायत अंतर्गत दलिसमन गांव में मामूली घरेलू विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसमें महिला सहित आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया घायलों में 16 वर्षीय धर्मवीर कुमार 40 वर्षीय सुनील साह 40 वर्षीय शर्मिला देवी 22 वर्षीय चंदन साह 18 वर्षीय गोविंद कुमार और 16 वर्षीय कृष्ण कुमार जख्मी हो गए। जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पटना भेजा गया घटना की शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### फांसी लगाकर दी जान

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के धनवा मुबारकपुर पंचायत के सिकंदरा गांव में शुक्रवार की रात्रि पति-पत्नी के बीच हुई नोक झोक के बाद पति ने घर का दरवाजा बंद करके छप्पर के बांस बल्ली में रस्सी बांधकर फंदे पर लटक गया। बहुत देर तक दरवाजा नहीं खुलने के बाद परिजनों ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। बाद में पुलिस को सूचित करते हुए जब दरवाजा खोला गया। तो युवक मृत पाया गया, मृतक की पहचान 28 वर्षीय वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है जो ट्रेन और प्लेटफार्म पर पानी बेचने का काम करता था पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### प्रखंड समन्वयक के पॉकेट से मोबाइल चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर से यात्रियों के पैकेट से मोबाइल उड़ने वाले गिरोह सक्रिय हो चुके हैं। ऐसे में शनिवार की तड़के सुबह पटना से तारेगना आने वाली ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतरने की दौरान एक व्यक्ति का पैकेट मारकर मोबाइल चंपत कर दिया है। पीड़ित संजीत कुमार मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समन्वयक के पद पर कार्यरत हैं। पैकेट से मोबाइल चोरी होने के संबंध में जीआरपी थाने को लिखित शिकायत दी है। वहीं थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने कहा की इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी और आने जाने वाली ट्रेनों पर नजर रखी जा रही है। संजीत कुमार ने बताया की एक बार पहले भी 9 मई को भी ट्रेन में चढ़ने के दौरान अज्ञात चोरों ने पैकेट से मोबाइल चोरी कर ली थी, यह दूसरा चोरी है जो मेरे पैकेट से मोबाइल चोरी हो गई है।

### लापता किशोरी पटना से बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते 18 जून को घर से शौच के लिए घर से बाहर में निकली किशोरी की लापता होने की सूचना उसके पिता ने लासुना थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जहाँ प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल के दौरान अपहृता को पटना से बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि अपहृत किशोरी को न्यायालय में बयान दर्ज कराने के पश्चात आदेश अनुसार पीड़िता को माता-पिता को सुपुर्द किया किया जायेगा।

### ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी से की शिकायत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंडारक प्रखंड के खुशहाल चौक पंचायत के दौलतपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दौलतपुर में कहने के तो साथ शिक्षक हैं लेकिन यहां की पढ़ाई लिखाई शैक्षणिक व्यवस्था को लकवा मार गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय खोलने के बाद प्रार्थना होती तो है इसके बाद बच्चे क्लास रूम में नहीं बल्कि खेलने चले जाते हैं और सारे शिक्षक एक जगह इकट्ठा होकर घंटो गप करते हैं या फिर मोबाइल चलाते रहते हैं। वहीं बच्चे सड़क पर दौड़ लगाते रहते हैं जिसे कोई देखने वाला नहीं है। विद्यालय में शिक्षा नाम की कोई चीज नहीं है सिर्फ औपचारिकता पूरा की जा रही है। ग्रामीण जब विद्यालय के शिक्षक से शिकायत करते हैं तो उन्हें स्थानीय शिक्षक होने के चलते कोई सार्थक जवाब नहीं देते हैं। इस बाबत पंचायत समिति सदस्य शगुन पासवान के द्वारा मामले की लिखित शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पंडारक और अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ से की गई है। मामले पर जब शिक्षा पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### पीसीसी सड़क व नाला का उद्घाटन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद के 40 वार्डो को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए परिषद के मुख्य पार्षद द्वारा सभी वार्डों में कच्ची सड़कों को पक्की करने के साथ-साथ सभी वार्ड में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर लगातार कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को परिषद के वार्ड 33 में महादेव नगर से मिथिला कॉलोनी में सौढे नौ लाख की लागत से नवनिर्मित पीसीसी सडक व नाला का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व सशक्त समिति सदस्य रेखा देवी के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार यादव द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मुख्य पार्षद ने कहा कि परिषद क्षेत्र में बड़े-छोटे नाला का निर्माण कराया गया है और कराया जा रहा है. शहर साफ व सुंदर बने. इसके लिए लगातार प्रयास जारी है। मौके पर पार्षद गोपाल प्रसाद, दुर्गेश साह, अनिल कुमार, सुनील कुमार, शशि शर्मा, राजेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कुमार, सुरेंद्र चौरसिया, नरेश कुमार, विजेंद्र कुमार, मनोज मास्टर, संवेदक धर्मेंद्र यादव आदि लोग भी उपस्थित थे। मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने कहा कि परिषद् क्षेत्र के सभी 40 वार्डों का विकास ही हमारा लक्ष्य है। विकास के कार्यों में किसी भी हाल में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

### बिक्रम में नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत बिक्रम में सोमवार को नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कुल 56 प्रतिशत मतदान ईवीएम से हुआ, जबकि ई-वोटिंग के माध्यम से 83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 14 वार्डों के लिए मतदान हुआ। इस बार मतदान की निगरानी के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। कुल 14 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग चली। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ई-वोटिंग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है, जिसका परिणाम है कि 83 फीसदी लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने बताया कि कुल 2606 मतदाताओं ने वोटिंग के लिए पंजीयन किया था जिसमें कुल 2150 वोट पड़े हैं। चुनाव के बाद ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम में सील कर सुरक्षित रखा जा है। मतगणना की तिथि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समयानुसार पालीगंज के खिड़ी मोड़ स्थित आईटीआई भवन में किया जाएगा। परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और मतदाताओं में उत्सुकता बनी हुई है।

### उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला समाहरणालय में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा द्वारा जिला कार्यक्रम क्रिनावयन समिति के उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम क्रिनावयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा एवं अजय कुमार देव भी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के साथ ही जिले के प्रशासनिक कार्यों की गति में सुधार की आशा जताई जा रही है। मंत्री नीतीश मिश्रा ने उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आज का यह उद्घाटन जिले के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह कार्यालय ना केवल प्रशासनिक कार्यों को आसान बनाएगा, बल्कि सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में भी सहायक सिद्ध होगा। यह कार्यालय सुनिश्चित करेगा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और हमारे विकास कार्य प्रभावी तरीके से आगे बढ़ सकें।

# पुनपुन पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बाजारों में पॉकेट से मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह इन दोनों सक्रिय हैं। ऐसे में पुनपुन पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह के दो चोरों को मोबाइल के साथ रंगे हाथ दबोचा है। दरअसल बताया जा रहा है कि बिते शुक्रवार की देर शाम को दो मोबाइल चोर चोरी के मोबाइल के बंटवारा को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। उसी दौरान रात्रि गश्ती की पुलिस ने संदीग्ध अवस्था में दोनों को पकड़ा और जांच पड़ताल की जहां जानकारी के बाद पता चला की चोरी की गई मोबाइल के बटवारा को लेकर दोनों झगड़ा कर रहे थे। इसी दौरान चोरी की मोबाइल को बरामद करते हुए दोनों चोर को गिरफ्तार करते हुए थाने लाई। गिरफ्तार चोरो में सौरभ कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता दिनेश राम सकीम पकरी पुनपुन थाना पुनपुन जिला पटना (2) अजीत कुमार उम्र 34 वर्ष पिता दिनानाथ ठाकुर सकीम शिव नगर पुनपुन, है। पूरी जानकारी लेने के बाद पता चला की शुक्रवार की शाम को एक व्यक्ति का पैकेट से मोबाइल चोरी कर ली गई थी, वह व्यक्ति गया जिले के रहने वाले सौरभ कुमार, पिता पवन शर्मा जो अरवल के करपी थाना क्षेत्र के वेलखेरी गांव निवासी है, जो किसी काम से पुनपुन आए हुए थे जिसे बाजार में मोबाइल चोरों ने पॉकेट मार कर चोरी कर ली थी। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि शाम की हुई चोरी को रात में ही बरामद कर ली गई थी। जिसकी सूचना मोबाइल धारक को दे दी गई है। इसके अलावा सभी गश्ती दल को बाजारों में घूम रहे हैं मोबाइल चोर गिरोह पर नजर रखने की निर्देशित किया है।

# अंतरजिला बाइक चोर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

## मसौढ़ी बाजार से अब तक कुल पांच बाइकों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बाइक चोरी की घटना से एक तरफ जहां आम आवाम दहशत थे, वहीं पुलिस भी इन बाइक चोरों से हलकान थी, ऐसे में अब उन लोगों के लिए राहत भरी खबर है कि दो सक्रिय बाइक चोर गैंग के दो सक्रिय सदस्य को मसौढ़ी पुलिस ने दबोच लिया है। दरअसल बताया जाता है की दो बाईक चोर मसौढ़ी बाजार में बाईक चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे, जिसे संदिग्ध अवस्था में दोनों युवकों को गिरफ्तार करके पूछताछ की गई तो पता चला कि यह जहानाबाद से मसौढ़ी आकर बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार युवको में विकास कुमार पिता वीरेंद्र पंडित मलहचक जहानाबाद और दूसरा गुड्डू कुमार पिता देव कुमार मलहचक जहानाबाद का रहने वाला है। यह दोनों बाइक चोर अक्सर मसौढ़ी बाजार में इधर-उधर घूम कर बाइक चोरी की घटना को अंजाम देता था। बताया जाता है कि अब तक कुल पांच बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। जिसमें पांच अपाची बाइक की चोरी किया है। पूछताछ के दौरान बाइक चोरों ने बताया इसे चोरी कर जहानाबाद ले जाते थे और वहां 8 से 10 हजार में एक बाइक को बेच देते थे, सबसे पहले बाइक चोरी करने के बाद उसकी फोटो बाइक सप्लायर को भेजते थे जहां पर उसका रेट तय होता था उसके बाद उसे बेच देते थे, थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि इसके पूरे नेटवर्क की जांच पड़ताल की जा रही है, चोरी हुई बाइक की बारामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है, बहुत जल्द कुछ बाइक की बरामदगी होगी। कई जगहों पर टीम गठित करते हुए छापेमारी की जा रही है।

# धनरूआ में निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी अभ्यर्थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड में होने वाले पंचायत उपचुनाव में चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया है। दरअसल पंचायत उपचुनाव को लेकर 9 जुलाई को मतदान होना था, जिसके तैयारियां जोरों पर चल रही है, ऐसे में नाम वापसी के दिन विभिन्न पंचायत में विभिन्न पदों पर कई अभ्यर्थियों ने अपना-अपना नामांकन वापस ले लिया है, जिसको लेकर सभी पदों पर होने वाले उपचुनाव की वोटिंग पर विराम लग गई है और सभी अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित कर दिए गए हैं। ऐसे में सोनमई पंचायत में सरपंच पद के लिए इंदु देवी ग्राम ओरियारा की निर्विरोध चुन ली गई है, वहीं गोविंदपुर बौरही पंचायत में वार्ड सदस्य पद के लिए अनीता सिन्हा निर्विरोध रूप से निर्वाचित कर ली गई है, इसके अलावा गोविंदपुर बौरही में वार्ड नंबर 14 में पंच पद के लिए नागेंद्र कुमार को चयन कर लिया गया है, वही कोसूत पंचायत में पंच पद के लिए वासो देवी अशरफगंज बरनी को निर्विरोध रूप से निर्वाचित कर लिया गया है। निर्वाचि पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि धनरूआ प्रखंड में सोनमई पंचायत में सरपंच पद, गोविंदपुर बौरही पंचायत में दो वार्ड सदस्य के लिए और कोसूत पंचायत में एक पंच पद के लिए उपचुनाव होने थे, लेकिन सभी जगहो पर निर्विरोध रूप से अभ्यर्थियों को निर्वाचित कर लिया गया है।

# भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** भारतीय किसान संघ, दक्षिण बिहार प्रांत के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षक परीक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को मध्य विद्यालय मसौढ़ा, पालीगंज में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने भारत माता की पूजा और दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडोत्तोलन से हुई, जिसे दक्षिण बिहार प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार ने संपन्न कराया। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की गई, जिसमें पटना, आरा, बक्सर, रोहतास, कैमूर, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल और नालंदा जिलों के किसान प्रतिनिधियों को विभिन्न सत्रों के



माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री हेमराज जी, प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह एवं संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन पटना जिला मंत्री श्याम किशोर शर्मा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश महामंत्री बाल किशोर पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिवंश प्रसाद सिंह, दक्षिण बिहार उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, महामंत्री अमरेश जी समेत सभी जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा।

## सीएम की घोषणाओं पर जीविका कैडरों ने जताया आभार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जीविका कैडरों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि समेत अन्य जनकल्याणकारी घोषणाओं पर 'नई दिशा नारी शक्ति जीविका' से जुड़े कैडरों ने जदयू कार्यालय पहुंचकर आभार जताया। उन्होंने जदयू महासचिव श्याम रजक का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री की अन्य घोषणाओं में कन्या विवाह भवन की स्थापना, पेंशन राशि ?400 से बढ़ाकर ?1100, ऋण ब्याज दर में कमी और 'दीदी की रसोई' जैसी योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रिय रंजन पटेल, रामप्रवेश सिंह, कमलेश सिंह, राजू रजक व कई जीविका कैडर उपस्थित रहे।

# डीएम ने दिया ससमय खाद्यान्न उठाव का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में खाद्यान्न का उठाव, खाद्यान्न का वितरण, ऑनलाइन राशन कार्ड पोर्टल से प्राप्त आवेदन का निष्पादन, राशन कार्ड निर्गत से संबंधित, ई-पॉस पोर्टल, प्रखंडवार राशन कार्ड/सदस्य का नाम विलोपन आधार सीडिंग,ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत लाभुक को गैस वितरण, किरासन तेल उठाव वितरण, सीपीग्राम से संबंधित, नई जन वितरण प्रणाली की दुकानों के





अनुज्ञापन से संबंधित, जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकानों की रिक्ति से संबंधित आदि बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के बचे हुए लाभुकों को डीलर के माध्यम से कराना सभी पणन पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे और सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों को निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तीनों अनुमंडल पदाधिकारी को गोदाम का औचक जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन राशन कार्ड एप्लीकेशन, अंबेडकर समग्र अभियान के माध्यम से आए हुए आवेदन को स-समय निष्पादन तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी पणन पदाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने खाद्यान्न का उठाव एवं खाद्यान्न का वितरण स-समय कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता को ससमय निर्धारित दर, मात्रा और गुणवत्ता के तहत अनाज देना सुनिश्चित करें। कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम कुमार कुंदन, प्रोजेक्ट इंजीनियर, डीलर संघ के अध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार व नगर परिषद के हॉल में शनिवार को बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अवर निर्वाचन पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बीएलओ को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार घर के भ्रमण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता के घर-घर भ्रमण के दौरान सभी वोटरों को दो -दो प्रति में मतदाता सूची के फोटोयुक्त आवेदन देंगे और दोबारा वोटरों से आवेदन प्राप्त करेंगे साथ ही रिसीविंग देने को भी कहा गया है। उन्होंने बीएलओ से वोटरों को इस नई प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ विभेष आनंद ने बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मतदाताओं से अनुरोध किया कि गणना प्रपत्र को आवश्यक स्व प्रमाणित दस्तावेजों के साथ संलग्न कर तथा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए, यथाशीघ्र संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं.उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त 2025 को किया जाएगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के क्रियान्वयन को लेकर प्रचार वाहन को किया गया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल क्रियान्वयन एवं आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु आज समाहरणालय परिसर से जन-जागरूकता प्रचार वाहन को उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहन जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर स्वच्छता मूल्यांकन से जुड़ी जन-जागरूकता फैलाएगा। साथ ही यह ग्रामीणों को यह जानकारी देगा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में उनकी भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण है। प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों जैसे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, स्वच्छ शौचालय उपयोग तथा सिटिजन फीडबैक के महत्व से अवगत कराया जाएगा। विशेष रूप से यह भी बताया जाएगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण एप के माध्यम से नागरिक अपनी राय दर्ज कर सकते हैं, जो मूल्यांकन का महत्वपूर्ण भाग है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्कोरिंग मानकों के तहत सिटिजन फीडबैक के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। इसीलिए आम जनमानस की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। प्रचार वाहन 18 दिनों में जिले के सभी पंचायतों एवं गांवों को कवर करेगा। इसके लिए प्रखंडवार तिथि पूर्व से निर्धारित कर दी गई है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पंचायतवार रूट मैप बनाकर प्रचार वाहन की प्रभावी कवरेज सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन प्रचार गतिविधि का जिओ लोकेशन युक्त फोटो संबंधित समूह में साझा करें। बताया गया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जहानाबाद जिले को स्वच्छता रैंकिंग में उच्च पायदान पर स्थापित किया जाए। इसके लिए जनभागीदारी को प्रमुख हथियार बनाते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन चौकस

## मोहर्रम को लेकर अनुमंडल स्तर पर समिति सदस्यों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी मोहर्रम के अवसर पर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने एवं विधि-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर व घोषी), टाउन थाना अध्यक्ष सहित प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के मुस्लिम समुदाय एवं ताजिया जुलूस समिति के सदस्यों के साथ आवश्यक बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले सभी ताजिया जुलूसों के आयोजक 02 जुलाई तक अपने-अपने संबंधित थाना से अनिवार्य रूप से विधिवत



लाइसेंस प्राप्त कर लें। बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के किसी भी प्रकार के जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसके अतिरिक्त, प्रत्येक ताजिया समिति से यह अपेक्षित किया गया है कि वे कम से कम 25 स्वयंसेवकों (वोलंटियर्स) का नाम, पता सहित सूची संबंधित थाना को उपलब्ध कराएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता व समन्वय में कोई बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि ताजिया जुलूस के दौरान डी. जे. के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, तथा यह प्रतिबंध पूरी तरह से लागू रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा समिति पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा जिले में विधि-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अपील की गई कि मोहर्रम को शांति, संयम एवं श्रद्धा के साथ मनाएं तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। यह पर्व शहादत एवं त्याग का प्रतीक है, जिसे मिलजुल कर शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### उप डाकघर में निकला कोबरा सांप, मची अफरा तफरी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय स्थित उप डाकघर में शनिवार को विषैले कोबरा सांप निकलने से घंटों अफरा तफरी मची रही। इधर कोबरा के निकलने से कुछ समय तक काम काज बाधित रहा। हालांकि काफी मशक्कत के बाद सांप को कार्यालय से बाहर निकाला गया। मौके पर उप डाकपाल सुनील कुमार सिंह,पोस्ट मैन अशोक यादव,पैकर साहेब मियां मौजूद थे।

### वारंटी धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने प्रतापपुर भंगहा से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि हरिकिशुन पासवान को गिरफ्तार किया गया है।

### आधार केंद्र पर पुलिस ने की छापामारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र पर आधार बनाने की शिकायत पर नगर थाने की पुलिस ने नगर के रैन बसेरा स्थित आधार सेंटर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने आधार केंद्र के कर्मी को हिरासत में लिया। जिसे पूछताछ के बाद पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रैन बसेरा स्थित आधार सेंटर पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ आधार कार्ड भी बनाया जा रहा है। मिली सूचना के आलोक में वहां छापेमारी की गई। जहां से आधार केंद्र के कर्मी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। थाना में लाने के बाद कर्मी से पूछताछ के बाद पीआर बॉन्ड पर उसे रिहा कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस इस मामले में जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। शीघ्र ही मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### करेंट लगने से युवक की मौत

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के धमौरा गांधी चौक पर शुक्रवार की देर शाम एक मिठाई दुकानदार की मौत बिजली के पोल में सटने से हो गई है। मृतक की पहचान साठी थाना क्षेत्र के धमौरा गांव के वार्ड नंबर 6 निवासी सिकंदर सहनी (40) के रूप में हुई है।

### बोलेरो और बाइक में भिड़ंत, बाइक चालक की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बनकटवा शिवमंदिर से करीब पचास मीटर पहले एन एच 727 पर बाईक और बोलेरो के आमने सामने के टक्कर मे बाईक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के पहाड़ी मझौवा निवासी स्व. सहीम मियां के पैतालीस वर्षीय पुत्र मुस्तफा मियां के रुप मे हुई है। सूचना पर पहुंची लौरिया थाना की गश्ती गाड़ी और 112 की गाडी पहुंची और शव को लौरिया अस्पताल लाई फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया।

### आगलगी में एक घर जला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के शिकारपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 डोमहा टोला में शनिवार को अहले सुबह आग लगने से एक फुसनुमा घर जल गया है। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंचीं अग्निशमन व ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जबतक आग पर काबू पाया जाता तबतक धनेश पासवान के घर में रखा कपड़ा, बर्तन, अनाज समेत सब कुछ जलकर खाक हो गया। वहीं आग से झुलसने के कारण चार बकरियों की मौत हो गई है। घटना की पुष्टि करते हुए स्थानीय मुखिया राहुल जायसवाल ने बताया कि घटना की सूचना पर पीड़ित परिवार का हाल जाना गया है। घटना की सूचना शिकारपुर थाना व अंचल प्रशासन को दिया जा रहा है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। राजस्व कर्मचारी को भेजकर जांच करायी जाएगी। पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से मिलने वाली सहायता प्रदान करायी जाएगी।

### 28 दुकानों का किराया निर्धारण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा योगापट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत नवलपुर बाजार में कुल 20, बेतिया नगर अन्तर्गत-04, बगहा-01 तथा नरकटियागंज-03 कुल-28 दुकानों का नए सिरे से विभागीय निदेशानुसार बाजार दर के अनुरूप किराया का निर्धारण कर दुकान आवंटन करते हुए एकरारनामा की कार्रवाई पूर्ण की गई है। उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सुमीत कुमार ने बताया कि बेतिया जिला परिषद द्वारा कुल 118 दुकानों का बाजार दर के अनुरूप किराया का निर्धारण कर दुकान आवंटन एवं एकरारनामा करने की कार्रवाई 2 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने शेष आवंटियों से अपील की है कि निर्धारित तिथि तक सुरक्षित जमा राशि एवं अग्रिम किराया जमा करें ताकि एकरारनामा की कार्रवाई पूर्ण की जा सके।

### बेतिया में भरी हैदराबाद के दंपति की गोद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बेतिया में आवासित बालिका शिखा कुमारी को दत्तक ग्रहण में हैदराबाद के दंपति प्रशांत गिल्डा और राधिका गिल्डा को अपर समाहर्ता कुमार रविंद्र द्वारा जारी दत्तक ग्रहण आदेश देकर विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बेतिया द्वारा कानूनी रूप से गोद दिया गया। बच्ची को पाकर दत्तक माता - पिता ने कहा कि उनके घर आई एक नन्ही सी परी जिससे उनका आंगन खुशियों से भर गया। उक्त दंपति ने नम आंखों से कहा उनके पास धन संपत्ति हर चीज थी लेकिन गोद सुनी थी जो आज भर गईइस अवसर पर सहायक निदेशक ब्रजभूषण कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी अजय पासवान, समन्वयक ब्रजेश कुमार पटेल, बाल गृह अधीक्षक राम चंद्र सहित अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।

### चनपटिया में नवविवाहिता की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया थाना क्षेत्र के गोधा गांव अंतर्गत वार्ड संख्या-3 में शनिवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। गोधा निवासी अनिल बैठा की पत्नी अमृता देवी की शादी वर्ष-2009 में हुई थी। घटना की सूचना गांव के लोगों ने अमृता के मायके वालों को दी। मायके वाले मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के गोधा गांव पहुंचने की भनक मिलते ही ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए। मृतका के भाई राजू बैठा ने बताया कि उसकी बहन अमृता की हत्या गला दबाकर ससुराल पक्ष के लोगों ने कर दी है। ससुराल पक्ष के लोग मेरी बहन के साथ हमेशा मारपीट करते थे। शुक्रवार की रात उनलोगों ने मारपीट के बाद गला दबाकर हत्या कर दी है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक ने बताया कि विवाहिता की शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच जांच की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। फिलहाल अमृता की गला पर रस्सी का निशान पाया गया है।

### डूबे बच्चों के आश्रितों को मिलेगा चार लाख का मुआवजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हड़बोड़ा नदी में डूबे बच्चों के आश्रितों को चार चार लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि शुक्रवार को हड़बोड़ा नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। बच्चों के आश्रितों को चार चार लाख रुपये की मुआवजा की राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से दी जाने वाली राशि को लेकर रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। उनके परिजनों को जल्द ही यह राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। बता दें नगर के गोपाला ब्रह्म स्थान के पीछे शुक्रवार की दोपहर के बाद हड़बोड़ा नदी में नहाने व रील बनाने के दौरान गहरे पानी मे चले जाने से चार बच्चों की डूबकर मौत हो गयी। मृतकों में नगर के वार्ड संख्या 2 निवासी फिरोज अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र रिजवान अंसारी एवं अनवर अंसारी का 13 वर्षीय पुत्र आसिफ अंसारी के साथ गौनाहा थाना के पहकौल जमुनिया गाव निवासी मुस्तफा आलम का पुत्र दिलशाद आलम व इरशाद आलम है। इरशाद और दिलशाद दोनों सगे भाई थे जो कि अपने रिश्तेदार के यहां आए थे।

### बिजली की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर का करें उपयोग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में अब बिजली से संबंधित किसी तरह की समस्या के लिए उपभोक्ता अपना शिकायत आसानी से दर्ज करवा सकते है। इसके लिए विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल द्वारा अलग अलग फीडरों का हेल्पलाइन नबर जारी किया गया है। जिसका उपयोग विद्युत उपभोक्ता बिजली से जुड़े समस्या के समाधान के लिए कर सकेंगे। ग्रामीण जेई पंकज कुमार यादव ने बताया कि हरदीटेढ़ा पॉवर सब स्टेशन का नया हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। यह सुविधा हरदीटेढ़ा, कुंडीलपुर, शिकारपुर, गोखुला, भसुरारी, बरवा बरौली एवं रखही चंपापुर पंचायतों के बिजली उपभोक्ताओं के लिए है। उपभोक्ता बिजली बंद रहने, तार टूटने, फ्यूज उड़ने, व कम वोल्टेज की समस्या के लिए फ्यूज कॉल सेंटर हरदीटेढ़ा के हेल्पलाइन नंबर 9031658438 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अंतरप्रांतीय लुटेरा गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक से रुपया की निकासी कर अपने घर लौट रहे वृद्ध को जबरन अगवा कर निकाली गयी राशि को लूट सुनसान स्थल पर छोड़ देने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अंतरप्रांतीय लुटेरा गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। हालाकि इस घटनाक्रम में शामिल एक सदस्य फरार होने में सफल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। गिरफ्तार अपराधी उतरप्रदेश के गैंगस्टर के रुप में भी चिन्हित है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत कसया थाना क्षेत्र के नटवलिया निवासी पंकज राव व कसया थाना क्षेत्र के ही अहिरौली निवासी सकलैन मुश्ताक को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त की गयी एक कार, लूटे गए 12,500 रुपये व दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों का आपराधिक इतिहास रहा है। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड में इन्होंने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। इन दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के बस्ती, महाराजगंज, देवरिया, खलीलाबाद, गोरखपुर, झारखंड के कोडरमा जिले में एक दर्जन से ज्यादा मामला दर्ज है। एसडीपीओ ने बताया कि 26 जून की दोपहर करीब 12 बजे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंशा टोला वार्ड 32 निवासी 74 वर्षीय मोहम्मद मुस्तफा एसबीआई शाखा उज्जैन टोला बैंक से 25 हजार रुपये निकाल कर ऑटो से अपने घर जा रहे थे। दवा लेने के लिए समाहरणालय चौक के पास उतरे। इसी दौरान सफेद रंग के बलेनो कार पर सवार पीछे से तीन बदमाश आए। मोहम्मद मुस्तफा को जबरदस्ती कार में बैठा कर मनुआपुल ले गए। रुपये छीन कर उन्हें कार से नीचे उतार फरार हो गए। जैसे ही इस घटना की सूचना पुलिस को मिली, पुलिस एक्टिव हो गई। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधियों को चिन्हित करने के लिए करीब दो दर्जन जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। अपराधियों को चिन्हित कर लेने के बाद उत्तर प्रदेश से उनकी गिरफ्तारी करना पुलिस के लिए एक चुनौती थी। इसी बीच तीनों अपराधी बसवरिया में पुनः लूट की घटना को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे थे। तब पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में एसडीपीओ के अलावा तकनीकी शाखा प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, नगर थाना के दारोगा विकास कुमार साह, मनीष बंसल, प्रदीप कुमार, रविंद्र कुमार, प्रशिक्षु दारोगा सोनू कुमार जायसवाल, तकनीकी शाखा के सिपाही कमलेश कुमार, रिषभ कुमार आदि शामिल रहे।

## भाकपा का 25 वां जिला सम्मेलन आरंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 25 वां जिला सम्मेलन नौतन बाजार के कामरेड महमद हारून नगर में झंडोत्तोलन एवं लेनिन का वरदान हमारा प्यारा लाल निशाना गीत के साथ शुरू हुआ, सम्मेलन के अवसर पर पार्टी के नेता सुरेन्द्र नाथ पाठक ने झंडोत्तोलन किया । जबकि ज्वाला कांत द्विवेदी एवं चन्द्रिका प्रसाद ने लेनिन का वरदान हमारा प्यारा लाल निशान गीत को धुन दिया। सम्मेलन के अवसर पर नौतन मठ परिसर में आम सभा हुई। जिसे पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य रामबाबू कुमार ने संबोधित करते हुए देश में नफरत की राजनीति करने वाली तथा आर एस एस के सिद्धांत पर शासन करने वाली केन्द्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कारपोरेट पक्षी सरकार की आलोचना की।

**निकाय उप चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न**

## 5160 में 2762 मतदाताओं ने किया मतदान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम के वार्ड नंबर 14 में आयोजित उप चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उप चुनाव में तीन अभ्यर्थी चुनाव मैदान में थे। 5160 मतदाताओं के वोट डालने के लिए शहर के दो मतदान भवनों में पांच मतदान केंद्र बनाये गये थे। जिसमें आदर्श विपिन मध्य विद्यालय एवं महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय में मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों के अलावे दंडाधिकारी के नेतृत्व मे पुलिस बल की तैनाती भी की गयी थी। मतदान समाप्ति के बाद मिले आंकड़े के अनुसार 5160 में 2762 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है । निवार्ची पदाधिकारी



सह उप विकास आयुक्त सुमीत कुमार ने बताया कि किसी भी मतदान केंद्र पर किसी भी प्रकार के अप्रिय घटनाक्रम की सूचना नही है। दोनो भवनों में स्थापित मतदान केंद्रो पर डाले गये वोटो को इवीएम में सील कर बाजार समिति में बनाये गये वज्रगृह में पहुंचा दिया गया । जहां दंडाधिकारी के देखरेख में वज्रगृह को सील करने की कार्रवाई की गयी। मतो की गिनती आगामी 30 जून को करायी जायेगी। नगर निकाय चुनाव में डाले गये मतो की गिनती 30 जून को करायी जायेगी।

# निर्वाचक सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव: डीएम

**विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु बीएलओ एवं निर्वाचन पर्यवेक्षकों को दो सत्रों में दिया गया प्रशिक्षण**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चंपारण जिले में मतदाता सूची की शुद्धता एवं समावेशिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

इस अभियान की तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी 2731 बूथ लेवल ऑफिसर्स एवं 288 निर्वाचन पर्यवेक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया। ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को आगामी



एसआईआर कार्यों के लिए विधिवत प्रशिक्षित करना एवं उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गृह-गृह सर्वेक्षण की प्रक्रिया, गणना प्रपत्र की भराई, प्रविष्टियों की पुष्टि विलोपन परिवर्तन नई प्रविष्टियों के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। विदित हो कि जिले में विगत 25 जून से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत हो चुकी है। इसके अंतर्गत बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्रों में जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। यह सत्यापन कार्य मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने, निर्वाचकों की अद्यतन जानकारी दर्ज करने, एवं नई उम्र प्राप्त पात्र नागरिकों को नामांकित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचक सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है। यह विशेष अभियान प्रत्येक योग्य मतदाता को सूची में सम्मिलित करने और अपात्र प्रविष्टियों को हटाने का सुनहरा अवसर है। सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक, एवं वालंटियर्स इस जिम्मेदारी को गम्भीरता से निभाएं ताकि पश्चिम चंपारण जिले की मतदाता सूची एक आदर्श सूची बन सके।

# मैरवा धाम में दबंगों का आतंक: रंगदारी नहीं देने पर ढहाया निमार्णाधीन मकान, मजदूरों की भी की पिटाई

**20 लाख की रंगदारी नहीं मिलने पर आधी रात को की गई गुंडागर्दी ● मकान मालिक ने तीन नामजद समेत 36 के खिलाफ थाने में दिया आवेदन ● घटना के बाद से इलाके में तनाव, पुलिस जांच में जुटी**

**नव विहार टाइम्स ब्यूरो**

**मैरवा (सिवान)।** मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवाधाम स्थित दरौली रोड पर रंगदारी नहीं देने की कीमत एक आम आदमी को अपने सपनों के घर से चुकानी पड़ी। भू-स्वामी राजेश कुमार सिंह जब अपने ही खातियानी जमीन पर मकान बनवा रहे थे, तो कुछ दबंगों ने 20 लाख की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर बुधवार देर रात दर्जनों की संख्या में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों ने न सिर्फ निमार्णाधीन मकान को गिरा दिया, बल्कि वहां काम कर रहे मजदूरों और मालिक की भी बेरहमी से पिटाई की। इस हमले में कई मजदूर घायल हो गए हैं।





**नामजद तीन, अज्ञात तीन दर्जन पर मुकदमा का आवेदन**

पीड़ित राजेश कुमार सिंह, निवासी उपाध्याय छापर (मैरवा), ने थाने में प्रमोद सिंह, पिंटू शर्मा और त्रिभुवन नारायण सिंह समेत लगभग तीन दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि जबसे मकान का निर्माण शुरू किया गया था, तभी से विपक्षी रंगदारी की मांग कर रहे थे।

**मकान गिराने से पहले की गाली-गलौज, फिर की पिटाई**

घटना के वक्त दर्जनों बदमाश करीब एक दर्जन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे थे। उन्होंने पहले गाली-गलौज की, फिर मजदूरों और भवन स्वामी पर हमला कर दिया। मजदूर किसी तरह जान बचाकर भागे, इसके बाद बदमाशों ने मकान की नींव में लगी सरिया को खंती से उखाड़ कर ढांचा पूरी तरह गिरा दिया।

**इलाके में तनाव, पुलिस ने शुरू की जांच**

घटना के बाद से दरौली रोड क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोग डरे हुए हैं और पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित का आवेदन मिला है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग भी की गई है।

**पीड़ित बोले - यह मेरी पुश्तैनी जमीन, दबंगों की नहीं होगी दबिश**

भवन स्वामी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह जमीन मेरे पूर्वजों की है, जिसका सभी कागजात मेरे पास हैं। कुछ बाहुबली प्रवृत्ति के लोग इसे जबरन हड़पना चाहते हैं। मैं प्रशासन से न्याय की मांग करता हूं और अपने हक की लड़ाई अंत तक लड़ूंगा।

## महागठबंधन के नेताओं ने दिया अनुमंडल कार्यालय पर धरना

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बढ़ती महंगाई एवं किसानों की समस्याओं को लेकर महागठबंधन के घटक दलों ने बगहा अनुमंडल के समक्ष धरना दिया। बगहा अनुमंडल मुख्यालय बगहा के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष विजय कुमार महतो एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष साकेत कुमार पाठक ने की। धरना प्रदर्शन के दौरान महागठबंधन के घटक तालों में केंद्र और सरकार को बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं किसानों की समस्याओं पर जमकर प्रहार किया। धारणा को संबोधित करते हुए जावेद अख्तर उर्फ मुन्ना खान साकेत पाठक, कमलेश दुबे आदि ने कहा कि मौजूदा सरकार में किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। खाद के दामों में बेतहाशा वृद्धि से खेती की लागत बढ़ी है लेकिन इस अनुपात किसानों के उत्पादन का एमएसपी नहीं तय किया जा रहा है।

## नौतन में लगातार फायरिंग से दहशत: खलवा से ठाकुर के रामपुर तक गूंज रही गोलियां, पुलिस के रवैये पर उठे सवाल

**नौतन (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र में लगातार हो रही गोलीबारी से आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-दहाड़े या रात के अंधेरे में घरों पर गोलियां बरसाकर निकल जा रहे हैं, और पुलिस अब तक इन घटनाओं को रोकने में विफल साबित हो रही है।

**खलवा गांव में दो घरों पर चली गोलियां, कार क्षतिग्रस्त**

10 जून को नौतन थाना क्षेत्र के खलवा गांव में दो अलग-अलग घरों पर फायरिंग की गई। पहली घटना जयप्रकाश सिंह के घर पर हुई, जहां अपराधियों ने गोलियां चला कर उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं उसी रात संगिता देवी, पति मोहन भगत के घर पर भी अपराधियों ने फायरिंग की। पुलिस ने दोनों घटनाओं में जयप्रकाश सिंह और संगिता देवी के लिखित बयान पर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। दोनों घरों से दर्जनों गोली के खोखे भी बरामद किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि यह आपसी वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है, जो अब आम नागरिकों के लिए खतरा बन चुकी है।

**23 जून को नूरजहां खातून के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग**

इसी कड़ी में 23 जून की शाम को ठाकुर के रामपुर गांव निवासी नूरजहां खातून, पति नसरूल्लाह के घर पर करीब दर्जनभर अपराधियों ने धावा बोल दिया और फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। नूरजहां खातून ने इस मामले में थाने में लिखित शिकायत दी है।

# अनुकंपा पर नौ आश्रितों को मिली जविप्र विक्रेता की नई अनुज्ञप्ति

**डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने वितरित की अनुज्ञप्तियाँ, पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने का दिया निर्देश**

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सिवान।** जिले के नौ आश्रितजनों को आज जनवितरण प्रणाली (ढ्ढ्र) विक्रेता की नई अनुज्ञप्ति अनुकंपा के आधार पर दी गई। यह वितरण जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश के हाथों समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय चयन समिति की संस्तुति पर इन आश्रितों को यह अनुज्ञप्तियाँ प्रदान की गई। इस अवसर पर डीएम ने अनुज्ञप्तिधारियों को पारदर्शिता और पूर्ण ईमानदारी के साथ जन सेवा करने की सख्त हिदायत दी।

**ये हैं अनुज्ञप्ति पाने वाले नौ लाभुकों के नाम**

जन वितरण प्रणाली विक्रेता की नई अनुज्ञप्ति प्राप्त करने वाले आश्रितजनों की सूची इस प्रकार हैः



1. सतीश कुमार -ग्रामः तिलसंडी, प्रखंडः बड़हरिया
2. अनिल कुमार - ग्रामः रानीपुर, प्रखंडः बड़हरिया
3. श्रीमती बिंदु देवी- ग्रामः बलेथा, प्रखंडः सिवान सदर
4. विजय कुमार यादव - ग्रामः ओरमा मुकुंद, प्रखंडः सिवान सदर
5. कौशल किशोर सिंह -ग्रामः मेरही, प्रखंडः हसनपुरा
6. अमन कुमार - ग्रामः भलुआ, प्रखंडः जीरादेई
7. श्रीमती राधा सिंह- ग्रामः फतेहपुर, प्रखंडः सिवान सदर
8. प्रियांशु कुमार-ग्रामः शामपुर, प्रखंडः बसंतपुर
9. श्रीमती रेखा देवी - ग्रामः पुरानी बाजार, नगर पंचायतः महाराजगंज

**ईमानदारी से करें जनसेवा, डीएम की दो-टूक**

डीएम डॉ. आदित्य प्रकाश ने अनुज्ञप्ति वितरण के बाद सभी लाभुकों को निर्देश दिया कि वे जनवितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण कार्य को नियमों के अनुसार, ईमानदारी और पारदर्शिता से संपन्न करें। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनसम्पर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि यह वितरण प्रक्रिया पूरी तरह से नियमसंगत और चयन समिति की अनुशंसा के अनुरूप की गई। जनवितरण प्रणाली के तहत गरीबों को सस्ते दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, और इस दिशा में पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# उप चुनावः नगर पंचायत एकमा बाजार में कड़ी सुरक्षा के बीच स्वच्छ व शांतिपूर्ण वातावरण में 25.08% हुआ मतदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**उप-मुख्य पार्षद के पांच प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम व ई-वोटिंग में हुई कैद**

**छपरा/एकमा (सारण)।** शनिवार को उपमुख्य पार्षद चुनने के लिए नगर पंचायत एकमा बाजार के 19 वार्डों के 39 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच स्वच्छ व शांतिपूर्ण वातावरण में उपचुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान मतदाताओं ने अपने पसंद के एक उप मुख्य पार्षद चुनने के लिए ईवीएम की बटन दबाकर व ई वोटिंग से लगभग 25.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निवार्ची पदाधिकारी सह सदर एसडीएम नितेश कुमार व एआरओ सह बीडीओ एकमा डॉ अरुण कुमार ने बताया कि ईवीएम के माध्यम से नगर पंचायत के 39 बूथों पर शाम 5:00 बजे तक 19.37% मतदान हुआ। जिसमें 3089 पुरुष एवं 2656 महिला मतदाताओं सहित कुल 5745 मतदाताओं ने अपने मताधिकार





का प्रयोग किया। वहीं पहली बार ई वोटिंग प्रक्रिया के तहत मतदाताओं ने अपना नया अनुभव किया। इस दौरान शाम 6:00 बजे तक 1952 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निवार्ची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत एकमा बाजार के 19 वार्डों के कुल 3933 मतदाताओं ने ई वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। जिनमें से शाम 5:00 बजे तक 1840 व शाम 6:00 बजे 1952 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि शाम 6.00 बजे तक भी मतदान समय समाप्त होने के बाद तक ई वोटिंग से मतदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले नरहनी गांव के संजीत कुमार सहित कुछ अन्य लोगों को तकनीकी समस्या के चलते मतदान करने से वंचित रहना पड़ा। देर शाम तक जिला मुख्यालय स्थित जिला स्कूल मे बनाए गए बज्र गृह में ईवीएम को जमा कराया गया। इसके साथ ही उप मुख्य पार्षद के 5 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। वहीं अब जीत-हार की चचाओं के बीच आगामी 30 जून को होने वाली मतगणना की नतीजों पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

**ईवीएम से 19.37 प्रतिशत हुआ मतदान**

शनिवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के कुल 39 बूथों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से 19.37 % मतदान संपन्न हुआ। इसकी जानकारी देते हुए निवार्ची पदाधिकारी सह सदर एसडीएम नितेश कुमार व सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ अरुण, सीओ राहुल शंकर आदि ने बताया कि विभिन्न बूथों व ई वोटिंग से लगभग 25.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि मतदान सकुशल संपन्न होने के बाद शाम तक शुद्ध मतदान प्रतिशत का डाटा निकालने हेतु कंट्रोल रूम में विभिन्न मतदान केंद्रों से डाटा संकलन करने का सिलसिला जारी रहा। लगभग सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ नगण्य रही। जबकि दिन चढ़ने के साथ ही बूथों पर सन्नाटा पसरने लगा। वार्ड संख्या 12 के एकमा व्यापार मंडल बूथ संख्या 12/1 और 12/2 पर मतदाताओं की दिन भर नहीं देखने को मिली।

**हंसराजपुर में आकर्षण का केंद्र रहे पिंक व मॉडल बूथ**

एकमा नगर पंचायत एकमा बाजार में मतदान के दौरान बनाए गए महिला व आदर्श बूथ आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में स्थित मध्य विद्यालय हंसराजपुर के बूथ संख्या 11/2 को पिंक बूथ और मतदान केंद्र संख्या 11/1 को मॉडल बूथ बनाया गया था। पिंक बूथ पर पीठासीन अधिकारी सहित सभी महिला मतदान कर्मियों की तैनाती रही। यहां के हंसराजपुर मध्य विद्यालय में स्थित दो बूथों को विशेष रूप से गुब्बारे व पंडाल लगाकर मतदाताओं हेतु आकर्षक कुर्सियां लगाकर सजाया संवारा गया था। जहां मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। यहां मतदाता मोबाइल फोन में सेल्फी लेते नजर आए।

# घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे बीएलओ : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। यह बात जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। श्री शास्त्री ने बताया कि बिहार में पिछला गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। वर्तमान में तेजी से हो रहे शहरीकरण, लगातार होने वाले प्रवासन, नए युवाओं का 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता बनने की पात्रता प्राप्त करना, मृत्यु की जानकारी का समय पर न मिलना तथा अवैध विदेशी नागरिकों के नाम सूची में दर्ज हो जाने जैसी स्थितियों के कारण यह गहन पुनरीक्षण आवश्यक हो गया है ताकि त्रुटिरहित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सके। इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम 25 जून से शुरू हो गया है और 30 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ प्रत्येक घर जाकर पहले से भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म दो प्रतियों में वितरित करेंगे और उन्हें भरने में मतदाताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बीएलओ कम से कम तीन बार जाकर फॉर्म संग्रह करने का प्रयास करेंगे। इच्छुक मतदाता प्रीफिल्ड एन्यूमरेशन फॉर्म को ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं तथा भरा हुआ फॉर्म और दस्तावेज भी ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। हर मतदाता को यह फॉर्म आवश्यक जानकारी व स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ भरकर बीएलओ को देना होगा। बीएलओ द्वारा फॉर्म जमा करने के बाद एक प्रति अपने पास रखी जाएगी और दूसरी प्रति पर स्वीकृति की रसीद देकर वह मतदाता को लौटा दी जाएगी। यदि कोई मतदाता समय पर एन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं कर पता है तो वह दावा आपत्ति अवधि के दौरान फॉर्म 6 और घोषणा पत्र के साथ नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकता है। यदि ईआरओ/एईआरओ ने जांच कर यह पाया कि प्रारूप सूची में शामिल कोई नाम मतदाता बनने के योग्य नहीं है तो वह नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, डीपीआरओ रत्ना प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।



# प्रेमी संग मिल करायी पति की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इंदौर की सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी संग मिल अपने पति राजा रघुवंशी की कराई गई हत्या इन दिनों पूरे देश में चर्चा में है। औरंगाबाद में भी इस घटना की पुनरावृति हुई है। जिले में पूजा ने प्रेमी कमलेश के साथ मिलकर जिस निर्दयता और बेरहमी से अपने पति बिक्कू की हत्या की, उसे जानकर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। दाउदनगर के लाला अमौना गांव की रहने वाली पूजा दवा लाने के नाम पर अपने पति बिक्कू को धोखे से गयाजी ले गई। इसके बाद उसने अपने प्रेमी रफीगंज के करमा मसूद गांव निवासी कमलेश यादव के साथ मिलकर इस जघन्य घटना को तब अंजाम दिया जब वह पति के साथ लौट रही थी। रास्ते में उसने उसी स्कार्पियो से रौंदकर ड्राइवर बने प्रेमी से हत्या करवा दी। वाहन से कुचल कर हत्या करने का उसके प्रेमी ने बेहद सटीक बहाना बनाया। प्रेमी ने सुनसान जगह पर गाड़ी खड़ा कर बिक्कू को कहा कि लगता है गाड़ी के पिछले टायर में चोर लीक है, हवा कम लग रहा है, जरा नीचे उतर गाड़ी के अंदर झांक कर देखिए। चूंकि गाड़ी पहले से ही स्टार्ट थी। लिहाजा बिक्कू ने जैसे ही गाड़ी के नीचे टायर के पास अपना सिर घुसेड़ा, वैसे ही उसने गाड़ी को आगे बढ़ा दिया जिससे बिक्कू जख्मी होकर सड़क पर छटपटाने लगा। इसके बाद प्रेमी ने गाड़ी को आगे-पीछे कर बिक्कू को तबतक कुचला जबतक कि उसकी मौके पर ही मौत नही हो गई। निर्दयता की हद यह कि पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिए जाने के दौरान पूजा स्कार्पियो वाहन में बैठी रह पति की मौत का तमाशा देखती रही। घटना को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद दोनों वापस चले आए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब बंदेया थाना की पुलिस को झिकटिया मोड़ के पास बिक्कू का शव मिला था। मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने जब इसकी जांच शुरू की तब पता चला कि बिक्कू की हत्या मामले में उसकी पत्नी का ही हाथ है। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तब पूजा ने सब कुछ स्वीकार कर लिया। मामले में फिलहाल पूजा का प्रेमी कमलेश यादव अभी फरार है। पुलिस ने जल्द ही उसके प्रेमी को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाने का दावा किया है। दिनदहाड़े पूजा के घर आता था कमलेश-बिक्कू के परिवार वालों के मुताबिक पूजा का प्रेमी कमलेश आए दिन उनके घर पर आता था। वह पूजा के चार बच्चों को पिस्टल की नोंक पर एक कमरे में बंद कर देता था और चुपचाप रहने की धमकी दे वह पूजा के साथ अलग कमरे में चला जाता था, जहां दोनों घंटों बिताया करते थे। मारे भय के बच्चों ने इस बारे में कभी किसी को कुछ भी नहीं बताया। उन्हें क्या पता था कि उनके चुप रहने का नतीजा इतना भयावह होगा। बिक्कू की विधवा लाचार मां ने कहा कि उसकी बहु पूजा और उसके आशिक कमलेश को फांसी की सजा दी जाए ताकि कोई भी बहन-बेटी ऐसा करने से पहले सौ बार सोचे।

## हत्या का प्रयास मामले में आरोपित शिक्षक गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हत्या के प्रयास मामले में फरार शिक्षक को नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के पीपरडीह गांव निवासी विजय कुमार सिंह उर्फ विजय गोप के रूप में की गई है। दरअसल, आरोपी के खिलाफ तीन माह पहले प्राथमिक दर्ज करवाई गई थी जिसमें बताया गया कि आरोपित ने मामूली विवाद में अपने चाचा और चचेरे भाई की पत्नी पर जानलेवा हमला किया। इस घटना में चाचा का सिर वहीं चचेरे भाई की पत्नी का हाथ टूट गया था और अंदरूनी चोटे आई थी। इस घटना में तब से यह फरार चल रहा था जिसमें आज पुलिस ने मदनपुर थाना क्षेत्र के आजम से गिरफ्तार किया हैं। बताया जाता है कि आरोपी मदनपुर थाना क्षेत्र के मनिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पदस्थापित हैं। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या प्रयास के आरोप में विजय कुमार सिंह उर्फ विजय गोप को गिरफ्तार किया गया हैं। संदर्भ में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर करें काम : सुशील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पार्टी ने बीस सूत्री कमिटी में जगह देकर सभी सक्रिय व तटस्थ कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है। यह पद सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेवारी वाली भी है। इस जिम्मेवारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना आप लोगों का धर्म है। आपको पार्टी और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने का एक अवसर मिला है। आप इस मौके का कितना फायदा उठाते हैं यह आप पर निर्भर करता है। यह बातें पूर्व सांसद सुशील सिंह ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में बीस सूत्री कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कही। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंशा के अनुरूप जनहित में काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही है, उनमें अधिकारियों की कमी के कारण कोई विकास की गतिविधि लंबित हो या किसी कारणवश लाभुक को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हो, वैसी परिस्थिति में सही तरीके और ठोस प्रमाण के साथ पदाधिकारियों के समक्ष मामले को रखना है। अगर पदाधिकारी मामले पर संज्ञान नहीं लेते हैं तो जिला बीस सूत्री कमिटी से शिकायत करें ताकि सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का अक्षरशः पालन हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीएम आवास योजना का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के किसी भी पदाधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर पूर्व सांसद ने रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कुछ पदाधिकारी बैठक में आना मुनासिब नहीं समझते, उन्हें लगता है कि कमिटी का कोई महत्व नहीं है। ऐसे सोच रखने वाले अधिकारी अपनी सोच बदल लें। कमिटी की अनदेखी गलत है। सरकार या पार्टी का कार्यकर्ता यह नहीं चाहता कि कोई अनावश्यक रूप से परेशान हो। जनप्रतिनिधि और अधिकारी एक दूसरे को महत्व दें, न कि एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करें। उन्होंने सतबहिनी मंदिर के समीप आर्द्रा मेला में प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैंने औरंगाबाद से आने के क्रम में स्थानीय प्रशासन को जाम से निपटने और दुर्घटना को लेकर सतर्क नहीं देखा। यह नेशनल हाईवे है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति की जानी चाहिए। इस मामले में उन्होंने अधिकारियों से बात करने की बात कही।



## वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान योगेंद्र यादव के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि दीपक अपने पिता योगेंद्र यादव के साथ बधार में मोटर पंप के सहारे धान के बिचड़े की पटवन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज बारिश होने लगी। दीपक ने अपने पिता को घर जाने के लिए कहा लेकिन उसके पिता घर नहीं गए और वहीं खड़े रहे। इसी क्रम में अचानक वज्रपात की घटना में दीपक की मौत हो गई जबकि पिता बाल-बाल बच गए। पिता ने बेटे को मूर्छित देख शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और आनन-फानन में दीपक को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर अन्य परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे और दीपक को मृत पड़ा देख शव से लिपटकर चीत्कार उठे। पत्नी रूपा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि दीपक घर का इकलौता चिराग था। अस्पताल कर्मियों ने घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को कब्जें में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम करा सौंप दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269








**THE INDIAN NAVY 10+2 (B.TECH) CADET ENTRY SCHEME**

**PERMANENT COMMISSION COURSE COMMENCING - JAN 2026**

Applications are invited from unmarried men and women candidates (fulfilling the conditions of nationality as laid down by the Govt. of India) for becoming Permanent Commissioned Officers in Executive and Technical branches under 10+2 B Tech Cadet Entry Scheme after undergoing four year B Tech course at the prestigious Indian Naval Academy, Ezhimala.

**DATE OF OPENING - 30 JUN 2025 • LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION - 14 JUL 2025**

**Vacancies & Age** - The age eligibility & vacancies for the course are as under:-

| Branch | Vacancies | Gender | Age |
|---|---|---|---|
| Executive & Technical | 44 | {Men and Women (maximum of 06 vacancies for women)} | {Born Between 02 Jul 2006 and 01 Jan 2009 (both dates inclusive)} |

*Branch allocation viz Executive & Technical (Engineering & Electrical) will be undertaken at INA

**Education Qualification** - Passed Senior Secondary Examination (10+2 Pattern) or its equivalent examination from any recognised Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or Class XII).

**For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in and EMPLOYMENT NEWS DATED 21 JUN 2025**







